भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा बोले- घुसपैठियों का मुद्दा उठाने पर धमका रहा विपक्षी - 12

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- जीएसटी सुधारों से महंगाई बढ़ने का जोखिम नहीं - 12

एक्स ने सामने रखा सच तो बौखलाए नवारो भारत को फिर बनाया निशाना - 13

पूरे साल फिटनेस बनाए रखने के लिए ब्रेक लेना जरूरी : शारदुल- 14

आज का मौसम
32.0^0 अधिकतम तापमान
27.0^0 न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.51 सूर्यास्त 06.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

अश्विन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 09:12 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

सोमवार, 8 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 27, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये

मथुरा में बाढ़ से हालात बदतर

मथुरा जिले के वृंदावन में उफनती यमुना नदी के पानी से घिरे क्षेत्र का हवाई दृश्य।

उफान पर नदियां, कई शहर प्रभावित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर, अलीगढ़ हाथरस, मथुरा, प्रयागराज, वाराणसी व अन्य कई जिलों में पानी आबादी में घुसा
- प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटा, तटवर्ती हजारों गांवों के संपर्क मार्ग पानी में डूबे

अमत विचार: उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना व अन्य नदियों का बढ़ा जलस्तर आमजन के लिए मुसीबत बन गया है। बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर, मथुरा-वृंदावन, अलीगढ़, हाथरस, प्रयागराज, वाराणसी, फर्रुखाबाद, उन्नाव, कन्नौज, फतेहपुर व अन्य कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी आबादी में घुस चुका है।

कई शहरों में पानी प्रवेश कर जाने के कारण प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने को प्रयासरत है। यहां तक कि तटवर्ती हजारों गांवों के संपर्क मार्ग बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं। मथुरा के 26 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। वृंदावन में आधा परिक्रमा मार्ग भी पानी में डूबा है। इस बीच यूपी में लगातार बारिश से भी कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। बाढ़-बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा कई शहरों में आम जनजीवन अस्त व्यस्त है। सड़कों के बाद अब बाढ़ का पानी घरों में घुसने लगा है। मथुरा-वृंदावन में यमुना का जलस्तर बढ़ने से गांवों के अलावा शहरों में भी हालात खराब हैं। प्रयागराज, वाराणसी में भी गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है वहीं, फर्रुखाबाद में गंगा और रामगंगा उफान पर हैं। इससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित होने लगी है। शाहजहांपुर में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पानी के बहाव को देखते हुए टीमों को सतर्क कर दिया गया है। इस बीच प्रदेश में मौसम में बहुत बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं। आगरा में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ने से तटीय इलाकों में बसे लोगों को घर खाली करना पड़ रहा है। प्रशासन ने पांचवीं बार गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ने की बात कही है। रिकार्ड के अनुसार नैनी में यमुना का जलस्तर 82.99 मीटर, फाफामऊ में गंगा 82.96 मीटर, छतनाग 82.39 मीटर और बक्सी पंपिंग स्टेशन पर 83.04 मीटर दर्ज किया गया है। बीते 24 घंटे में दोनों नदियों में 88 से 96 सेंटीमीटर तक की वृद्धि हुई है।

ब्रीफ न्यूज

कटरा-श्रीनगर वंदे भारत में शाकाहारी व्यंजन शुरू

जम्मू। जम्मू-कश्मीर की समृद्ध पाक कला को बढ़ावा देने के लिए रेलवे ने आईआरसीटीसी के साथ मिलकर रविवार से कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में स्थानीय शाकाहारी व्यंजन परोसना शुरू कर दिया है। मेन्यू (व्यंजन सूची) में प्रसिद्ध कश्मीरी 'कहवा', ताजा बेकरी आइटम, कश्मीरी पुलाव, राजमा एवं बाबरू/अंबल (खट्टा कद्दू) जैसे व्यंजन और ताजे सेब शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि भारतीय रेलवे और आईआरसीटीसी, वंदे भारत ट्रेन में नाश्ते और दोपहर के भोजन के दौरान यात्रियों के लिए पारंपरिक स्थानीय व्यंजन तैयार करेंगे और परोसेंगे।

मुठभेड़ में वांछित माओवादी मारा गया

चाईबासा (झारखंड)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक वांछित माओवादी मारा गया। नक्सली पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह मुठभेड़ रविवार सुबह गोईलकेरा पुलिस थानाक्षेत्र अंतर्गत रेला पराल क्षेत्र के पंचलताबुरू पहाड़ियों के जंगलों में शुरू हुई। कोल्हान के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अनुरंजन किस्पोट्टा ने कहा, सुबह नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच एक मुठभेड़ हुई। बाद में तलाशी अभियान के दौरान एक शव बरामद किया गया। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) एवं झारखंड पुलिस के प्रवक्ता माइकल राज एस ने मारे गए नक्सली की पहचान अमित हंसदा उर्फ अप्टन के रूप में हुई है।

फिल्मकार शशिधरन हिरासत में लिए गए

कोच्चि। मलयालम फिल्मकार सनल कुमार शशिधरन को रविवार को मुंबई हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया गया। यह कार्रवाई केरल पुलिस द्वारा एक अभिनेत्री की उत्पीड़न शिकायत से संबंधित मामले में जारी 'लुकआउट' नोटिस के आधार पर की गई। शशिधरन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि वह मुंबई हवाई अड्डा पहुंच गए हैं, लेकिन उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इस घटना की पुष्टि करते हुए, एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोच्चि सिटी पुलिस मुंबई हवाई अड्डे के अधिकारियों के संपर्क में है।

बेईमान नहीं मिला सकता आंख : योगी

सीएम ने कहा, जब नीतियां स्वार्थ और वोटबैंक के लिए बनती हैं तो दुर्गति तय

- योगी ने पिछली सरकारों पर बोला हमला 1510 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो व्यक्ति बेईमानी करता है, वह आंख मिलाकर बात नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले की सरकारों ने उत्तर प्रदेश को भ्रष्टाचार, माफियाराज और बदहाली की ओर धकेल दिया था, लेकिन अब प्रदेश में नौकरियों की बौछार है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को लोकभवन में उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित कार्यक्रम में बोल रहे थे। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले सरकार में बैठे लोगों द्वारा शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की, इतना पैसा ले लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। क्योंकि जब व्यक्ति बेईमानी और भ्रष्टाचार का सहारा लेता है तो उसका नैतिक पतन हो जाता है। कहा कि हमारी सरकार ने यूपी के नौजवानों के लिए साफ-सुथरा मंच दिया। चयनित अनुदेशकों को सिफारिश की नौबत नहीं आई होगी। जिसने तैयारी की, उसका चयन हुआ। जिसने नहीं की होगी, तैयारी करेगा, उसका आने वाले समय में होगा।

सीएम ने कहा कि यूपी कभी भारत की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, लेकिन 1960 के बाद राजनीतिक स्वार्थों और वोटबैंक की राजनीति ने राज्य को पिछड़ा बना दिया। उन्होंने कहा कि जब नीतियां परिवार या जाति हित में बनती हैं, तो दुर्गति निश्चित होती है। उन्होंने पीईटी परीक्षा में बैठे 25 लाख युवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार उन्हें स्किल से जोड़कर रोजगार देगी। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की वोकल फॉर लोकल अपील को दोहराते हुए कहा कि जब गांव और नगर निकाय आत्मनिर्भर होंगे तो देश भी आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि यूपी 2047 से पहले विकसित राज्यों में शामिल होगा। सीएम ने व्यावसायिक शिक्षा विभाग से कहा कि हर आईटीआई में करियर काउंसिलिंग सेल खोले जाएं और उद्योगों की जरूरत के मुताबिक ट्रेड तैयार किए जाएं। उन्होंने ग्लोबल मांग के अनुसार स्किलिंग पर जोर देते हुए कहा कि हर छात्र ऐसा हो कि उसकी स्किल पर ग्लोबल मार्केट भी सवाल न उठा सके।

लखनऊ के लोकभवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।

अब उत्तर प्रदेश में नौकरियों की बौछार

सीएम ने कहा कि अब प्रदेश में हर महीने किसी न किसी बोर्ड या आयोग के माध्यम से नियुक्तियां हो रही हैं। आठ वर्षों में 8 .5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और 60 लाख से ज्यादा को रोजगार मिला है। यूपी स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत प्रशिक्षित 14 लाख युवाओं को भी बेहतर अवसर मिले हैं।

दंगामुक्त त्योहार सुरक्षित यूपी

सीएम ने कहा कि 8 वर्ष पहले त्योहारों पर उत्साह की बजाय लोगों के मन में भय होता था। आज पूर्णिमा है। रात्रि में चंद्रग्रहण लगेगा। अभी गणपति महोत्सव, बारावफात आया, लेकिन कहीं दंगा-गुंडागर्दी नहीं हुई। अयोध्या, काशी, प्रयागराज, गढ़मुक्तेश्वर में लाखों लोग स्नान कर रहे हैं। हर कोई श्रद्धा के अनुरूप जा रहा है। हर किसी को त्योहार मनाने की स्वतंत्रता है। सरकार सुविधा उपलब्ध करा रही है।

जीएसटी सुधार के लिए मोदी का अभिनंदन, पिछली पंक्ति में बैठे नजर आए प्रधानमंत्री

भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला में पिछली पंक्ति में बैठे प्रधानमंत्री मोदी।

- भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला में शाह और नड्डा के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद शामिल
- उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी और विकसित भारत समेत कई मुद्दों पर चर्चा शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला में रविवार को ऐतिहासिक जीएसटी सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन और आभार व्यक्त किया गया। कार्यशाला में मोदी आम कार्यकर्ता की तरह आखिरी पंक्ति में सहज भाव से बैठे दिखाई दिए।

कार्यशाला रविवार सुबह 11 बजे से संसद के जीएमसी बालयोगी सभागार में शुरू हुई। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद शामिल हुए। इस कार्यशाला में उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी और विकसित भारत समेत कई मुद्दों पर चर्चा होनी है। कार्यशाला में प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से जीएसटी सुधारों की घोषणा को साकार करने पर भाजपा सांसदों ने प्रस्ताव पारित करके उनका अभिनंदन और आभार व्यक्त किया गया। भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन सांसदों के लिए महत्वपूर्ण चार सत्र आयोजित होंगे। पहला सत्र आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी भारत, ईज ऑफ डूइंग और युवा शक्ति एवं रोजगार पर और दूसरा सत्र सांसदों की ओर से सोशल मीडिया के प्रभावी प्रयोग पर रहा। तीसरा सत्र सांसदों की स्थायी समिति के समूहों से संबंधित होगा, जो अलग-अलग मंत्रालयों की संसदीय समितियों से जुड़ाव रखता होगा। गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने मोदी की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, यही भाजपा की ताकत है कि यहां सभी कार्यकर्ता हैं।

एशिया कप हॉकी : भारत ने दक्षिण कोरिया को हराकर जीता खिताब

राजगीर, एजेंसी

- विश्वकप के लिए भी किया क्वालीफाई

दिलप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को फाइनल में 4-1 से हराकर चौथी बार एशिया कप खिताब जीता और अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

भारत के लिए सुखजीत सिंह ने पहले ही मिनट में गोल दागा, जबकि दिलप्रीत ने 28वें और 45वें मिनट में गोल किए। अमित रोहिदास ने 50वें मिनट में चौथा गोल दागा। वहीं, पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया के लिए एकमात्र गोल 51वें मिनट में डेन सोन ने किया। भारत ने टूर्नामेंट में पांच जीत दर्ज की और एक ड्रॉ खेला। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम ने तीनों पूल मैच जीते। सुपर 4 चरण में मलेशिया को 4-1 और चीन को 7-0 से हराया, जबकि कोरिया से मैच 2-2 से ड्रॉ रहा था। भारत ने इससे पहले 2003, 2007 और 2017 में एशिया कप जीता था। कोरिया ने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में खिताब जीता है। अगला विश्व कप 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है ।

एसआईआर मामला: याचिकाओं पर आज होगी सुप्रीम सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के खिलाफ राजनीतिक दलों सहित कई अन्य द्वारा दाखिल याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। निर्वाचन आयोग ने 24 जून को राज्य की मतदाता सूचियों का गहन विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ निर्वाचन आयोग की टिप्पणी पर राजद, एआईएमआईएम और अन्य याचिकाकर्ताओं के जवाब पर विचार करेगी। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मसौदा मतदाता सूची में शामिल 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.5% ने एसआईआर प्रक्रिया में अपनी पात्रता के दस्तावेज दाखिल कर दिए हैं।

जापान के प्रधानमंत्री इशिबा देंगे इस्तीफा

तोक्यो, एजेंसी

- संसदीय चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेने के मद्देनजर उठाया यह कदम

जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को पद छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेने के लिए उनकी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के मद्देनजर यह कदम उठाया है।

पिछले साल अक्टूबर में पदभार ग्रहण करने वाले इशिबा ने अपनी ही पार्टी के भीतर अधिकतर दक्षिणपंथी विरोधियों की मांगों की एक महीने से अधिक समय तक अनदेखी की थी। इशिबा का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब उनकी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी नेतृत्व चुनाव कराने को लेकर निर्णय करने वाली है। यह उनके खिलाफ एक प्रकार का अविश्वास प्रस्ताव होगा। इशिबा ने कहा वह उत्तराधिकारी के लिए पार्टी नेतृत्व के मतदान की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

थाईलैंड के नए पीएम बने चार्नविराकुल

बैंकॉक। थाईलैंड में वरिष्ठ नेता अनुतिन चार्नविराकुल रविवार को शाही अनुमोदन प्राप्त करने के बाद देश के प्रधानमंत्री बन गए। अदालत के आदेश पर उनके पूर्ववर्ती को पद से हटाए जाने के बाद दो दिन पहले संसद द्वारा उन्हें इस पद के लिए चुना गया। अनुतिन (58) ने पैतोंगटार्न शिनावात्रा का स्थान लिया है, जिन्हें पिछले सप्ताह कोर्ट के आदेश पर पीएम पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

सबालेंका बनीं यूएस ओपन चैंपियन

- अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 (3) से मात दी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने लगातार दूसरी बार यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीत लिया है। फाइनल में उन्होंने अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 (3) से मात दी।

इस तरह से उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी। सबालेंका ने मैच के बाद कहा मेरे मन में शक घर कर गया था, लेकिन इसके बाद मैं पलटी और मैंने गहरी सांस ली। मैंने खुद से कहा कि चलो ठीक है ऐसा होता है। यह बीती बात है और अब अगले अंक पर ध्यान दो। सबालेंका पिछले 11 वर्षों में पहली महिला खिलाड़ी बन गई है जिन्होंने यूएस ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले यह कारनामा सेरेना विलियम्स ने किया था। वह 2012 से लेकर 2014 तक तीन बार चैंपियन बनी थी। अमांडा को लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वह जुलाई में विंबलडन के फाइनल में इगा से हार गई थी।

तैयारी | राजस्व परिषद ने भेदभाव को खत्म करने के लिए धारा 108(2) से अविवाहित शब्द हटाने का दिया सुझाव

एक शब्द का संशोधन कर संपत्ति अधिकार का भेदभाव होगा खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन स्तर पर परीक्षण के बाद यह प्रस्ताव कैबिनेट के समक्ष लाया जाएगा

अमृत विचार: घर में बेटी जन्म लेती है तो कहा जाता है कि लक्ष्मी आई है, लेकिन जीवन के एक पड़ाव पर जब बेटियों को उनके अधिकार देने की बात आती है तो हमारे समाज/परिवेश का दूसरा चेहरा सामने आता है। खासकर पैतृक संपत्ति में बेटियों के साथ भेदभाव और उस दौरान कानूनी झंझावत आम है।

इसी के मद्देनजर अब बेटियों को लेकर एक शब्द का संशोधन कर संपत्ति अधिकार का भेदभाव यूपी में खत्म करने की तैयारी है। राजस्व परिषद ने इस भेदभाव को खत्म करने के लिए धारा 108(2) से अविवाहित शब्द हटाने का सुझाव दिया है। शासन स्तर पर परीक्षण के बाद यह प्रस्ताव कैबिनेट के समक्ष लाया जाएगा। चूंकि यह एक्ट में संशोधन से जुड़ा मामला है, इसलिए इसे विधानसभा और विधान परिषद दोनों से मंजूरी दिलाना अनिवार्य होगा। फिर राज्यपाल की स्वीकृति मिलते ही कानून लागू हो जाएगा। दरअसल, पैतृक संपत्ति सिर्फ जमीन या घर नहीं है। यह पारिवारिक विरासत, साझा जड़ों और पीढ़ियों की यादों का प्रतीक होती है। पीढ़ियों से चली आ रही इस संपत्ति में अक्सर भावनात्मक जुड़ाव होता है, जो परिवारों को उनके अतीत से जोड़ता है। लेकिन जब ऐसी संपत्ति में बेटी जो विशेषकर विवाहित हो को अधिकार देने में सिर्फ भावनाएं ही पर्याप्त नहीं होतीं। इसमें जटिल कानूनी बाध्यताएं, उत्तराधिकारियों के अधिकार और प्रक्रियागत जटिलताएं सामने आती हैं।

दोनों सदनों से पारित होने पर राज्यपाल के हस्ताक्षर को भेजा जाएगा

दरअसल, राजस्व परिषद के अधिकारियों के अनुसार, ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां विवाहित बेटियों, खासकर विधवा या तलाकशुदा बेटियों को, पैतृक कृषि भूमि पर कोई अधिकार दिए बिना बेसहारा छोड़ दिया जाता है। मौजूदा कानून के तहत कोई कानूनी सहारा न होने के कारण, राजस्व कार्यवाही के दौरान अक्सर उन्हें दावों से वंचित कर दिया जाता है। कानूनी विशेषज्ञों के मुताबिक, राजस्व परिषद के प्रस्ताव की समीक्षा सबसे पहले विधि एवं न्याय विभाग से होगी, उसके बाद विधानमंडल और वित्त विभाग द्वारा भी आवश्यक स्वीकृति प्राप्त होने के बाद, इसे कैबिनेट में पेश किया जाएगा, फिर विधानमंडल के दोनों सदनों से पारित किया जाएगा और राज्यपाल के हस्ताक्षर को भेजा जाएगा। हालांकि विवाहित बेटियों को आवंटित भूमि के हिस्से का प्रतिशत तय होना बाकी है और संभवत: इसका निर्धारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं करें।

अमृत विचार

अयोध्या, सोमवार,8 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

भाजयुमो प्रदेशभर में करेगा रक्तदान

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने रविवार बैठक करके रणनीति बनाई। प्रदेश के हर जिले में कम से कम 75 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, नमो मैराथन के जरिए नशामुक्त भारत का अभियान चलेगा। बैठक में पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने युवा कार्यकर्ताओं को रक्तदान, स्वच्छता और जनसंपर्क में दम दिखाने का आह्वान किया।

विवि के बेहतरीन प्रदर्शन पर संवाद कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)-2025 में उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों के बेहतरीन प्रदर्शन पर रविवार को राजभवन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कुलपतियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। एनआइआरएफ-2025 में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय रैंकिंग में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमएमएमयूटी) 68वें, लखनऊ विश्वविद्यालय 98वें स्थान पर रहा, जबकि डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय 151-200 बैंड में रहा। जबकि राज्य विश्वविद्यालय श्रेणी में एमएमएमयूटी गोरखपुर 23वें, लखनऊ विश्वविद्यालय 27वें, किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी 29वें और सीसीएसयू मेरठ 41वें स्थान पर रहे। इसके अलावा आगरा विश्वविद्यालय, हरकोर्ट बटलर विश्वविद्यालय और गोरखपुर विश्वविद्यालय 51-100 बैंड में शामिल रहे।

महिला आल्हा गायन महोत्सव आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : आल्हा गायन बुंदेलखंड व उत्तर प्रदेश की एक अमूल्य लोक परंपरा है। महिलाओं की भागीदारी इस लोकगायन को नई ऊर्जा और स्वर दे रही है। यह आयोजन महिला कलाकारों को मंच देने के साथ-साथ लोक संस्कृति के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को उरई में संपन्न दो दिवसीय महिला आल्हा गायन महोत्सव के विषय में कही। टाउन हॉल स्थित मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर विधायक गौरी शंकर वर्मा और मूल चन्द्र निरंजन तथा जिलाध्यक्ष भाजपा उर्विजा दीक्षित, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी मौजूद थे। समापन अवसर पर सदस्य विधान परिषद रमा निरंजन' तथा 'जिला पंचायत अध्यक्ष, जालौन डॉ. घनश्याम अनुरागी' उपस्थित रही।

नवचयनित अनुदेशक बोले- मेहनत से मिली मंजिल, ईमानदारी का लिया संकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकभवन में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1510 नवचयनित अनुदेशकों में से 11 को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे। जबकि अन्य चयनितों को जिला स्तर पर नियुक्ति पत्र दिए गए। नवचयनित अनुदेशकों के चेहरों पर संतोष और गर्व झलक रहा था। सभी ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए ईमानदारी और समर्पण से कार्य करने का संकल्प दोहराया।

- **मुख्यमंत्री के हाथों 11 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र**

लोक भवन में नवचयनित अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

लोकभवन के मंच पर रायबरेली की पल्लवी, उन्नाव की स्मृति दुबे, मीरजापुर की ममता वर्मा, मुजफ्फरनगर के संदीप, अयोध्या के सौरभ यादव, बस्ती की प्रियंका सिंह, देवरिया के अभिलाष सिंह और सुशील कुमार, जालौन के विवेक मिश्र, कानपुर नगर की पिंकी कुमारी, कन्नौज की ममता यादव को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मई से सितंबर तक बंटे नियुक्ति पत्र-

7 सितंबर – 1,510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र
6 सितंबर – 3 महिला परिचालकों को नियुक्ति
29 अगस्त – 9 सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति
28 अगस्त – रोजगार महाकुंभ में 15 युवाओं को नियुक्ति, 16897 का चयन
27 अगस्त – 2,425 मुख्य सेविकाओं व 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति
6 अगस्त – 6,000 युवाओं को रोजगार मेले में नियुक्ति
17 जुलाई – 20,997 युवाओं को जॉब ऑफर
15 जून – 60,244 पुलिसकर्मियों को नियुक्ति
8 मई – 494 सहायक अध्यापक व 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति

बोले अभ्यर्थी...

- सीमा (मैनपुरी): बरेली से इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड की पढ़ाई की। आज मुझे वह मंच मिला, जो मेरे हुनर को दिशा देगा।
- अल्पना श्रीवास्तव (लखनऊ) : एनएसटीआई कानपुर से ट्रेनिंग ली। मां-पापा की आंखों में खुशी के आंसू देखे। अब बारी मेरी है – प्रदेश को श्रेष्ठ बनाने की।
- श्यामू विश्वकर्मा (गोरखपुर) : किसान परिवार से आता हूं। परिवार में पहली सरकारी नौकरी मिली। भरोसा दिलाता हूं – कभी निराश नहीं करूंगा।
- पवन कुमार (पीलीभीत): निजी क्षेत्र से सरकारी सेवा तक का सफर लंबा था। लेकिन पारदर्शिता और मेहनत ने यह संभव कर दिखाया।

दो लाख शिक्षकों की नौकरियों पर खतरा, सरकार ढूंढ़ रही विकल्प

सुप्रीम कोर्ट के आदेश से टीईटी व्यवस्था के पहले से नियुक्त शिक्षकों पर संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कोर्ट के फैसले के मुताबिक टीईटी उत्तीर्ण किए बिना कोई शिक्षक पात्र नहीं**

अमृत विचार : प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत करीब 2 लाख शिक्षकों की नौकरी पर तलवार लटक रही है। कारण बना है सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) उत्तीर्ण किए बिना कोई भी शिक्षक पात्र नहीं माना जा सकता। ऐसे में योगी सरकार ने शिक्षक संगठनों की चिंता के मद्देनजर शिक्षा विभाग को व्यावहारिक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला देशभर के कक्षा 1 से 8 तक परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के लिए है। दरअसल, 2 अगस्त 2010 को एनसीटीई ने गाइडलाइन जारी की थी। उसमें स्पष्ट किया गया था कि जो शिक्षक पहले से कार्यरत हैं या जिनकी भर्ती प्रक्रिया पहले से चल रही है, उन पर यह परीक्षा लागू नहीं होगी। लेकिन 3 अगस्त 2017 को केंद्र सरकार ने नया नियम जारी कर दिया और सभी राज्यों को जानकारी दी कि 2019 तक हर शिक्षक को टीईटी पास करना होगा।

इसके विरोध में कुछ शिक्षक सुप्रीम कोर्ट चले गए। इसी क्रम में 1 सितंबर 2025 को कोर्ट ने सभी शिक्षकों को दो साल में टीईटी परीक्षा पास करने का फैसला दिया है। इससे शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। यूपी में सरकारी प्राइमरी स्कूलों में कुल शिक्षकों की संख्या 3 लाख 38 हजार 590 है, जबकि उच्च प्राथमिक में 1 लाख 20 हजार 860 हैं यानी कुल शिक्षक 4 लाख 59 हजार 450 हैं, लेकिन निकाय, निजी, समाज कल्याण विभाग से संबद्ध आदि स्कूलों को मिलाकर संख्या दोगुनी तक पहुंच जाती है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि करीब 1.80 लाख से 2 लाख शिक्षक सुप्रीम कोर्ट के आदेश से प्रभावित हो रहे हैं।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस फैसले के खिलाफ आवाज उठाई है। संघ ने सीधे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए अपील की है कि सेवारत शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से छूट दी जाए और सरकार वार्ता के लिए आगे आए। कई अनुभवी अध्यापकों ने भी दो-दो दशकों से सेवा देने के बाद अचानक परीक्षा बाध्य करने के फैसले पर आपत्ति जताई है। कई जगह विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

सरकार की कार्रवाई पर टिकीं निगाहें

सरकार के लिए परिस्थिति सिर्फ कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय स्तर पर भी संवेदनशील है। ऐसे में सरकार को कोर्ट का फैसला और शिक्षकों के साथ भी न्यायोचित कदम उठाने की चुनौती है। लाखों शिक्षकों और परिवारों का भविष्य दांव पर है। सभी की नजरें अब राज्य सरकार की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

शिक्षा विभाग को कार्ययोजना बनाने के निर्देश

सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अध्ययन करा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा विभाग से ऐसे सभी शिक्षकों की विस्तृत सूची मांगी है, जो टीईटी नहीं पास कर सके हैं। इसके साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे शिक्षकों को अब टीईटी पास कराने की व्यावहारिक योजना बनाई जाए, ताकि उनकी सेवाएं बचाई जा सकें।

नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल, जांच शुरू

- **403 एक्स-रे टेक्नीशियनों की भर्ती मामले में तलब किए गए छह जिलों के सीएमओ**

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : वर्ष 2016 में होने वाली 403 एक्स-रे टेक्नीशियनों की भर्ती मामले में एक के बाद एक फर्जीवाड़े के खुलासे से स्वास्थ्य विभाग बैकफुट पर हैं। रविवार को अर्पित नाम से छह जिलों में नौकरी करने के मामले की जांच में संबन्धित जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने जांच कमेटी को संबन्धित दस्तावेज सौंप दिए हैं। सूत्रों की मानें तो प्रथमदृष्टया तत्कालीन निदेशक (पैरामेडिकल) एवं संबन्धित जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी की भूमिका संदिग्ध हैं।

स्वास्थ्य विभाग में आरटीआई की सूचना के तहत फर्जी तरीके से एक नाम पर छह एक्स-रे टेक्नीशियनों को नियुक्ति देने के खुलासे के बाद अंकुर नाम से दो और अंकित नाम से छह अन्य लोगों के नौकरी करने का मामला रविवार को उजागर हुआ है। इस प्रकार तीन लोगों के नाम पर फर्जी तरीके से 14 लोगों के नौकरी कर रहे हैं। अर्पित नाम से छह लोगों के नौकरी करने के मामले में स्वास्थ्य भवन में तीन सदस्यीय जांच कमेटी के समक्ष बांदा, फर्रुखाबाद, बलरामपुर, बदायूं, रामपुर और हाथरस के सीएमओ ने तत्कालीन नियुक्ति पत्र समेत अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए। निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम, निदेशक नर्सिंग और वित्त नियंत्रक की तीन सदस्यीय जांच कमेटी का कहना है कि प्रपत्रों की जांच की जाएगी, उसके बाद कोई निष्कर्ष निकलेगा।

नियुक्ति प्रक्रिया में फर्जीवाड़े की गुंजाइश

उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की सूची स्वास्थ्य महानिदेशालय भेजी जाती है। जिसके बाद निदेशक पैरामेडिकल द्वारा जिलों में तैनाती के लिए नियुक्ति अधिकारी सीएमओ या सीएमएस को सूची के साथ पत्र भेजा जाता है। सूची में शामिल नाम अभ्यर्थी के मूल प्रमाणपत्रों की जांच कर ज्वाइनिंग दी जाती है। सूत्रों की कहना है कि संभव है कि जिन लोगों को फर्जी नियुक्ति देनी थी, उस जिले में आयोग द्वारा प्राप्त सूची भेजी न गयी हो। अभ्यर्थी के नाम से तैनाती पत्र दे दिया गया हो। इसके अलावा ज्वाइनिंग के बाद वेतन निर्गत के लिए अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग की जाती है। स्वास्थ्य महानिदेशालय स्तर पर लापरवाही की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। वास्तव में फर्जीवाड़े की सुगबुगाहट गत वर्ष मानव संपदा पोर्टल के अपडेट होने के बाद हो गयी थी।

मानसूनी बारिश फिर पकड़ेगी जोर

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में मानसूनी बारिश एक बार फिर जोर पकड़ेगी। 11 सितंबर से राज्य के तराई क्षेत्रों में दोबारा मानसूनी बारिश का प्रभाव दिखेगा। पूर्वानुमान है कि दोबारा सक्रिय हुए मानसून के असर से कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज आदि में मध्यम से भारी बारिश होगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल सिंह के अनुसार 11 सितंबर से मानसूनी ट्रफ रेखा हिमालय की तलहटी होते हुए उत्तर की ओर खिसकेगी और तराई में मध्यम से भारी बरसात संभव है।

अगला बड़ा पर्यटन स्थल होगा विंध्याचल : जयवीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **नवरात्र तक श्रद्धालुओं का आंकड़ा पहुंचेगा एक करोड़ के पार**

अमृत विचार : काशी और अयोध्या की तरह ही मिर्जापुर का विंध्याचल प्रदेश का अगला बड़ा पर्यटन स्थल बनकर उभर रहा है। मां विंध्यवासिनी मंदिर की लोकप्रियता नए आयाम छू रही है। अनुमान है कि मौजूदा वर्ष मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या एक करोड़ के पार पहुंच जाएगी। अभीतक इस वर्ष में शुरुआती छह महीनों में ही 64 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन मंत्री ने रविवार को बताया कि विंध्यवासिनी में रिकॉर्ड भीड़ के चलते पास ही पहाड़ी पर स्थित अष्टभुजा मंदिर में इस साल अब तक 38 लाख से अधिक भक्त पहुंच चुके हैं। वहीं, गुफा स्थित कालीखोह मंदिर भी इन दिनों रोजाना हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ से गुलजार है।

दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट पार्क 'अनोखी दुनिया' खुर्जा में तैयार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के खुर्जा में देश का ही नहीं, दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट से बना थीम पार्क तैयार किया गया है। 'अनोखी दुनिया' नाम से बने इस पार्क को बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण ने पीपीपी मॉडल पर बनवाया है।

यह पार्क करीब 2 एकड़ में फैला है और इसे 5.86 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। पार्क में करीब 80 टन सिरेमिक कचरे से 100 से अधिक कलाकृतियां बनाई गई हैं, जिनमें 28 बड़े आर्ट वर्क प्रमुख आकर्षण हैं। इन्हें टूटी हुई सुराही, कप, केतली और अन्य सिरेमिक बर्तनों से तैयार किया गया है। वीसी डॉ. अंकुर लाठर ने बताया कि पार्क को छह कलाकारों और 120 कारीगरों की टीम ने महीनों की मेहनत से तैयार किया है। हर उम्र के लोगों के लिए कुछ-न-कुछ आकर्षण मौजूद है। सितंबर के अंत तक यह पार्क आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

गलत नीतियों से हर वर्ग परेशान : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कहा- जीएसटी दुनिया का इकलौता कानून जिसमें सबसे ज्यादा संशोधन**

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने कहा था कि जीएसटी लागू होने से कारोबार आसान होगा, लेकिन जीएसटी दुनिया का इकलौता ऐसा कानून है, जिसमें सबसे ज्यादा संशोधन हुए हैं। जीएसटी में तमाम संशोधनों के बाद भी फिर बदलाव करना पड़ा।

सपा प्रमुख रविवार को इटावा में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब सवाल यह है कि जीएसटी लागू होने से लेकर अब तक सरकार ने किसको मुनाफा कमवाया। सरकार की गलत नीतियों से महंगाई बढ़ी। हर चीज के दाम बढ़े। वर्षों तक जनता से वसूली हुई। इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। जीएसटी का स्लैब कम होने से भी महंगाई कम नहीं होगी, क्योंकि जिनको मुनाफाखोरी की आदत पड़ गयी है, वे कीमतें कम नहीं करेंगे।

भाजपा नेताओं के मुंह पर लग गया टैरिफ

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के नेता अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ पर नहीं बोल रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि भाजपा नेताओं के मुंह पर भी अमेरिका का टैरिफ लग गया है। अमेरिका के टैरिफ लगाने से जो निर्यात होता था, उसका नुकसान होना शुरू हो गया है। इससे कारीगर बेरोजगार होंगे, अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है तो भारत सरकार को भी अपनी अर्थव्यवस्था बचाने के लिए सोचना चाहिए। फैसला लेना चाहिए। भाजपा सरकार में स्वदेशी का नारा केवल बातों से है। मेकिंग इंडिया बर्बाद हो गया। भाजपा की सोच वर्चस्ववादी है। वह पीडीए समाज का उत्पीड़न और शोषण करती है। भाजपाइयों के मन में पीडीए के लिए कूट-कूट कर दुर्भावना भरी है।

योगी से मिला एबीवीपी का प्रतिनिधिमंडल

अमृत विचार, लखनऊ : बाराबंकी में हाल ही में हुई घटना के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। जहां लगभग एक घंटे तक बातचीत चली। मुख्यमंत्री आवास पर एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला के साथ पूर्वी उप्र के संगठन मंत्री घनश्याम शाही, पश्चिम क्षेत्र के संगठन मंत्री मनोज निखरा और परिषद की कार्यकर्ता सृष्टि सिंह भी मौजूद रहीं। प्रतिनिधिमंडल ने बाराबंकी में छात्रों से जुड़ी घटना और सुरक्षा संबंधित मुद्दों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। मुख्यमंत्री योगी ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की हो रही साजिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार समेत अन्य प्रांतों की सरकारों को घेरते हुए बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि धार्मिक स्थलों एवं उनके संतों, गुरुओं व महापुरुषों का निरादर करके प्रदेशों में सामाजिक, सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा है। ये हालात ठीक नहीं हैं। आगे होने वाले चुनावों में पार्टी को सशक्त बनाने के लिए उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को गांव-गांव में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए।

बसपा प्रमुख रविवार को माल एवन्यू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक कर रही थीं। उन्होंने पार्टी संगठन के गठन व जनाधार को जमीनी स्तर पर बढ़ाने के लिए जिला मुख्यालयों से लेकर बूथ स्तर पर कमेटी गठन को लेकर चलाए जा रहे अभियान को गति देने के लिए जरूरी निर्देश दिए।

लखनऊ में बसपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के दौरान पार्टी प्रमुख मायावती।

- **पंचायत व बिहार चुनाव की तैयारी को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने की समीक्षा बैठक**

टैरिफ पर दी नसीहत

अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ पर केंद्र सरकार को नसीहत देते हुए मायावती ने कहा कि नीतियों में सुधारवादी रवैया अपनाकर भारत का सम्मान बचाएं। उन्होंने कहा टैरिफ से नई चुनौतियां उभरी हैं। चुनौतियों से उबरना जरूरी है, अन्यथा देश के दलितों की गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा, घरों से दूर पलायन की विवशता आदि की समस्याएं और भी जटिल हो जाएंगी।

कांशीराम की पुण्यतिथि पर होगा कार्यक्रम

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि इस बार कांशीराम की पुण्यतिथि (9 सितंबर) का कार्यक्रम 'मान्यवर श्री कांशीराम जी स्मारक स्थल' में होगा। इसमें वह खुद कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगी। कार्यक्रम में आगे की राजनीतिक रणनीति बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

योजना

प्रदेश को वर्ष 2047 तक वैश्विक टेक हब बनाने का रोडमैप तैयार

लखनऊ-कानपुर बनेंगे एआई सिटी, तैयार होंगे 20 यूनिकॉर्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **एआई, ब्लॉकचेन व क्वांटम टेक्नोलॉजी में 4 करोड़ नौकरियां**

अमृत विचार : प्रदेश अब सिर्फ कृषि या उद्योग ही नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन और क्वांटम टेक्नोलॉजी में भी वैश्विक नेतृत्व की दिशा में बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विकसित यूपी 2047 के तहत एक महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार किया है, जिसके तहत 2030 तक लखनऊ और कानपुर को एआई सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा और 20 यूनिकॉर्न स्टार्टअप तैयार किए जाएंगे। साथ ही 4 करोड़ से अधिक युवाओं को ग्लोबल स्किल्ड वर्कफोर्स के रूप में तैयार किया जाएगा।

2017 से पहले प्रदेश में आईटी नीति, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक इनोवेशन का लगभग अभाव था। लेकिन बीते साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश ने डाटा सेंटर, सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट, इनक्यूबेशन, स्टार्टअप्स और ग्लोबल स्किलिंग में बड़ी छलांग लगाई है। गौतमबुद्ध नगर में उत्तर भारत का पहला डाटा सेंटर शुरू हो चुका है, कई और निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री योगी का विजन है कि 2047 तक यूपी में 10 अरब यूएस डॉलर मूल्यांकन वाली 15-20 'डेकाकॉर्न' कंपनियां स्थापित हो सकें। इसके लिए एक तरफ आईटी, एआई, डीपटेक जैसे भविष्योन्मुखी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था 6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचे, जो भारत की अनुमानित जीडीपी का 20% होगा। इसके लिए प्रदेश को वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2047-48 तक 16 प्रतिशत का कम्पाउंड एनुअल ग्रोथ रेट बनाए रखना होगा। बता दें कि इस वित्तीय वर्ष में योगी सरकार 353 बिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य रखा है, जिसे 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना है। वहीं, 2036 तक 2 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने का बड़ा संकल्प है। इस दौरान प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 26 लाख रुपये तक पहुंचाने का भी लक्ष्य है।

2030 तक का लक्ष्य

- लखनऊ-कानपुर में एआई सिटी का निर्माण
- एनसीआर, लखनऊ व नोएडा को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर बनाना
- हर मंडल में इनक्यूबेटर सेंटर, विश्वविद्यालयों में स्टार्टअप फंड
- 20 यूनिकॉर्न स्टार्टअप की तैयारी (1 अरब डॉलर वैल्यू)
- इसरो के सहयोग से स्पेस टेक और आपदा प्रबंधन में सैटेलाइट लांच
- सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट को 5 गुना तक बढ़ाने का लक्ष्य

2047 का विजन

- प्रदेश को क्वांटम कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन और एआई के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व
- 15 से 20 डेकाकॉर्न स्टार्टअप (10 अरब डॉलर से अधिक वैल्यू) तैयार होंगे
- यूपी आईटी और डिजिटल टेक्नोलॉजी के निर्यात में देश का नेतृत्व करेगा
- ग्लोबल टेक्नोलॉजी कॉरिडोर तैयार होगा

मधुमक्खी पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण देगी योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **सहारनपुर, बस्ती और प्रयागराज में चलेगी ट्रेनिंग, 16 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन**

अमृत विचार : प्रदेश में लोगों को स्वरोजगार देने के लिए मधुमक्खी पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण देने की योजना राज्य सरकार ने तैयार की है। इस कड़ी में सहारनपुर, बस्ती और प्रयागराज में 90 दिन की फ्री ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 16 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार मधुमक्खी पालन के लिए 40 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान कर रही है। उद्यान मंत्री ने बताया कि 16 सितंबर से 15 दिसंबर तक तीन माह का निःशुल्क प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डॉ. भानु प्रकाश राम ने बताया कि प्रशिक्षण में पुरुष एवं महिलाएं सभी वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने निकटतम केंद्र संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र सहारनपुर/बस्ती अथवा अधीक्षक, राजकीय उद्यान प्रयागराज से संपर्क कर निर्धारित रूप-पत्र पर आवेदन करना होगा।

न्यूज ब्रीफ

सीनियर जिम्नास्टिक ट्रायल 17 को

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सीनियर महिला व पुरुष जिम्नास्टिक ट्रायल 17 सितंबर को होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला ट्रायल सुबह 9 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर 12 बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम 25 से 26 सितंबर तक प्रयागराज में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रदेशीय सीनियर महिला व पुरुष जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। चयन ट्रायल में प्रतिभागी खिलाड़ी को अपना आधार कार्ड लाना आवश्यक है।

जूनियर बालक बास्केटबॉल ट्रायल 9 को

अयोध्या, अमृत विचार : क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जूनियर बालक बास्केटबॉल ट्रायल 9 सितंबर को होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला ट्रायल सुबह 9 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर 12 बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम 10 से 13 सितंबर तक गोरखपुर में आयोजित प्रदेशीय समन्वय जूनियर बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। चयन ट्रायल में प्रतिभागी खिलाड़ी को अपना आधार कार्ड, फोटो व जन्म तिथि प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है।

जन आरोग्य मेले में हुआ मरीजों का उपचार

बीकापुर, अमृत विचार : ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे बाजार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोछा मे रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे बाजार में प्रभारी चिकित्साधिकारी मो. इरशाद ने 18 मरीजों का रजिस्ट्रेशन करके उपचार किया। फार्मासिस्ट कनिकराम चौधरी ने बताया कि अधिकतर मरीज मौसमी जुखाम बुखार की बीमारी से पीड़ित थे। पेट की बीमारी तथा शरीर दर्द से पीड़ित मरीजों ने उपचार कराया। मौके पर स्टाफ नर्स प्रतिभा, लैब टेक्नीशियन अनुराग मौजूद रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोछा में भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। यहां कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं रहा। फार्मासिस्ट, सहयोगी स्टॉफ ने 12 मरीजों को चिकित्सीय सलाह देने के साथ दवा उपचार किया गया।

ब्राह्मण सम्मेलन को लेकर बनाई गई रणनीति

बीकापुर, अमृत विचार : नंदीग्राम भारत कुंड में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक हुई। इसमें पांच अक्टूबर को होने वाले ब्राह्मण महाकुंभ की तैयारी पर चर्चा की गई। लोगों ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में ब्राह्मणों के प्रति लोगों की दुराग्रह पक्षपात एवं कपट पूर्ण राजनीतिक दृष्टि अपनाकर वोट ले लेने का कार्य करते हैं। अध्यक्षता कर रहे कृपा निधान तिवारी ने लोगों से अतीत से वर्तमान तक ब्राह्मणों की स्थिति को लेकर ब्राह्मण महासम्मेलन में पहुंचने की अपील की। डॉ. राम तेज पांडे, पिंकी तिवारी, श्री प्रकाश पाठक, अशोक तिवारी ,राम भरत पांडे आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

राकेश जिलाध्यक्ष व नीरज बने युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष

बीकापुर, अमृत विचार : तहसील परिसर के शहीद स्मारक पर रविवार को इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) कोरी समाज की बैठक हुई। जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। राकेश कुमार गौड़ को जिलाध्यक्ष व नीरज कोरी को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। विचार गोष्ठी में प्रदेश मुख्य महासचिव नागेश्वर नाथ कोरी ने कहा कि आईआईपी गठन का उद्देश्य देश के करीब सौ करोड़ शोषित, उपेक्षित जनता को संगठित किया जाना है। प्रदेश मीडिया प्रभारी समरजीत कोरी ने कहा कि जो भी पार्टी समाज को प्रतिनिधित्व का मौका देगी कोरी हमारा उसी का साथ देगा। प्रदेश सचिव संत प्रकाश कोरी ने भी संबोधित किया। प्रेमा कोरी को महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष, स्वामीनाथ को जिला महासचिव, हरीराम को जिला सचिव मनोनीत किया गया। संदीप कोरी, रोहित कोरी, हरीराम कोरी, विनोद कुमार कोरी, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

चंद्रग्रहण : 16 घंटे बंद रहा रामलला का दर्शन

सूतक लगते ही दोपहर 12:57 बजे पर बंद हो गए मठ-मंदिरों के पट, जन्मभूमि पथ, रामपथ पर दिखा सन्नाटा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : चंद्रगहण के चलते रामलला का दर्शन लगभग 16 घंटे बंद रहा। सोमवार की सुबह पांच बजे फिर दर्शन कराने की तैयारी है। इसके साथ ही अयोध्या के लगभग साढ़े पांच हजार मंदिरों में भी ग्रहण के सूतक के चलते कपाट दोपहर 12.57 बजे से मंदिरों के पट बंद कर दिए गए थे। इनमें हनुमानगढ़ी, कनक भवन, नागेश्वरनाथ, क्षीरेश्वर नाथ समेत अन्य मंदिर शामिल रहे। राम मंदिर और हनुमान गढ़ी मंदिर पर श्रद्धालुओं को घर वापस जाने की अपील की गई।

रात 9.57 बजे से चंद्र ग्रहण काल प्रारंभ होने के बाद देर रात 1:27 बजे मोक्ष संपन्न होने तक इसका असर रहा। इससे पहले 9 घंटे सूतक काल रहा। चंद्र ग्रहण के कारण सुबह से ही मंदिरों में दर्शन पूजन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। सरयू नदी में स्नान करने के बाद मुख्य रूप से राम मंदिर और हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन किया। सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार मंदिरों पर रही। इस दौरान मंदिर में होने वाले सभी आरती पूजन और भोग परंपरा को संपन्न किया गया। दोपहर 12 बजते ही मंदिरों के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया। हनुमान गढ़ी मंदिर पर जाने वाले मार्ग श्रृंगारहाट बैरियर से ही पूरी तरह श्रद्धालुओं के प्रवेश को रोका दिया गया। राम मंदिर के दर्शन मार्ग जगद्गुरु रामानंदाचार्य द्वार से पूरी तरह प्रवेश बंद कर मंदिर परिसर को खाली कराया गया। 12.55 बजे भगवान को भोग लगाने के बाद शयन आरती कर पट बंद हुआ। सागरीय पट्टी के महंत ज्ञान दास के शिष्य महंत संजय दास ने बताया कि चंद्रग्रहण को लेकर सूतक काल में हनुमानगढ़ी मंदिर के भी पट को बंद कर दिया गया है। रात में 1:30 बजे ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिर परिसर का शुद्धिकरण कर लगभग 2:30 बजे पुनः मंदिरों के पट खोले गए।

चंद्रग्रहण के चलते श्रीरामजन्मभूमि पथ पर पसरा सन्नाटा व मार्ग पर लगाई गई बैरिकेडिंग, एवं सूना पड़ा हनुमानगढ़ी का प्रवेश द्वार। अमृत विचार

सरयू तट पर श्रद्धालुओं ने किया भजन-कीर्तन

- रात में 1:30 बजे ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिर के परिसरों का किया गया शुद्धिकरण

चंद्र ग्रहण को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सरयू तट पर पहुंच गए। भजन कीर्तन किया। सुबह 12 बजे के बाद मंदिरों के पट बंद होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु सरयू घाट पहुंच गए। रात 9 बजे के बाद अयोध्या के साधु संत भी सरयू के तट पर बैठकर ग्रहण काल के दौरान भगवान का भजन कीर्तन करते दिखे। महंत सीताराम दास ने बताया कि रात्रि 9 :57 पर चंद्र ग्रहण प्रारंभ हुआ। ग्रहण के प्रारंभ होने पर स्पर्श स्नान और लगभग 12 बजे मध्य स्नान और 1 :27 बजे ग्रहण काल समाप्त होने पर मोक्ष स्नान किया गया।



चंद्र ग्रहण से पूर्व सूतक लगने पर बंद हुआ हनुमानगढ़ी गर्भगृह का कपाट।

घर के मंदिरों के कपाट भी रहे बंद

चंद्रग्रहण के दौरान घरों में भी इसका असर पूरा असर देखा गया। सूतक के दौरान ग्रहण के नौ घंटे के पहले से ही लोगों ने अपने घर के मंदिर में भगवान को भोग लगाकर पट बंद कर दिया। ग्रहण के दौरान जारी निर्देश के अनुसार लोगों ने भजन-कीर्तन कर भगवान को याद किया।

चंद्रग्रहण से पूर्व सूतक लगने पर बंद हुई हनुमानगढ़ी की प्रसाद की दुकानें।

हनुमानगढ़ी के पास माला जपता साधु।

बाजारों में दिखा सूतक का असर, दुकानें रहीं बंद

चंद्र ग्रहण के 9 घंटे पूर्व लगे सूतक का असर बाजारों में भी दिखा। प्रसाद की दुकानें भी बंद रहीं। बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। व्यापारी नंदलाल गुप्ता ने बताया कि मंदिरों के आसपास की दुकानों में आने वाले श्रद्धालुओं के कारण की व्यापार होता है और सूतक लगते ही मंदिर में दर्शन पूजन बंद हो गए थे, जिस कारण दुकानें भी बंद रहीं।

बुजुर्ग की चाकू से गला रेतकर हत्या

- थाना कैंट अंतर्गत ग्राम मुमताज नगर हाजीपुर सिंहपुर की घटना
- मौके से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद, जांच में जुटी पुलिस

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : थाना कैंट अंतर्गत ग्राम मुमताज नगर हाजीपुर सिंहपुर में रविवार की शाम एक बुजुर्ग की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मौके पर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान गांव निवासी महंगू चौरसिया (65) के रूप में हुई।

महंगू चौरसिया (फाइल फोटो)

उसके परिवारीजनों के अनुसार वह दोपहर एक बजे तक घर में ही था। उसके बाद वह घर से कुछ दूर पर स्थित अपने खेत में चला गया था। शाम करीब पांच बजे वहां से गुजर रहे गांव के ही एक व्यक्ति ने महंगू का खून से लथपथ शव देखा। उसके गले को किसी धारदार हथियार से रेता गया था। मौके पर पहुंचे थाना कैंट प्रभारी पंकज सिंह ने घटनास्थल की जांच की तो कुछ ही दूर पर खून लगा एक चाकू भी बरामद हुआ। संभावना जताई जा रही है कि इसी चाकू से हत्या की गई है। मृतक के तीन लड़के हैं। सभी मजदूरी करते हैं, जबकि मृतक खेती किसानी करता था। ग्रामीणों के अनुसार महंगू व उसके परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। परिवार में भी सभी मिल जुलकर रहते थे। थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। घरवालों ने किसी तरह की दुश्मनी न होने की बात की है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

श्रृंगी ऋषि आश्रम में भादों पूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला, लगाई आस्था की डुबकी

गोसाईगंज, अमृत विचार : महबूबगंज स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम में भादों मास की पूर्णिमा पर रविवार को हजारों श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा। श्रद्धालुओं ने सरयू में आस्था की डुबकी लगाई। मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इस बार पूर्णिमा का पर्व विशेष संयोगों के कारण अत्यंत पावन माना गया। पुजारी महेंद्र गोस्वामी ने बताया कि इस वर्ष पूर्णिमा, चंद्रग्रहण और पितृपक्ष की शुरुआत एक साथ हो रही है, जो एक दुर्लभ अवसर है। रात्रि चंद्रग्रहण रहेगा, जिसके बाद श्रद्धालु पुन : स्नान कर पितृपक्ष की शुरुआत करेंगे। मान्यता है कि इस दिन सरयू में स्नान करने से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की थी। गोसाईगंज कोतवाल शारदेन्दु दुबे ने आयोजन पर नजर रखी। स्थानीय लोग संदीप सिंह, उग्रसेन सिंह, राजकुमार सिंह, राजेंद्र पांडे, कृपा सेठ, अखिलेश सिंह ने श्रद्धालुओं ने सुविधा बनाने में मदद की।

58 परिषदीय विद्यालयों का मर्जर किया गया निरस्त

अयोध्या कार्यालय

- जिलाधिकारी ने दिया आदेश

अमृत विचार : जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के आदेश पर जनपद के 58 परिषदीय विद्यालयों का मर्जर तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। बीते दिनों आए शासनादेश के बाद अधिक दूरी वाले परिषदीय विद्यालयों को सूचीबद्ध किए जाने के बाद सोमवार देर शाम बेसिक शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार पाण्डेय द्वारा निरस्त किए जाने का आदेश दिया गया है।

सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि निरस्त वाले परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को अब तक विलय किए गए स्कूलों से वापस पूर्व के स्कूलों में वापस लाने की प्रक्रिया शुरू करें। विलय को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ समेत विभिन्न संगठनों द्वारा लगातार विरोध भी किया जा रहा था। जून में कुल 85 परिषदीय विद्यालयों का मर्जर किया गया था, जिसमें से 58 परिषदीय विद्यालयों का मर्जर निरस्त किया गया है। अब विलय वाले स्कूलों की संख्या घटकर 27 हो गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए निर्देश दे दिए गए हैं। इसे लेकर अब कवायद की जा रही है।

कर्नल की एसयूवी ने दंपति को मारी थी टक्कर

अयोध्या, अमृत विचार: कोतवाली नगर अंतर्गत टीवी टॉवर के पास शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता ऋषि मालवीय के पिता राकेश मालवीय की मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल मां निशा मालवीय को मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। मामले में पुलिस ने दुर्घटना करने वाली एसयूवी को कब्जे में लिया है। यह एक कर्नल की बताई जा रही है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मृतक राकेश मालवीय का रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह, कमलेश यादव, अखंड प्रताप सिंह, पृथ्वीराज सिंह, संजीव यादव, महेंद्र राय, राजेंद्र यादव, शरद चंद्र मिश्र, पवन तिवारी समेत अन्य ने शोक जताया।

- सड़क हादसे में दंपति की मौत का मामला

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को आमंत्रण भेजने पर मंथन कल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : नवंबर माह से पहले राम मंदिर परिसर को भव्यता देने की कवायद तेज हो गई है। समीक्षा के लिए मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र रविवार को अयोध्या पहुंच गए। उन्होंने राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे सभी निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निर्माण संस्था एलएंडटी के इंजीनियरों से जानकारी ली। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि निर्माण कार्य को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए प्रत्येक माह समीक्षा बैठक होती है। सोमवार से राममंदिर परिसर के विभिन्न कार्यों पर चर्चा की जाएगी। जन्मभूमि परिसर में 23 नवंबर से 25 नवंबर तक होने वाले ध्वजारोहण उत्सव के कार्यक्रम को अंतिम स्वरूप प्रदान करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तिमाही बैठक 9 सितंबर को संपन्न होगी। बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के आश्रम मणिरामदास छावनी में होगी। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह को भी आमंत्रण भेजे जाने पर चर्चा होगी।

अयोध्या के क्रॉसिंग 3 का निरीक्षण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी गौरव ग्रोवर।

राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज से

क्रॉसिंग 3 पर जल्द शुरू होगा जगद्गुरु माधवाचार्य द्वार का निर्माण

राम मंदिर परिसर के तीन नंबर क्रॉसिंग पर जगद्गुरु माधवाचार्य के नाम से द्वार के निर्माण का कार्य शुरू करने की तैयारी है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। क्रॉसिंग तीन पर बनने वाले द्वार के लिए सुरक्षा मानकों को परखा।

सरयू लाल निशान के पार, घट रहा जलस्तर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सरयू अब भी लाल निशान के ऊपर बह रही है, लेकिन जल स्तर नीचे आ रहा है। बाढ़ प्रभावितों ने राहत की सांस ली, लेकिन कटान का खतरा है। रुदौली के बाढ़ प्रभावित इलाके में पशुओं के लिए भूसा वितरित किया गया।

सरयू के जल स्तर में उतार-चढ़ाव से कछार के लोग पिछले डेढ़ महीने से परेशान हैं। कभी पानी चढ़ जाता है तो कभी नीचे आ जाता है। इस बीच कई बार उन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से बाहर बाढ़ शरणालयों में आना पड़ रहा है। फिलहाल सरयू अब भी लाल निशान से लगभग 27 सेमी ऊपर बह रही है, लेकिन जल स्तर गिर रहा है। शुजागंज/मवई प्रतिनिधि के मुताबिक बाढ़ प्रभावित गांवों में जलभराव के चलते मवेशियों के चारे की समस्या दूर करने के लिए रविवार को रौनाही तटबन्ध पर कैथी मांझा गांव के लगभग तीन दर्जन पशुपालकों को भूसे का वितरण किया गया। विधायक राम चन्द्र यादव ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जा रही है। पसैया, कैथी मांझा व नैपुरा के लगभग 95 परिवारों को 150 क्विंटल भूसे का वितरण कराया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला,राजस्व उपनिरीक्षक अनिल यादव, क्षेत्रीय लेखपाल नकछेद भारती, लेखपाल हौसिला प्रसाद आदि मौजूद रहे।

बाढ़ के पानी में डूबीं गुप्तारघाट की सीढ़ियां। ● अमृत विचार

मुकदमा वापस ले लो नहीं तो गोली मार दूंगा

अयोध्या, अमृत विचार। बाइक से जा रहे युवक को एसयूवी सवार युवकों ने रोका व कनपटी पर पिस्टल सटाकर धमकी दी कि मंजीत प्रधान पर दर्ज मुकदमे में सुलह नहीं कराया तो जान से मार देंगे। पीड़ित शिवम सिंह निवासी कर्मा कोडरी ने थाना पूराकलंदर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की देर शाम करीब नौ बजे पर कुछ कार्य से जा रहे थे। मसौधा बाजार के पास एसयूवी सवार सानू यादव निवासी अलावलपुर ने उसे रोककर पिस्तौल दिखाकर धमकी दी कि प्रधान के खिलाफ दर्ज मुकदमे में सुलह करवा दो नहीं तो जान से मार दूंगा। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

गुप्तारघाट पर लगाए गए प्रतिबंधों के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

अयोध्या कार्यालय

- कहा-यह आस्था का केंद्र प्रतिबंध न हटे तो शुरू होगा आंदोलन

अमृत विचार : महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने गुप्तार घाट पर कवच कंपनी की ओर से लगाए जा रहे प्रतिबंधों के खिलाफ नाराजगी जताई है। जारी विज्ञप्ति में कहा कि फैज़ाबाद का ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाला गुप्तार घाट सदैव से स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यह फैज़ाबाद का एकमात्र प्रमुख पर्यटन स्थल भी है। लेकिन हाल ही में नगर निगम प्रशासन की अनुमति और भारतीय जनता पार्टी की शह पर कवच नामक निजी कंपनी को

घाट का संचालन सौंपकर उसका व्यवसायीकरण कर दिया।

कंपनी ने गुप्तार घाट पर 40 रुपये का अनिवार्य प्रवेश शुल्क लगा दिया। इसके अलावा पार्क में प्रवेश के लिए अलग शुल्क लिया जा रहा है। कंपनी से लगाए गए बोर्ड में यहां तक लिखा गया है कि गुप्तार घाट में किसी भी धार्मिक आयोजन से पूर्व कंपनी से अनुमति लेनी अनिवार्य होगी। यह निर्णय सीधे-सीधे स्थानीय नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता एवं सांस्कृतिक परंपराओं पर प्रहार है। कहा कि कांग्रेस इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती है। चेतावनी दी कि जिस प्रकार जनता ने उसे लोकसभा चुनाव में सबक सिखाया है, आने वाले समय में जिले की विधानसभा और नगर निगम चुनाव में भी भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। नगर निगम और स्थानीय प्रशासन से तत्काल वापस लेने की मांग की। ऐसा न होने पर जनआंदोलन शुरू करने चेतवानी दी है।

काले रंग का बैग व हरदोई की बीड़ी का बंडल जांच का मुख्य आधार

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार Follow UP

- शनिवार को कचहरी में मिले अवैध असलहे का मामला, सीसीटीवी फुटेज नहीं आई काम
- पुलिस व एसओजी कर रही जांच सर्विलांस सेल खंगाल रही एक्टिव मोबाइल फोन की डिटेल

अमृत विचार : कचहरी परिसर में शनिवार को शेड नंबर पांच पर मिले लावारिस बैग व उसमें रखे तमंचे-कारतूस के मामले में पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है। सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध दिखाई पड़े थे, उनका सत्यापन भी कराया गया है, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। पुलिस मौके पर मिले काले रंग के बैग, जिस पर एक इंश्योरेंस कंपनी का नाम लिखा हुआ है व बैग में मिली हरदोई की एक बीड़ी के बंडल को आधार बनाकर जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि कचहरी परिसर में लगे अधिकांश कैमरे खराब पड़े हैं, जहां लगे भी हैं वहां से कुछ खास हासिल नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि खराब कैमरों की आरोपी को जानकारी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि गेट नंबर तीन पर जहां डीएफएमडी के बगल से जाने का एक रास्ता है संभवतः वहीं से आरोपी अंदर आया होगा। वहीं, पुलिस को शेड नंबर पांच के पास जिस बैग में अवैध असलहा मिला था, वह काले रंग का पिठ्ठू बैग है। इस पर आस्था इंश्योरेंस सर्विस प्राइवेट सर्विस लिमिटेड लिखा हुआ है। पुलिस टीम इस कंपनी से भी संपर्क साध रही है। वहीं सर्विलांस टीम सुबह आठ से नौ बजे के बीच शेड नंबर पांच के आसपास एक्टिव मोबाइल नंबरों की भी डिटेल खंगाल रही है। फिलहाल अभी आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर है। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए पुलिस व एसओजी की टीमों को लगाया गया है। कचहरी परिसर में लगे कुछ सीसी कैमरे खराब हैं। इससे आरोपी की पहचान करने में दिक्कतें आ रही हैं। जांच की जा रही है।

क्या है मामला

कचहरी परिसर में शनिवार की सुबह करीब नौ बजे पुलिस की जांच टीम को शेड नंबर पांच पर अधिवक्ता आफताब आलम के तख्त पर एक बैग मिला था।



उसे खोला गया तो उसमें दो तमंचा, चार कारतूस, एक पेंचकस, बेलचक, प्लास, दो पैंट व दो भगवा रंग का गमछा मिला। जानकारी होते ही परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंचे जिला जज रणंजय वर्मा, सीजीएम सुधांशु शेखर उपाध्याय, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारियों ने कचहरी परिसर में सुरक्षा किए इंतजामों को परखा। जिला जज के केबिन में दो चक्र हुई बैठक में सुरक्षा को लेकर मंथन किया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पावर कारपोरेशन की मनमानी से उपभोक्ता हो रहे परेशान

गोसाईगंज, अयोध्या

- बिल संशोधन से लेकर अन्य कार्यों के लिए लगा रहे चक्कर

अमृत विचार : गद्दोपुर विद्युत उपकेंद्र की कार्यप्रणाली से उपभोक्ता त्रस्त हैं। मनमानी और अवैध वसूली की चर्चा आम है। क्षेत्र के किसानों और उपभोक्ताओं में नाराजगी है। स्थानीय निवासी राम सुमन वर्मा, सिद्धार्थ कौशिक सहित कई किसानों ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

सावित्री ने बताया कि लाइनमैन विक्की यादव ने बकाया राशि के नाम पर उनका बिजली कनेक्शन काट दिया। जब उपभोक्ता ने पांच हजार रुपये का भुगतान किया, तब कनेक्शन बहाल किया गया, लेकिन इसके लिए कोई रसीद नहीं दी गई। नगहरा के सूर्य प्रकाश पाठक का कनेक्शन कामर्शियल है। मीटर के अनुसार बिल बनाने के लिए कई बार एप्लीकेशन दिया, लेकिन संशोधन नहीं किया जा रहा। नगहरा गांव के लोगों का आरोप है कि कई उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया लेकिन सुविधा के बाद कनेक्शन जोड़ दिया गया, लेकिन भुगतान की रसीद नहीं दी। जेई से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन मोबाइल नाट रीचबल रहा।

अमृत विचार

अयोध्या, सोमवार,8 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक का हुआ स्वागत

पूराबाजार। पूराबाजार ब्लाक क्षेत्र के रसड़ा गांव के मनोज कुमार सिंह को सरकार से शिक्षक दिवस पर राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह पूर्व प्रधानाचार्य फौजदार सिंह के पुत्र हैं। मनोज प्राथमिक विद्यालय गुलरिहा कैसरगंज बहराइच में कार्यरत हैं। पैतृक गांव रसड़ा पहुंचने पर ग्रामीण और मित्रों ने स्वागत किया। मनोज कहते हैं कि मैंने सदैव कर्म को पूजा मानकर कार्य किया। यह उसी का प्रतिफल है। अपने चाचा रमेश सिंह को अपना आदर्श बताते हैं। बधाई देने वालों में विधायक अभय सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, सूर्यवंश क्षत्रिय उत्थान समिति के अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह, पीसीएफ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार, जैगरी मिल के संस्थापक अवधेश सिंह, पूर्व प्रोफेसर डॉ एमपी सिंह, शिक्षक नेता विश्वनाथ सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

नाबालिग छात्रा की बरामदगी नहीं

शुजागंज। शुजागंज बाजार से दस दिन पूर्व अगवा नाबालिग छात्रा की बरामदगी पुलिस अब तक नहीं कर पाई। इसकी शिकायत एसएसपी से क्षेत्रीय विधायक तक की गई। दस दिन पहले शुजागंज स्थित विद्यालय में पढ़ने आई 14 वर्षीय बालिका को गैर सम्प्रदाय का युवक विद्यालय के पास से भगा ले गया था। इसकी लोकेशन मिलने के बावजूद बरामद नहीं किया जा सका। मामला दो संप्रदायों से जुड़ा होने के चलते गांव में तनाव है। चौकी प्रभारी व मामले के जांच अधिकारी शंकर लाल ने बताया कि जल्द ही बालिका को बरामद कर लिया जाएगा।

आगरा के बाद अयोध्या में पीईटी दे रहा अभ्यर्थी पकड़ा गया

महिला पॉलीटेक्निक में बायोमीट्रिक हाजिरी में पकड़ में आया आरोपी ■ 30 केंद्रों पर थी 50 हजार अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (पीईटी) में रविवार को महिला पॉलीटेक्निक में एक अभ्यर्थी दूसरी बार परीक्षा देते पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि अभ्यर्थी रवि यादव ने शनिवार को आगरा जनपद के एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दी थी। रविवार को वह अयोध्या परीक्षा देने पहुंच गया। इस संदर्भ में प्रशासन ने आयोग को जानकारी दी है। यह पूछा है कि यह किस श्रेणी का अपराध है। फिलहाल उसे अभी परीक्षा केंद्र पर ही रोका गया है।

पीईटी के दूसरे दिन की दूसरी पाली

- **प्रशासन ने आयोग से मांगा मार्गदर्शन, किस तरह का अपराध है व क्या कार्रवाई की जाए**

की परीक्षा में बॉयोमीट्रिक हाजिरी के दौरान शक होने पर अभ्यर्थी रवि यादव को वहां तैनात परीक्षक ने परीक्षा देने से रोक दिया। इसकी सूचना आयोग को दी गई तो पता चला कि रवि ने शनिवार को आगरा में भी परीक्षा दी थी। संभावना जताई जा रही है कि उसने दो फार्म भरा हो व उसमें आधार कार्ड अलग-अलग लगाया हो। परीक्षा के द्वितीय नोडल अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि इस संदर्भ में आयोग को सूचित किया गया है।

16.76 फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ी पीईटी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से आयोजित की गई प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (पीईटी) रविवार को संपन्न हो गई। 8427 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को लेकर तगड़े सुरक्षा के इंतजाम थे। जिले के 30 केंद्रों पर दो दिन चलने वाली पीईटी शनिवार को शुरू हुई। रविवार को परीक्षा दो पालियों 10 से 12 बजे और तीन से पांच बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा

मनोहर लाल इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी।

की शुचिता को लेकर मजिस्ट्रेटों के साथ ही फोर्स की तैनाती की गई थी। पहली पाली की परीक्षा में 12576 के सापेक्ष 2054 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 2021 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। शनिवार और रविवार को चार पालियों में हुई परीक्षा में कुल 8427 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अनुसार परीक्षा में कुल 83.24 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। जबकि 16.76 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

भीड़ से प्रभावित हुआ यातायात

पीईटी में पहुंचे अभ्यर्थियों की भीड़ के चलते परीक्षा के पहले और परीक्षा छूटने के बाद यातायात प्रभावित हुआ। 30 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 50304 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के एक साथ सड़क पर आने यातायात प्रभावित हुआ।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

पूरा बाजार, अयोध्या । थाना महाराजगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा सरायराशी के पास रविवार देर शाम एक हादसा हो गया। रामपुर हलवारा थाना कोतवाली अयोध्या क्षेत्र निवासी अनंत राम यादव पुत्र रोहित यादव रेलवे ट्रैक पर मोबाइल से गुजर रही ट्रेन का वीडियो बना रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर थाना अध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ में जानकारी मिली है कि युवक मोबाइल से ट्रेन का वीडियो बना रहा था।

खजुरी ताल के कलाकार भगवताचार्य स्मारक सदन में करेंगे रामलीला

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी के भगवताचार्य स्मारक सदन में परंपरागत रूप से 20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक संतों की रामलीला प्रारंभ होंगी, जिसमें मध्य प्रदेश के खजुरी ताल में रहने वाले कलाकार इस लीला का मंचन करेंगे। संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति के सदस्य बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास ने बताया कि इस लीला को देखने के लिए दूर-दूर से भक्त और साधु संत भी पहुंचते हैं।

जगद्गुरु महंत राघवाचार्य ने कहा कि इस लीला के माध्यम से पूरी दुनिया में यह संदेश जाएगा कि जिस प्रकार से भगवान राम ने अपने जीवन में मर्यादाओं का

- **20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होगी, दूर-दूर से पहुंचेंगे भक्त व श्रद्धालु**

पत्रकार वार्ता करते हुए संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति के सदस्य।

भगवताचार्य स्मारक सदन में होने वाले रामलीला के प्रसंग

- 20 सितंबर को नारद मोह, रावण जन्म
- 21 सितंबर को श्रीराम जन्म, मुनि आगमन
- 22 सितंबर को फुलवारी लीला, नगर दर्शन
- 23 सितंबर को धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद
- 24 सितंबर को सीताराम विवाह महोत्सव, श्रीराम कलेवा
- 25 सितंबर को कैकेई कोप भवन, वन गमन लीला
- 26 सितंबर को निषाद मिलन, दशरथ मरण, चित्रकूट
- 27 सितंबर को नककटैया, सीता हरण, सुग्रीव मिताई
- 28 सितंबर को बालि वध, लंका दहन
- 29 सितंबर को विभीषण शरणागति, सेतुबंध
- 30 सितंबर को अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति
- 1 अक्टूबर को कुंभकरण, मेघनाथ वध, सुलोचना सती
- 2 अक्टूबर को अहिरावण वध, रावण वध
- 3 अक्टूबर को भारत मिलाप- भव्य शोभायात्रा
- 4 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक, बंदर विदाई

पालन किया, वही मर्यादा आज समाज के बीच संदेश बनाकर जाए। फिल्मी दुनिया के कारण समाज में जो विकृतियां आ रही हों वह समाप्त हो। संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने बताया कि संतों की समावेश पर रामलीला का आयोजन किया जाएगा।

फिल्मी सितारों की रामलीला पर संतों ने जताई नाराजगी

अयोध्या में फ़िल्मी सितारों की रामलीला के मंचन को लेकर अयोध्या के साधु संतों में नाराजगी है। संतों का आरोप है कि किरदार निभाने वाले कलाकारों के मन में किसी प्रकार का भाव नहीं दिखाई देता। हालांकि इस रामलीला के आयोजन को लेकर विरोध नहीं कर रहे, लेकिन लीला का मंचन मर्यादा के अनुकूल होना चाहिए। संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास ने बताया कि आज जिस प्रकार से अयोध्या में फिल्मी अभिनेताओं के द्वारा रामलीला का प्रदर्शन किया जा रहा है। वह सही नहीं। इस प्रकार की रामलीला पर बैन लगना चाहिए।

सरकारी भूमि से हरे पेड़ काट कर चोरी करने पर जुर्माना

बीकापुर, अयोध्या

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के मजरूद्दीनपुर गांव में सरकारी भूमि पर स्थित कई हरे पेड़ काटकर चोरी कर लिए गए। कुछ ग्रामीणों ने वन विभाग और डीएम से शिकायत की। हरकत में आए वन विभाग और तहसील प्रशासन की जांच में पेड़ की कटाई का मामला सही मिला।

राजस्व निरीक्षक और लेखपाल ने शुक्रवार शाम को कोतवाली पहुंच आरोपी ठेकेदार के खिलाफ सरकारी भूमि पर स्थित हरे पेड़ों को चोरी से काटकर उठा ले जाने की तहरीर दी। निनतेश पाल, लक्ष्मीकांत मिश्रा ने पुलिस को दी गई शिकायती पत्र

में बताया कि मजरुद्दीनपुर गांव में स्थित तालाब गाटा संख्या 604 में मौजूद करीब 20 वर्ष पुराने गूलर के दो हरे पेड़ और अन्य पेड़ों को चोरी से लकड़ी ठेकेदार खजुरहट के राजेश यादव से तीन सितंबर को कटाए गए।इससे सरकारी संपत्ति की क्षति हुई। क्षेत्रीय वन अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि आरोपी लकड़ी ठेकेदार के विरुद्ध 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है जांच अभी जारी है।

धर्म व संस्कृति को समर्पित होगा 27वां भरतकुंड महोत्सव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: योगिराज भरत की तपोभूमि पर आयोजित होने वाला 27 वां भरतकुंड महोत्सव भव्य, दिव्य और अलौकिक किए जाने की तैयारी है। भरतकुंड महोत्सव न्यास कार्यालय में आयोजित कोर कमेटी की बैठक में इसकी रणनीति बनाई गई। बताया गया कि महोत्सव का आयोजन सात से 13 अक्टूबर तक होगा। अध्यक्ष अंजनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव की थीम धर्म व संस्कृति को समर्पित होगी। संपूर्ण देश से प्रमुख धर्मों एवं पंथों की भागीदारी महोत्सव में कराए जाने की तैयारी है।

संस्थापक सचिव अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि 11 हजार मातृ शक्तियों की दुरदुरिया पूजन, 11 सौ बालिकाओं से गरबा महारास, राष्ट्रीय स्तर पर दंगल, रन फॉर भरत हाफ मैराथन, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त

भारत कुंड न्यास कार्यालय में बैठक के दौरान चर्चा करते कमेटी के सदस्य। अमृत विचार

- **7 से 13 अक्टूबर तक आयोजित होगा महोत्सव, बैठक आयोजित**

कलाकारों से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही अनेक नए कार्यक्रमों का भी संयोजन किया जाएगा। निवर्तमान महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने बताया कि भरत जी के त्याग, प्रेम व करुणा पर महापरिचर्चा होगी। व्यवस्थापक रामकृष्ण पाण्डेय ने बताया कि भारतीय पारंपरिक परिधानों पर आधारित फैशन शो, सुर साधना संगीत प्रतियोगिता, फूलों की होली, मयूर नृत्य, शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम सहित अनेकों कार्यक्रम होंगे। उपाध्यक्ष/कला संयोजक एसबी सागर प्रजापति के अनुसार भरतकुंड स्थल पर दीपोत्सव, रंगोली प्रतियोगिता, लाइव चित्रकला प्रतियोगिता, आरती सहित अनेकों कलात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष केसी पाण्डेय, मांडवी मंच की प्रबंधक रीता, प्रियंका शर्मा, डॉ. विजय शंकर मौर्या, सुधा मौर्या, अजय, बृजेन्द्र दूबे, साहब दीन गौड़ आदि मौजूद रहे।

कार की टक्कर से गन्ना पर्यवेक्षक घायल, रेफर

मिल्कीपुर, अमृत विचार : कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेन्धा चौराहे के पास तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार गन्ना पर्यवेक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने घायल गन्ना पर्यवेक्षक को संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। यहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किए जाने के लिए कुमारगंज पुलिस को तहरीर दी गई है। सीतापुर जिले के बीहट गोड़ थाना रामकोट के रहने वाले उपेंद्र प्रताप सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह रौजागांव चीनी मिल के तहत मिल्कीपुर क्षेत्र पर गन्ना सुपरवाइजर पद पर कार्यरत हैं। वह कुमारगंज थाना क्षेत्र के तेन्धा गांव में आवास बनाकर रहते हैं। रविवार को वह अपनी बाइक से साथी सुपरवाइजर अमित श्रीवास्तव के आवास जा रहे थे। अयोध्या- रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेन्धा चौराहे स्थित कट पर पहुंचे ही थे कि अयोध्या की ओर से कुमारगंज की ओर तेज रफ्तार से जा रही एक कार की टक्कर से घायल हो गए।

दिशाहीन है इंडिया गठबंधन : नितिन

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन दिशाहीन है और जनता ने लगातार इसे नकारा है। इसके बावजूद यह गठबंधन अपने नेतृत्व में बदलाव पर विचार तक नहीं कर रहा। यह बात प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कही। वह रविवार को अयोध्या पहुंचे।

सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने पीडीए को परिवारवाद, दंगा वाद और आतंकवाद की परिभाषा दी। कहा कि अब जनता को भ्रमित करने के लिए नया नारा गढ़ा जा रहा है। जनता इन पर बिल्कुल भरोसा नहीं करती। उन्होंने बिहार चुनाव को लेकर कहा कि यहां होने वाले

सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल साथ में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह।

विधानसभा चुनाव में एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग की उपलब्धियां यहां से प्राप्त राजस्व से प्रदेश की कई परियोजनाओं को गति मिलती है। इस वर्ष विभाग ने 70 हजार करोड़ रुपये राजस्व आय का लक्ष्य रखा गया है। बताया कि अवैध मदिरा निर्माण और बिक्री को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई हो रही है। अच्छी बात यह है कि पिछले तीन साल से जहरीली शराब से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। उन्होंने विभाग में पारदर्शिता और जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की बात भी दोहराई।

अच्छी रचनाएं अक्सर कठिनाई व संघर्ष के दिनों में लिखी जाती है

वरिष्ठ साहित्यकार आरडी आनंद के यहां आयोजित गोष्ठी में मौजूद साहित्यकार।

अयोध्या, अमृत विचार : जनवादी लेखक संघ की घर-गोष्ठी श्रृंखला के अन्तर्गत चिंतक आरडी आनंद के आवास पर उनकी कविता-पुस्तक 'धर्म के भाव ऊँचे हैं' पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि-लेखक स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि अच्छी रचनाएं अक्सर कठिनाई और संघर्ष के दिनों में लिखी जाती हैं। इस सिलसिले में यह महत्वपूर्ण है कि आरडी आनन्द ने अपनी भयंकर व्याधि के बीच यह रचना लिखी और यही कारण है कि इनमें भावुकता की बजाय वैचारिक दृढ़ता का समावेश है। कवि-प्राध्यापक डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि इस संग्रह में कल्पना-तत्व से नहीं बल्कि विचार-तत्व से बुनी हुई कविताएं हैं। वरिष्ठ आलोचक रघुवंशमणि ने कहा कि बहुत सी महान कृतियां लेखकों-कवियों ने व्याधि की स्थिति में लिखी हैं। डॉ. नीरज सिन्हा 'नीर' ने भी आर. डी. आनंद की कविताओं में व्यंग्य की ताकत को रेखांकित किया।

युगों तक याद की जाएंगी मित्रसेन के संघर्षों की गौरव गाथा: सांसद

मिल्कीपुर, अयोध्या।

अमृत विचार: पूर्वांचल की राजनीति के धुरी और गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले पूर्व सांसद मित्रसेन यादव की दसवीं पुण्यतिथि रविवार को किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर में मनाई गई। हजारों लोगों ने बाबूजी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व प्रमुख इंदुसेन यादव, प्रमुख अंकुर सेन यादव और नेहा सेन सम्मिलित हुए।

सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि उनके संघर्षों की गौरवगाथा युगों-युगों तक याद की जाएगी। उन्होंने इंटर कॉलेज के मेधावी 12 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब 2027 में अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। पूर्व विधायक अब्बास अली

स्व. मित्रसेन की पुण्यतिथि पर उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सांसद अवधेश प्रसाद व अन्य।

जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने कहा कि बाबूजी ने हमेशा गरीबों को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ी। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि बाबूजी के संघर्ष से प्रेरणा लेकर हमें समाजवादी पार्टी को मजबूत करना होगा। अध्यक्षता पृथ्वीराज यादव और संचालन सुरेश इंसान ने किया। प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि गायक धर्मेंद्र वर्मा व छबिलाल पाल ने गीतों के माध्यम से उनके संघर्षों को जीवंत किया। पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, पूर्व विधायक जयशंकर पांडे, पूर्व प्रमुख कमलासन पांडे, संजय यादव, आनंद सिंह मिंटू, जयकरण वर्मा, जय सिंह राणा व राम निहाल यादव ने भी संबोधित किया। लल्लन कोरी, राम अचल यादव, साहबलाल यादव, उदयराज यादव, अखिलेश सिंह बब्बू, जब्बार अली, हरिबक्श सिंह सहित अन्य लोग थे।

स्व. मित्रसेन यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सपा नेता।

मित्रसेन की पुण्यतिथि पर सपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : गुलाबबाड़ी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रविवार को सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद बाबू मित्रसेन यादव की पुण्यतिथि पर सपा नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा बाबूजी हमेशा दबे कुचले, शोषित, वंचितों के साथ खड़े रहते थे और उनको न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते थे। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि स्व मित्रसेन यादव ने अपना जीवन गरीबों को न्याय दिलाने में बिताया। वह कई बार विधायक व सांसद भी रहे। उन्होंने सपा को जिले में नई पहचान दिलाई। हामिद जाफर मीसम, रामअचल यादव, दान बहादुर सिंह, राकेश यादव, प्रवीण राठौर, सुरेंद्र यादव, अपर्णा जायसवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

सियासत

ढांचे में बदलाव, सृजित की मंडल कमेटी, बढ़े हजारों कार्यकर्ता

जंग के लिए कुनबा बढ़ा रही कांग्रेस

सक्रिय कमेटियों की कुल सांगठनिक क्षमता पहुंची 25 हजार तक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: भविष्य की सियासी जंग के लिए कांग्रेस कुनबा बढ़ा रही है। मूल ढांचे में बदलाव कर नया पद सृजित किया गया। इससे अचानक कांग्रेस की सांगठनिक क्षमता में लगभग 25 हजार कार्यकर्ताओं का इजाफा हो गया। संगठन को और मजबूत किए जाने का काम अभी चल रहा है। कांग्रेस ने अपने मूल ढांचे में परिवर्तन किया। पार्टी में सक्रिय कमेटियों में अब तक जिला कमेटी, महानगर कमेटी, ब्लाक, वार्ड, पंचायत, बूथ कमेटी सहित कुछ अन्य कमेटियां थी। इसके अलावा कम छह दर्जन आनुषांगिक संगठनों की कमेटियां भी हैं, लेकिन इनमें फ्रंट लाइन की कमेटियां ही सक्रिय रहती रही हैं, लेकिन आगे सियासी जंग के लिए कांग्रेस ने अपने मूल ढांचे में परिवर्तन कर दिया। मंडल अध्यक्ष का नया पद सृजित करने के साथ कमेटी बनवाई।

मंडल अध्यक्ष और इसकी कमेटी ने अचानक कांग्रेस संगठन में कार्यकर्ताओं की संख्या में उछाल ला दिया। जिले व महानगर के बाद केवल 11 ब्लाक थे। जिले व महानगर की जंबो कमेटी में लगभग 60-65 की संख्या में

जिला व महानगर अध्यक्ष नहीं घोषित कर पाई भाजपा

कार्यकर्ताओं की दृष्टि से बड़ी मानी जाने वाली भाजपा लगभग नौ महीने बाद अपना जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष नहीं घोषित कर पाई। बताया गया जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के लिए नामांकन पिछले दिसंबर महीने में करवाया गया था। बड़ी संख्या में लोगों ने नामांकन किया। सूची प्रदेश कार्यालय को भेज दी गई, लेकिन अब तक अध्यक्षों की घोषणा न होने से पुरानी कमेटी से ही काम चलाया जा रहा है। जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय बताते हैं कि जिला और महानगर अध्यक्ष की घोषणा प्रदेश से होनी है। जब भी हो जाए।

पदाधिकारी थे। ब्लाक जिले की कमेटी में कुल कार्यकर्ताओं की संख्या लगभग पांच सौ ही रह जा रही थी, लेकिन जिले में बूथों के आधार पर मंडल कमेटी का गठन किया गया। केवल ग्रामीण क्षेत्र में 72 मंडल कमेटी गठित की गई। सभी की 21-21 की कमेटी बनी। इसने जिले में कार्यकर्ताओं की संख्या में लगभग 25 हजार की वृद्धि कर दी। कुनबा बढ़ा तो अन्य पदों के लिए भी कार्यकर्ता तैयार होने शुरू हो गए। इन दिनों बूथ कमेटियों का गठन किया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर 11 की कमेटी है। सभी बूथ गठित होने पर लगभग 23 हजार कार्यकर्ता बढ़ सकते हैं। सभी कमेटियां सक्रिय होने पर कुल कार्यकर्ताओं की संख्या 50 हजार तक पहुंच सकती है। पद न्याय पंचायत का भी है लेकिन इस पर अब तक फोकस कम रहा है।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चेत नारायन सिंह बताते हैं कि मंडल अध्यक्ष के पद के साथ कमेटी बनाई गई है। अभी संगठन का काम चल रहा है। अब तक संगठन में कार्यकर्ताओं की संख्या लगभग 25 हजार तक पहुंच गई है। बूथ कमेटी गठित की जा रही है।

रुदौली के कई गांवों में फैला संक्रामक रोग

मवई, अयोध्या

अमृत विचार: रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के संक्रामक रोगों से प्रभावित गांवों का दौरा किया। रसूलपुर, कुशहरी, अशरफपुर गंगरेला और हंसराजपुर सहित कई गांवों में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान को प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्देश दिया।

अशरफपुर गंगरेला के चकपुरवा गांव के डॉ. कुलदीप सिंह यादव ने बताया कि अशरफपुर गंगरेला में दो दर्जन से अधिक लोग संक्रमित हैं। इनमें मनीष कुमार, मायाराम, किरन, अशोक कुमार, सोनम, शिवानी,



बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत करते विधायक रामचंद्र यादव। अमृत विचार

शुभम, अंकित और विशाल का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। विधायक ने बताया कि गंगरेला की श्रीमता देवी का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनके इलाज में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर नजर रख रहा है। मवई बीडीओ भावना यादव को गांव में सफाई कर्मचारी भेज सफाई का निर्देश दिया। मौके पर डॉ कुलदीप सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, गुट्टे, संग्राम सिंह यादव, रमेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एनआईआरएफ में शामिल हुआ नरेंद्र देव कृषि विवि

नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 में मिली बड़ी सफलता, रैंकिंग में शामिल होने वाला प्रदेश का पहला विवि बना

अयोध्या कार्यालय।

डॉ. बिजेंद्र सिंह।

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने अपने उत्कृष्ट कार्यों के चलते एक बार फिर विश्व के पटल पर अपना लोहा मनवाया है। वह प्रदेश का ऐसा पहला कृषि विवि बना, जिसने एनआईआरएफ 2025 (नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क) में अपना स्थान बनाया है। इस रैंकिंग में प्रदेश के किसी अन्य कृषि विश्वविद्यालयों को स्थान नहीं मिला है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में देशभर के विवि रैंकिंग में कृषि विवि अयोध्या ने 151 से 200 के बीच में यह रैंक हासिल किया है।

राज्य विश्वविद्यालयों में यह रैंकिंग 51 से 100 के बीच में है। प्रदेश की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह व उनकी टीम को बधाई दी है। बड़ी उपलब्धि मिलने के बाद कुलपति ने कहा कि यह सफलता प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन का परिणाम है। कहा कि पिछले पांच वर्षों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां कृषि विश्वविद्यालय अपने नाम कर चुका है। नैक मूल्यांकन में A हासिल करने वाला आईक्यूएसी (इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल) के निदेशक डॉ. सुशांत श्रीवास्तव ने बताया कि रैंकिंग में सुधार लाने के लिए कुलपति के नेतृत्व में गठित कमेटी लगातार कार्य कर रही थी। जिसके बाद परिश्रम व लगन के साथ कार्य करने के बाद यह सफलता मिली है। बताया कि विवि द्वारा सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने दोनों विश्वविद्यालयों को रैंकिंग लिस्ट में शामिल किया है। गोवा में क्यूएस इंडिया सम्मिट में भी विश्वविद्यालय की समीक्षा हुई, जिसके परिणाम स्वरूप विवि को यह सफलता हासिल हो सकी है। उन्होंने राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम बोबडे का भी आभार व्यक्त किया।

निर्धारित मानकों को पूरा करने पर तय होती है रैंकिंग

शिक्षा मंत्रालय की ओर से इस पूरी प्रक्रिया को कार्यान्वित करने के लिए कई मानक निर्धारित गए हैं। मानकों पर खरा उतने के बाद शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग तय होती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा हर वर्ष रैंकिंग के आधार पर शीर्ष विश्वविद्यालयों व कॉलेजों की लिस्ट जारी की जाती है। यह लिस्ट अलग-अलग कैटेगरी और सब्जेक्ट्स के आधार पर विभाजित होती है।

अंबेडकरनगर में 8 करोड़ की लागत से बनेगा अत्याधुनिक स्टेडियम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद के विकास खंड भियांव की ग्राम पंचायत किशुनदासपुर स्थित राजस्व गांव समैसा में युवाओं के लिए आठ करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। लगभग पांच बीघे भूमि पर बनने वाले इस स्टेडियम की जिम्मेदारी युवा कल्याण विभाग को सौंपी गई है। जिला युवा कल्याण अधिकारी सुभाषिनी ने बताया कि इस स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए अनेक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

यहां एक बहुद्देशीय हॉल का निर्माण होगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के इंडोर खेल आयोजित किए जा सकेंगे। इसके अलावा ओपन जिम, दौड़ ट्रैक, वॉलीबॉल कोर्ट और अन्य खेल संरचनाएं भी तैयार की जाएंगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा खेल की दिशा में आगे बढ़ सकें। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुनील यादव ने बताया कि यह केवल एक स्टेडियम ही नहीं बल्कि एक संपूर्ण खेल परिसर होगा। यहां भविष्य में विभिन्न स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा सकेगा। उनका कहना है कि इस परियोजना से स्थानीय प्रतिभाओं को नई पहचान मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल में करियर बनाने का अवसर प्राप्त होगा। इस स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र में खेलों के साथ.साथ सामाजिक और शारीरिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

बिजली के करंट जैसा बढ़ता पर्यावरण के 'दोस्त ईवी का कुनबा'

इलेक्ट्रिकल वेहिकिल डे (विश्व ईवी दिवस)

- शून्य से चले करीब 12 लाख 69 हजार तक आ पहुंचे
- पॉलिसी बनी, बढ़ने लगे ई-करंट प्वाइंट तो भरने लगे ईवी रफ्तार

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: पर्यावरण के ''दोस्त'' माने जाने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) ने धीरे-धीरे रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। प्रदेश में शून्य से शुरू हुआ इन वाहनों का कुनबा बढ़कर 12,68,868 तक पहुंच गया है। केंद्र और प्रदेश सरकार की नई ई-पॉलिसी ने स्पष्ट संकेत देते हुए तय कर दिया कि आगामी भविष्य इन्हीं ई-वाहनों का है। ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा इस बात को पुख्ता कर रहा है कि उपभोक्ताओं का रुझान इन वाहनों की ओर से तेजी से बढ़ रहा है। विश्व ईवी दिवस 9 सितंबर (सोमवार) को है। प्रदेश के बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहनों के कुनबे पर 'अमृत विचार' की पड़ताल करती विशेष रिपोर्ट।

प्रोत्साहन के लिए सुविधाएं

- इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीयन के लिए टैक्स में छूट की व्यवस्था
- सूबे में निर्मित, क्रय और पंजीकृत हुए वाहनों के स्वामियों को तय समयावधि के लिए टैक्स में छूट, सब्सिडी की व्यवस्था, छूट की राशि गैस की तरह ही ऑनलाइन
- पर्यावरण की मित्र
- इलेक्ट्रिक गाड़ियों के प्रदेश में तेजी से बढ़ते चार्जिंग स्टेशन
- ईवी से लाभ- पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से संचालन लागत काफी कम
- बैटरी की आयु और टेक्नोलॉजी में निरंतर होते बदलाव और सुधार

सूबे में बढ़े ई-वाहनों का कुनबा एक नजर में

ट्रांसपोर्ट वेहिकिल- 10,02,576
नॉन ट्रांसपोर्ट वेहिकिल- 2,66,292
सभी कैटेगरी की कुल इलेक्ट्रिक गाड़ियां- 12,68,868

प्रदेश में निजी दोपहिया ईवी का संचालन
2,29,703

लखनऊ संभाग में संचालित इलेक्ट्रिक गाड़ियों की संख्या

ट्रांसपोर्ट वेहिकिल- 87,601
नॉन ट्रांसपोर्ट वेहिकिल- 29,279
सभी कैटेगरी की कुल इलेक्ट्रिक गाड़ियां- 1,16,880

यादि कीजिए एक दौर था, जब ईवी वाहनों के भविष्य को लेकर उपभोक्ता सशंकित रहते थे और इन वाहनों को खरीदने से बचते थे। वजह थी कि पेट्रोल-सीएनजी की तरह इन वाहनों की बैटरी चार्जिंग यानी ई-फ्यूल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। धीरे-धीरे इस दिशा में सुधार आया। जगह-जगह ई चार्जिंग के स्टेशन बनाए जाने लगे। नई वाहन पॉलिसी प्रदेश सरकार लाई। इसमें प्रदेश में तैयार हो रहे वाहनों को सब्सिडी उपलब्ध कराई गई। सब्सिडी छूट वितरण के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई।

डिजिटल लाइब्रेरी में जल्द पढ़ सकेंगे गांव के युवा

अयोध्या कार्यालय

- पुस्तकों के चयन के साथ ही दूसरी व्यवस्थाओं पर काम तेज

अमृत विचार: डिजिटल लाइब्रेरी में गांव के युवा और वयस्क लोग जल्द पढ़ सकेंगे। जल्द तैयार करने का लक्ष्य है। इसके लिए कार्रवाई तेज की जा रही है। किताबों के चयन के साथ ही लाइब्रेरी को लेकर व्यवस्था पर काम शुरू हो गया है। जिले की 126 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी तैयार किए जाने का लक्ष्य है। पहले चरण में इनमें काम पूरा किया जाएगा।

नई पीढ़ी के के डिजिटल लाइब्रेरी के प्रति बढ़ते आकर्षण के कारण उनको यह सुविधा में गांव में दिए जाने का प्रयास है। इन दोनों छोटी से बड़ी बाजारों में डिजिटल लाइब्रेरी के बोर्ड आसानी से देखे जा सकते हैं। साथ ही इनमें घंटे के हिसाब से युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में देखे जा सकते हैं, लेकिन इनके शुल्क के कारण कई मेधावी बच्चे इनमें निरंतर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। युवाओं को सुविधा दिए जाने के लिए ग्राम पंचायतों में

प्रतीकात्मक फोटो

डिजिटल लाइब्रेरी तैयार की जा रही है। इसे आधुनिकतम सुविधाओं से लैश रखने की कोशिश है। इसी के मद्देनजर सीडीओ केके सिंह ने बैठक करके बनाई गई पुस्तकों की सूची के साथ समिति के लोगों को जरूरत की अन्य पुस्तकों को शामिल कराए जाने के लिए कहा था, जिससे लाइब्रेरी की परफार्मेंस अच्छी रहे। किताबों की सूची बनाए जाने के बाद इसे नेशनल बुक ट्रस्ट को भेजा गया।

जल्द ही यूपी डेस्को को भेजा जाएगा मांग पत्र

अब इन 126 ग्राम पंचायतों में जरूरत के मुताबिक इलेक्ट्रानिक उपकरणों की समीक्षा की जा रही है। बताया गया है कि लाइब्रेरी की जरूरत के हिसाब से सभी सामानों की सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही इसके लिए यूपी डेस्कों को मांग पत्र भेज दिया जाएगा। लाइब्रेरी चयन की गई ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में बनाया जाएगा। इसके लिए भी बैठने और इंटरनेट व्यवस्था का काम शुरू किया जा रहा है। बताया गया कि पंचायत भवन में पहले से भी फर्नीचर उपलब्ध हैं। इसका सत्यापन किया जा रहा है। जल्द ही सामानों की व्यवस्था जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी का काम तेजी से किया जा रहा है। कोशिश है कि जल्द से जल्द इसकी सुविधा मिले।

जन जागरूकता कार्यक्रम की तैयारियां करें पूर्ण : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: डीएम अनुपम शुक्ला ने बताया कि सीएम ने प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इस मिशन में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक समृद्ध समान और वैश्विक स्तर पर राज्य बनाने का संकल्प लिया गया।

इस मिशन को दिशा प्रदान करने और पथ प्रदर्शन के लिए एक विजन डक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है। यह विजन डक्यूमेंट तीन थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति और 12 सेक्टर कृषि कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा और सुशासन पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार की जाएगी। इस बारे में प्रदेश के 400 प्रबुद्धजनों की बीते तीन सितंबर को एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजित किया गया था। कार्यशाला के बाद जिले के लिए नामित चार प्रबुद्धजनों द्वारा जिले में नौ सितंबर को समर्थ यूपी को विकसित उत्तर प्रदेश अभियान की जन जागरुकता के लिए विभिन्न लक्षित समूहों के साथ विगत आठ वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा के बारे में अवगत कराते हुए राज्य के विकास के लिए रोड मैप पर चर्चा की जाएगी। डीएम ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में विकसित भारत की अवधारणा को साकार करने के लिए जिले के लिए नामित प्रबुद्धजनों शशांक तिवारी, डॉ. प्रदीप कुमार यादव, आरबी सिंह और देवेंद्र अग्रवाल द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित यूपी की जन जागरूकता के लिए विभिन्न लक्षित समूह के साथ चर्चा कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रत्येक गतिविधि के लिए नामित नोडल व सहायक नोडल अफसरों को संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्त तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

लकड़ी तोड़ रही महिला पर गिरी डाल, गई जान

जलालपुर, अंबेडकरनगर: कोतवाली क्षेत्र के जमौली गांव में रविवार को लकड़ी तोड़ रही एक महिला की डाल गिरने से मौत हो गई। अफसाना (35) पोखरे के पास सूखे पेड़ से लकड़ी तोड़ रही थी। इसी दौरान डाल टूटकर उसके ऊपर गिर गई। ग्रामीणों ने तुरंत उसे निजी अस्पताल पहुंचाया जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने नगपुर सीएचसी रेफर कर दिया। यहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसकी बड़ी बेटी मुस्कान 15 वर्ष, आफरीन 12 वर्ष, बेटा अयान 10 वर्ष, अर्शिया 8 वर्ष और महक 5 वर्ष का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव के लोग और भी दुखी हैं क्योंकि मृतका का पति बीते दो महीने से चोरी के आरोप में सुल्तानपुर जेल में बंद है। ऐसे में बच्चों के सामने मां-बाप दोनों का सहारा छिन चुका है। सूचना पर वार्ड सभासद बृजेश कुमार और जलालपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की बात कहीं, लेकिन परिजनों के इनकार करने पर पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं, गांव के लोग अब इन बच्चों की मदद के लिए आगे आने लगे हैं।

देवारा विकास सेवा समिति का मना स्थापना दिवस

संवाददाता, आजमगढ़


बालिकाओं को साइकिल वितरित करते संस्था के अध्यक्ष। अमृत विचार

अमृत विचार: महराजगंज ब्लाक के देवरांचल के नेता नगरी में देवारा विकास सेवा समिति ने अपना 7वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। अध्यक्षता हरिश्चंद्र यादव ने की। मुख्य अतिथि भूयर अखाडा के विजय शंकर व विशिष्ट अतिथि अब्दुल मन्नान रहे। संस्था अध्यक्ष राम केदार यादव ने पूरी टीम को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया। वक्ताओं ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि सात वर्षों में इस समिति ने शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, प्रशासनिक संस्थान की स्थापना आदि क्षेत्र में कई सराहनीय पहल की है। इस अवसर पर समिति ने देवारा के अत्यंत गरीब व अक्षम छह स्कूली बच्चिओं को साईकिल व बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजसेवियों और सक्रिय ग्रामीणों को सम्मानित भी किया गया, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य व महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मंत्री रविशंकर तिवारी, बिलरियागंज व महराजगंज ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश यादव व पारसनाथ यादव, समाज सेवी अमरजीत यादव, सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता चंचल यादव, समाज सेवी राजीव मिश्र सहित तमाम लोगों ने सिरकत किया। स्थापना दिवस समारोह के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया ।

पीईटी परीक्षा में नकल करते पकड़ा गया मुन्ना भाई

अंबेडकरनगर, अमृत विचार: प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पीईटी) में रविवार को द्वितीय पाली की परीक्षा में एक मुन्ना भाई पकड़ा गया।

वह दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। रैकेट का तार प्रयागराज से जुड़ा बताया जा रहा है। रमाबाई राजकीय महाविद्यालय में शैलेंद्र सिंह यादव के नाम पर अरुण यादव परीक्षा दे रहा था। इसके पास मिला आधारकार्ड फर्जी बताया जा रहा है। प्रवेश पत्र व आयोग द्वारा भेजे गए उपस्थिति पत्रक पर नाम समेत अन्य विवरण शैलेंद्र के थे। जबकि फोटो अरुण की थी। पूछताछ में पता चला कि इनका एक रैकेट है जो प्रयागराज से संचालित है। शैलेंद्र सिंह यादव सिंगरामऊ जौनपुर का रहने वाला है। वह ईशापुर फूलपुर आजमगढ़ का निवासी है। अकबरपुर कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा केंद्र की केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर केस दर्ज किया जा रहा है। पीईटी परीक्षा में मुन्ना भाई पकड़े जाने की सूचना पर अपर जिलाधिकारी, सदर एसडीएम, सीओ सदर और कोतवाल विद्यालय पहुंचे और जानकारी हासिल की।

सीएम को बताई जाम की समस्या

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: जनपद के पूर्व सांसद व भाजपा नेता रितेश पांडेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में आत्मीय भेंट कर क्षेत्रीय विकास और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से जातिगत जनगणना, रोहिणी आयोग रिपोर्ट तथा अति पिछड़े समुदाय की वंचना और उनके उत्थान के प्रयासों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। रितेश पांडेय ने विशेष रूप से जलालपुर बाजार क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दो प्रमुख जिला मार्गों के बाजार के बीच से गुजरने के कारण प्रतिदिन भारी अव्यवस्था रहती है। यह सडक़ लोक निर्माण विभाग की कार्ययोजना 2025-26 में बाईपास रिंग निर्माण के लिए प्रस्तावित है और जलालपुर नगरपालिका परिषद योजना के मानकों के अनुरूप पूरी तरह पात्र भी है। पूर्व सांसद का कहना है कि यदि बाईपास का निर्माण हो जाता है

लखनऊ में सीएम से मुलाकात करते पूर्व सांसद रितेश पांडेय।

तो न केवल जाम की समस्या समाप्त होगी, बल्कि क्षेत्रवासियों का आवागमन सुगम होगा और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रितेश पांडेय के इस प्रस्ताव पर विचार कर समुचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। इस मुलाकात को क्षेत्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे जलालपुर ही नहीं, आसपास के कस्बों को भी बेहतर यातायात सुविधा मिलने की उम्मीद है।

अंबेडकरनगर डायरी

हर मोर्चे पर फेल है प्रदेश और केंद्र की सरकार : दुर्गा प्रसाद यादव

आजमगढ़, अमृत विचार : सपा पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हवलदार यादव की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा मोदी-योगी की सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। किसानों को यूरिया ब्लैक खरीदनी पड़ रही है। विधायक डॉ. संग्राम यादव ने कहा महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता वोटर लिस्ट का सत्यापन करें जो नाम छूट हैं उन्हें युद्धस्तर पर बढ़ाने का काम करें। कार्यक्रम को विधायक अखिलेश यादव, चंद्रदेव रामयादव करैली, विधायक कमलाकांत राजभर, जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव ने भी संबोधित किया।

105 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद

आजमगढ़, अमृत विचार : खोए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने एक और सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे मोबाइल फोन बरामदगी अभियान के तहत आजमगढ़ पुलिस ने 23 लाख रुपये कीमत के 105 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बराबर मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सौंप दिया गया। एएसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि फरवरी 2024 से शुरू किए गए इस अभियान के तहत अब तक कुल 2068 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया है जिनकी अनुमानित कीमत तीन करोड़ 83 लाख रुपये है।

हत्यारोपी युवक गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सांगापुर गांव में बीते दिवस छह वर्षीय बच्चे की हत्या कर शव को नहर में बालू से ढंक देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। बता दें कि सांगापुर निवासी रोशन छह वर्ष जो राम कुमार प्रजापति का पुत्र है, दोपहर बाद घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान गांव का रहने वाला मनदीप पुत्र राम सवारे उसे बहला-फुसलाकर गांव के बाहर स्थित नहर के पास ले गया। आरोप है कि मनदीप ने रोशन को नहर में डुबोकर मार दिया और शव को बालू में दफना दिया। जब काफी समय तक बच्चा घर नहीं पहुंचा, तो परिजन उसे खोजने लगे। जब परिजन नहर के पास पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था।

अधेड़ की हत्या का नहीं हुआ खुलासा

जलालपुर, अंबेडकरनगर : कमरे में सो रहे अधेड़ की हत्या के मामले में पुलिस तीन दिन बाद भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। बता दें कि बीते गुरुवार को जैतपुर थानाक्षेत्र के मुस्कुराई गांव निवासी रामस्वरूप अपने नवनिर्मित मकान गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निकट बने कमरे में सो रहा था तभी उसकी किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से गले पर वार कर हत्या कर दिया था मृतक के पुत्र विवेक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू किया था लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है तीन दिन बाद भी घटना का खुलासा न होने से पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस के लिए अब यह एक बड़ी चुनौती बन गई है कि वह मामले का खुलासा करे। क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही अंतिम नतीजे पर पहुंच जाएंगे।

मीरानपुर में जश्ने रहमतुल्लिल आलमीन कार्यक्रम 11 को

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर जश्ने रहमतुल्लिल आलमीन और इमाम जाफरे सादिक अलैहिस्सलाम के संबंध में तरही महफिले मकासिदा का वार्षिक कार्यक्रम बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर में अंजुमन अकबरिया पंजीकृत के तत्वावधान में आगामी 18 रबीउल अव्वल तदानुसार 11 सितंबर की रात्रि 08 से 11 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें उल्मा, कराम और शोरा, कराम बारगाहे रिसालत व इमामत में बशर की रहनुमाई के लिए खैरुल बशर आए मिसरए तरह पर कलाम पेशकर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। उक्त जानकारी अंजुमन के अध्यक्ष रेहान जैदी ने दी।

जलालपुर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम कल

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जाफराबाद-जलालपुर स्थित छोटे इमामबाड़े में अंजुमन जाफरिया युवा इकाई के तत्वावधान में जश्ने ईदमिलादुन्नबी का वार्षिक कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित होगा। संयोजक फिजा अब्बास ने बताया कि जश्न मीलाद-ए-सादिकीन के शीर्षक से होने वाले इस तरही व नातिया कलाम की महफिल में अंजुमन अजादारे कर्बला मुबारकपुर सहित स्थानीय अंजुमन गुंच, जाफरिया, अंजुमन जुल्फेकार हैदरी, अंजुमन मजलूमिया, अंजुमन पंजतनी, अंजुमन अजादार हुसैनी, अंजुमन जाफरिया पंजीकृत तथा अंजुमन मासूमिया के अतिरिक्त अन्य अंजुमनें कलाम पेश करेंगी।

अनदेखी

अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, तहसील में आने वाली महिलाओं को हो रही परेशानी

सफेद हाथी साबित हो रही महिला हेल्प डेस्क

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: जलालपुर तहसील में महिलाओं की सहायता के लिए स्थापित महिला हेल्प डेस्क सिर्फ शो पीस बनकर रह गया है और धूल फांक रहा है। जिससे सरकार की मंश को तार-तार किया जा रहा है।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सहायता के लिए थाना, तहसील आदि स्थानों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है ताकि महिलाओं को इन स्थानों पर पहुंचने पर कहीं इधर-उधर भटकना न पड़े और आसानी से कार्य हो जाए। लेकिन जलालपुर तहसील में बना हेल्प डेक्स लगभग एक साल से धूल फांक रहा है। तहसील के अधिकारी द्वारा इस पर ध्यान न देने से तहसील में आने वाली महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस हेल्प

जलालपुर तहसील में बदहाल पड़ी महिला हेल्प डेस्क।

डेस्क पर टूटी कुर्सियां पड़ी है और कई माह से इसमें झाड़ू भी नहीं लगा है। जिससे इसमें पूर्ण रूप से गंदगी व्याप्त है। इतना ही नहीं जब तहसील में समाधान दिवस लगता है तो इसमें भाग लेने के लिए उच्चाधिकारी भी आते हैं। जबकि हेल्प डेस्क बिल्कुल सामने बना हुआ है, लेकिन एक साल से आने वाले उच्चाधिकारी भी इस महिला हेल्थ डेक्स पर ध्यान नहीं दिए, जो लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। उधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बारे में कई बार उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

उपजिलाधिकारी बोले

इस संबंध में जब उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता से बात किया गया तो पहले उन्होंने बताया कि महिला हेल्प डेक्स मेरे संज्ञान में नहीं है। लेकिन अब संज्ञान में आने के बाद इसका समाधान जल्द से जल्द निकला जाएगा।

जिले के 90 क्रय केंद्रों पर होगी धान खरीद

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जिले में धान क्रय सीजन की तैयारी शुरू हो गई है। किसानों को बिक्री में परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन ने छह एजेंसियों के माध्यम से जिले में 90 क्रय केंद्र स्थापित किए हैं। लगभग चार लाख किसानों ने लगभग 1.30 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती किया है। क्रय व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए सभी तहसीलों में क्षेत्रवार केंद्रों की स्थापना की गई है। जनपद में खाद्य विभाग के 30, पीसीएफ के 33, पीसीयू के 16, यूपीएसएस के 7, मंडी समिति के 2 तथा भारतीय खाद्य निगम के 2 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ल ने संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि क्रय केंद्रों पर तौल, भंडारण, भुगतान और किसानों की सुविधाओं से जुड़े सभी इंतजाम समय से पूरे किए जाएं ताकि धान की खरीद पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से हो सके।

अमृत विचार

अयोध्या, सोमवार,8 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

मनरेगा योजना से बनी सड़क का उद्घाटन

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : ग्राम पंचायत जफरपुर (शर्मा बस्ती) में मनरेगा योजना के अंतर्गत बनी 250 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क का रविवार को उद्घाटन किया गया। महेंद्र शर्मा के घर से रुद्र प्रताप शर्मा के घर तक बनी इस सड़क का उद्घाटन भाजपा जिला महामंत्री एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चौहान ने फीता काटकर किया।

समरथपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला लगा

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय तहसील क्षेत्र के समरथपुर स्थित भोलेनाथ शिव मंदिर परिसर में रविवार को नेशनल मेडिकल ऑर्गनाइजेशन व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. सुमित कुमार व डॉ. अनुपम कुमार की टीम ने मरीजों की नि :शुल्क जांच कर दवाएं वितरित कीं। सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और परामर्श प्राप्त किया। ग्राम प्रधान राजेश तिवारी ने कहा कि इस पहल से ग्रामीणों को गांव में ही उपचार उपलब्ध हुआ।

कॉपीराइट एक्ट में वांछित गिरफ्तार

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत दोस्तपुर पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट 1957 व ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 सहित कई धाराओं में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अनिल जायसवाल निवासी रफीगंज, थाना कटका, जनपद अंबेडकरनगर के रूप में हुई है।

पांचवें विकल्प व नेगेटिव मार्किंग ने बढ़ाई चिंता

जिले के 11 केंद्रों पर यूपीएसएसएससी प्राथमिक अर्हता परीक्षा नए बदलाव के साथ शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2025 का समापन रविवार को चौथे चरण के साथ सफलतापूर्वक हो गया। इस बार की परीक्षा में आयोग द्वारा एक नया प्रयोग किया गया, जिसमें प्रत्येक प्रश्न में पांचवा विकल्प जोड़ा गया। यह बदलाव कई छात्रों के लिए भ्रम का कारण बना, खासकर जब उसे 1/4 नेगेटिव मार्किंग के साथ जोड़ा गया। परीक्षा के स्तर को लेकर छात्रों की राय मिली-जुली रही। कुछ छात्रों को पेपर अपेक्षाकृत आसान लगा, वहीं कई छात्रों ने इसे मध्यम से कठिन स्तर का बताया।

शहर के जीआईसी से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

गाजीपुर से आए छात्र ब्रिकेश यादव ने कहा कि यह पांचवां विकल्प, जो आमतौर पर 'उपरोक्त में से कोई नहीं' या 'सभी सही हैं' जैसे स्वरूप में आता है, ने उनके एलीमिनेशन मेथड को निष्प्रभावी कर दिया और अंतिम निर्णय में असमंजस बढ़ाया। गाजीपुर के विशाल तिवारी ने कहा कि 100 में से 15-20 प्रश्न अत्यंत सरल थे। बाकी प्रश्नों में ट्रिक और कांसेप्ट आधारित सवाल थे, जो अंत तक उलझाते रहे। डाटा इंटरप्रिटेशन सेक्शन में पूछे गए 20 प्रश्नों में से 10 प्रश्न सरल से मध्यम स्तर के थे। जबकि 10 प्रश्नों को मध्यम से कठिन श्रेणी में रखा गया। अमेठी से आई ज्योति ने जीआईसी केंद्र पर परीक्षा दी। निकलते हुए उन्होंने कहा कि कुल प्रश्न पत्र स्तर सरल से मध्यम रहा। हालांकि, नया पांचवां विकल्प और नेगेटिव मार्किंग जैसे बदलावों ने छात्रों की रणनीति को चुनौतीपूर्ण बना दिया।

1896 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

सुलतानपुर : जिले में बनाए गए 11 परीक्षा केंद्रों पर शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हो गई, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। प्रथम पाली में कुल आवंटित परीक्षार्थी 4920 थे। इसमें कुल उपस्थित परीक्षार्थी 3988 और कुल अनुपस्थित परीक्षार्थी 932 रहे। वहीं, दूसरी पाली में भी 964 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। इस पाली में कुल आवंटित 4920 में 3956 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 9840 में 7944 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि, 1896 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

एमजीएस इंटर कॉलेज के 17 खिलाड़ियों का हुआ चयन

● प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का करेंगे प्रतिनिधित्व

सुलतानपुर, अमृत विचार: अयोध्या में हुई मंडल स्तरीय माध्यमिक विद्यालय छात्र-छात्रा फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर एमजीएस इंटर कॉलेज के 9 छात्र और 8 छात्राओं का चयन प्रदेश स्तरीय ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 12 से 16 सितंबर तक गाजीपुर में आयोजित होगी।

खिलाड़ी टीम कोच एवं कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता राजेश कुमार कनौजिया के नेतृत्व में प्रतिभाग करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में आदित्य यादव, आदर्श, युवराज, विजय, हिमांशु मौर्य, प्रवीण कुमार, सुधीर सोनी, आदर्श गौड़, वैष्णवी, प्रियांशी पाल, खुशी मौर्य, सुकृति, गरिमा सिंह, जिकरा फातिमा, राधिका कश्यप और मुस्कान मौर्य शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने राजेश कुमार एवं पंत स्टेडियम के कोच आशुतोष गुप्ता की देखरेख में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किया। खिलाड़ियों के चयन पर विद्यालय अध्यक्ष संजय सिंह, प्रबंधक डॉ. विनोद सिंह, प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह, प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर सहित खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

दुर्गापूजा से पूर्व पालिका ने सजाया शहर

जिला संवाददाता,सुलतानपुर

अमृत विचार: आगामी दुर्गापूजा के अवसर पर नगर को दिव्य और भव्य रूप देने के क्रम में नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा प्रयागराज मार्ग पर नवजीवन हॉस्पिटल से पयागीपुर चौराहे तक सड़क के डिवाइडर पर डिजाइनर ब्रैकेट युक्त 47 आक्टागोनल पोल लगाए गए। प्रत्येक पोल पर 120 वाट की एलईडी लाइट और तिरंगा स्ट्रिप लाइट सजाई गई। पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने विधिवत पूजन-अर्चन कर इसका लोकार्पण किया।

उन्होंने बताया कि पहले भी गोलाघाट से बस स्टेशन, कलेक्ट्रेट, शाहगंज चौराहा, दरियापुर से फ्लाईओवर तक तिरंगा स्ट्रिप लाइटें

स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

● मुख्य मार्ग पर जगमगाए 47 पोल पालिकाध्यक्ष ने किया लोकार्पण

लगाई जा चुकी हैं। अब पयागीपुर तक मुख्य मार्ग को सजावटी पोलों से जगमग कर दिया गया है। दुर्गापूजा और दशहरा मेले को देखते हुए शहर के सभी मार्ग प्रकाश बिंदुओं को दुरुस्त किया जा रहा है और नई एलईडी लाइटें भी लगाई जा रही हैं। अगले वर्ष तक बस स्टेशन से गभड़िया अमहट तक इसी तरह की रोशनी से शहर को सजाने की योजना है। कार्यक्रम का संयोजन सभासद अखिलेश मिश्र और गिरीश कुमार मिश्र ने किया।

दबंगों ने ढाबे पर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार: स्थानीय थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर स्थित कूरेभार कस्बे के एक ढाबे पर शनिवार की रात दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान ढाबे पर काम कर रहे युवक की लात-घूंसों से पिटाई भी कर दी। पीड़ित गोलू गुप्ता निवासी कूरेभार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब दस बजे वह चावल बना रहा था। तभी ग्राम पटना सैदखानपुर निवासी मुकेश यादव अपने 7-8 साथियों के साथ वहां पहुंचा और अंडा भुजिया बनाने की जिद करने लगा। जब गोलू ने थोड़ी देर रुकने को कहा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। मारपीट में गोलू घायल हो गया और ढाबे का सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। थानाध्यक्ष कूरेभार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

बल्दीराय/विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के अगई गांव में रविवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब 75 वर्षीय वृद्ध अवधेश कुमार मिश्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब साढ़े पांच बजे अवधेश कुमार अपने घर के बाहर गिरे पड़े मिले। परिजनों ने देखा तो उनके सिर, कमर और सीने पर चोट के निशान थे। आनन-फानन परिजन उन्हें जिला अस्पताल सुलतानपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना से आहत परिजनों ने

घटना की जानकारी पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

● परिजनों ने कराया पोस्टमार्टम पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी

पुलिस को सूचना दी। मृतक के पुत्र विष्णुदेव मिश्र की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वृद्ध की मौत से परिवार में कोहराम मचा है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की तहरीर मिली है, मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

नीलगाय से टकराई कार एयरबैग खुलने से सभी बचे

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार: अयोध्या-जगदीशपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। मध्यप्रदेश के सतना जिले के निवासी एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय में तैनात कर्मचारी जे.एन. चौरसिया अपने परिवार के साथ अयोध्या धाम से दर्शन कर लौट रहे थे। हलियापुर ओवरब्रिज से पहले तिरहुत मोड़ के पास अचानक सड़क पार करती नीलगाय उनकी कार से टकरा गई।

दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि गनीमत रही कि कार में सवार चौरसिया, उनकी बहू, बेटा और पौत्र पूरी तरह सुरक्षित बच निकले। परिजनों ने बताया कि सभी ने सीट बेल्ट लगा रखी थी, जिससे एयरबैग खुल गए और बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

17 की जनसभा को लेकर हुई तैयारी बैठक

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार: इसौली विधानसभा क्षेत्र के वलीपुर बाजार स्थित खेल मैदान में 17 सितंबर को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की जनसभा आयोजित होगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर इसमें शिरकत कर जनता को संबोधित करेंगे। सभा की सफलता सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को जिलाध्यक्ष विनीत कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री मनोज शर्मा, जिला महासचिव संतोष राणा एवं प्रदीप कुमार पीटर ने स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं व बाजार वासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

धूमधाम से निकाली गणेश विसर्जन यात्रा

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचार: कस्बे में शनिवार रात गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। पटेल चौक से प्रारंभ हुई यात्रा नगर का भ्रमण करते हुए महाआरती एवं सम्मान समारोह के साथ आगे बढ़ी।

इस अवसर पर केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति ने नगर के विभिन्न पूजा पंडाल समितियों के अध्यक्षों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदानकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष आनंद प्रकाश द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी,

विसर्जन शोभायात्रा की आरती में पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● महाआरती व सम्मान समारोह में समिति पदाधिकारियों का हुआ अभिनंदन

सीओ विनय गौतम समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। विसर्जन यात्रा देवाढ़ घाट पर सम्पन्न हुई, जहां मूर्तियों का विधिवत विसर्जन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर पुलिस बल संग मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभासदों व बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित कराएगा क्षत्रिय कल्याण परिषद

● बैठक में बसंत सिंह को बनाया गया जिलाध्यक्ष

सुलतानपुर, अमृत विचार: अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की बैठक क्षत्रिय भवन, महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज परिसर में हुई।

बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें बसंत कुमार सिंह को जिलाध्यक्ष व राजेंद्र प्रसाद सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में राजेश सिंह, श्याम प्रकाश सिंह, अजय सिंह, अरविंद सिंह उपाध्यक्ष, रजनीश सिंह समेत कई महासचिव, सर्वेश सिंह कोषाध्यक्ष, विनय सिंह मीडिया प्रभारी तथा बृजेश सिंह व अन्य सचिव चुने गए। इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह राजा एडवोकेट ने मंच से मूर्ति स्थापना हेतु 51 हजार रुपये देने की घोषणा की। श्री सिंह ने धनपतगंज बाजार में लगी स्व इन्द्रभद्र सिंह की मूर्ति हटाये जाने के प्रस्ताव का भी पुरजोर विरोध किया।

अब फ्री राशन नहीं, शासन से अपात्रों की सूची जारी

संवाददाता, सुलतानपुर

● शासन से बनी है सूची में शामिल हैं चार पहिया वाहन स्वामी व पांच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसान

अमृत विचार: जोड़-तोड़ व दांव पेच लगा अपात्र लोगों ने भी लाभ लेने के लिए राशन कार्ड बनवा लिया है। कोरोना काल से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत फ्री राशन का लाभ भी उठा रहे हैं। ऐसे फर्जी लाभार्थियों पर कार्यवाही करने के लिए शासन ने मन बना लिया है। फर्जी लाभार्थियों की सूची पूर्ति निरीक्षको को शासन से भेज दी गई है। साथ ही जांच पड़ताल करते हुए फर्जी लाभार्थियों का राशन कार्ड निरस्त करने का निर्देश दिया है। शासन की इस कार्यवाही से महकमे के साथ फर्जी लाभार्थियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

जिले के 14 विकास खंडों व शहरी क्षेत्रों में कुल 4 लाख चालीस हजार से ज्यादा पात्र गृहस्थी व अंतोदय कार्ड धारक है। पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 5 किलो तो अंतोदय कार्ड धारक को 35 किलो राशन प्रति कार्ड मुफ्त दिया जाता है। इसमें कुछ ऐसे लोग हैं जो पात्रता श्रेणी में न होने के बाबजूद भी फ्री राशन का लाभ ले रहें हैं। विभाग कई बार जांच अभियान की बात कही लेकिन मामले को ठंडे बस्ते में डाल देती थी। जिसका नतीजा यह निकला कि जो वास्तव में पात्र हैं उनका आवेदन पोर्टल पर लंबित पड़ा हुआ है। वही कितने पात्र ऐसे भी हैं जिनका आवेदन पूर्ति निरीक्षक के ऑफिस में धूल फांक रहा है। विभाग द्वारा अपात्रो की जांच पड़ताल में लापरवाही बरतने के चलते इस बार शासन ने ही अपात्रों की सूची जारी कर दी है। जिससे महकमे में हड़कंप मचा हुआ है, वही फर्जी लाभार्थी भी असमंजस में है।

शासन से अपात्रों की सूची पूर्ति निरीक्षकों को भेजी गई है, जांच कर अपात्रो का कार्ड काटा जा रहा है। जो पात्र लाभ से वंचित हैं उनका राशन कार्ड बनवा लाभ दिलाया जायेगा।- **जीवेश मौर्य, जिला पूर्ति अधिकारी**

6 हज़ार से ज्यादा हैं अपात्र राशन कार्ड धारक

मिली जानकारी के मुताबिक जिले में 6 हज़ार से ज़्यादा अपात्र राशन कार्ड धारक है। जो राशन कार्ड धारक आयकर दाता है या फ़िर पांच एकड़ जमीन है, उनको शासन ने अपात्र घोषित कर सूची जारी की है। शासन से जारी सूची सम्बन्धित पूर्ति निरीक्षक के पास भेज दी गई, साथ ही उन्हे जांच कर अपात्रों का कार्ड निरस्त करने का निर्देश दिया है। जिससे राशन कार्ड के लिए पोर्टल पर लंबित आवेदन जांच कर पात्रों को लाभ दिया जा सके।

जमीनी विवाद में दो पक्ष भिड़े पुलिस ने शांति भंग में की कार्रवाई

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के दियरा अल्देमऊ गांव में एक जमीन के विवाद का मामला सामने आया है। दियरा निवासी प्रदीप तिवारी अपनी जमीन पर जेसीबी लगवा समतल करवा रहे थे तभी निर्मला पत्नी हरिदास कुमार निषाद, अखिलेश सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह, चंद्रभान यादव, राधा देवी पत्नी रामकरन और राकेश कुमार गुप्ता पुत्र महावीर गुप्ता ने विरोध जताया। विरोध के चलते दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। सूचना पर पहुंची मोतिगरपुर पुलिस ने मामले को शांत करवाते हुए दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक प्रदीप तिवारी ने बहुत पहले निर्मला पत्नी हरिदास कुमार निषाद, अखिलेश सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह, चंदभान यादव, राधा देवी पत्नी रामकरन और राकेश कुमार गुप्ता पुत्र महावीर गुप्ता ने बैनामा कराया है। विपक्षियों का आरोप है कि प्रदीप तिवारी के भाई कुलदीप तिवारी एसडीएम जयसिंहपुर के स्टेनो है। सरकारी अमले को प्रभाव में लेकर जबरदस्ती कब्जा करने की नियत से जेसीबी लगवा रात में मिट्टी समतल करवा रहे थे। मोतिगरपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि जमीन की पैमाइश नहीं होने के चलते विवाद हुआ था। दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान किया गया है।

अमृत विचार एक संपूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

मो0-9696715133

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैने अपना नाम ALIYA से बदलकर ALIYA KHATUN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHAMMAD USMAN ADD-TAMBAUR, TAMBAUR KHAS DIST-SITAPUR-261208 (U.P)

सूचना

सूचित हो कि मै मो0 अजहर पुत्र मो0 उमर व रशीदा बेगम पत्नी मो0 अजहर, निवासीगण मु0 स्टेशन रोड नदी का पुल, कस्बा व तह0-जसवन्तनगर, जिला इटावा, मेरा बडा पुत्र मो जफर व पुत्रबधू नाजिया, छोटा पुत्र मो0 अनवर व पुत्रवधू अनम आये दिन मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार करते है जिससे हमसभी ने उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधू के आतंक से तंग आकर समस्त रिश्ते समाप्त कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उपरोक्त द्वारा किसी भी तरह के लेन-देन या खरीद-फरोख्त या किसी प्रकार की लिखा-पढ़ी करता-कराता है तो इसमें मै व मेरे परिवारीजन कतई जिम्मेदार नही होगें। ऐसा करने कराने वाले स्वयं अपने कृत्य के लिये जिम्मेदार होगें।

सूचना

मैने अपना नाम AISH KHATOON से बदलकर AISHA KHATOON रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-SHOUKAT ALI SIDDIQUI ADD-H-No-5 VILL-MUTAKIRPUR, I.I.M ROAD THANA-MADIYAON PO-ALLUNAGAR, DIGURIA, DIST-LUCKNOW-226020(U.P)

सूचना

मैं कुलदीप सिंह पुत्र सहेश ,माता सुषमा देवी निवासी- ग्राम- भगताखेड़ा, मजरा-हेमी, परगना-महोना, तहसील-बख्शी का तालाब, जनपद-लखनऊ, उ0प्र0, मैने शैक्षिक सत्र 2020 विद्यालय कंचन शिक्षा निकेतन पटेल नगर भदसर, बी0के0टी0, लखनऊ से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक-1143328 है। मेरे हाईस्कूल का अंकपत्र (मार्कशीट) वास्तव में कहीं खो गई है।

NOTICE

I, Santosh Kumar Dixit, S/o Shri Ramesh Chandra Dixit, R/o Alamnagar, Bhaptamau, Lucknow, declare that my daughter's name has been wrongly recorded as Vidhi Dixit in her school records. Her correct name as per Birth Certificate is Vaishnavi. Henceforth, she shall be known as Vaishnavi in all her academic records.

सूचना

मेरे पुत्र का नाम पृथ्वी ओमर आधार व जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है लेकिन त्रुटिवश विद्यालय में देव ओमर दर्ज हो गया है अतः देव ओमर व पृथ्वी ओमर एक ही व्यक्ति के नाम है। **प्रकाश चंद्र ओमर मोहल्ला मण्डई तहसील व थाना बिलग्राम जिला हरदोइ**

सूचना

मैने अपना नाम SABAL SAXENA से बदलकर SABAL KUMAR SAXENA रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। C/0-LATE-RAJENDRA BEHARI LAL SAXENA ADD-304,UPHAR, JAIL ROAD ELDECO UDYAN-1 VASANT VIHAR DIST-LUCKNOW-226002 (U P)

सूचना

मै संतोष कुमार दीक्षित (SANTOSH KUMAR DIXIT) पुत्र रमेश चंद्र दीक्षित निo-आलमनगर भपटामऊ, जिला-लखनऊ उ0प्र0-226017, मेरी पुत्री वैष्णवी (VAISHNAVI) है जिसकी जन्म तिथि-20-09-2010 है तथा जन्म प्रमाण पत्र रजि0 सं0- NNLKO-2010-014551 व क्रम सं0-3889 पर पुत्री का नाम वैष्णवी (VAISHNAVI) अंकित जो कि सत्य एवं सही है जबकि पुत्री का नाम विद्यालय के अभिलेखों में त्रुटिवश विधि दीक्षित (VIDHI DIXIT) अंकित हो गया है। जो कि गलत हो गया है। अतः मेरी पुत्री वैष्णवी (VAISHNAVI) का नाम विद्यालय के सभी शैक्षिक अभिलेखों में विधि दीक्षित (VIDHI DIXIT) के स्थान पर वैष्णवी (VAISHNAVI) अंकित किया जाय। पुत्री की माता नाम श्रीमती सोनी दीक्षित (SONI DIXIT) है।

आयोजन

रोटरी क्लब सुलतानपुर में 47वीं डॉ. राधाकृष्णन मेमोरियल वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

स्टेला मॉरिस को मिला प्रथम पुरस्कार एवं वैजयंती शील्ड

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: रोटरी क्लब सुलतानपुर द्वारा 47वीं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन मेमोरियल वाद-विवाद प्रतियोगिता 2025 का आयोजन रविवार को होटल गार्डन व्यू, सिरवारा रोड पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. रामजी त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, मुम्बई विश्वविद्यालय रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

छात्र-छात्राओं ने "क्षेत्रीय भाषा की अनिवार्यता संवैधानिक समानता के अधिकार पर खतरा और अलगाववाद की शुरुआत है?" विषय पर पक्ष-विपक्ष में अपने विचार रखे। निर्णायक मंडल में श्री संत बहादुर यादव, डॉ. इंद्रजीत सिंह एवं प्रो. संतोष कुमार पांडेय शामिल रहे। निर्णय में स्टेला मॉरिस कान्वेंट स्कूल, नारायणपुर को कुल प्रदर्शन के आधार पर प्रथम पुरस्कार एवं वैजयंती शील्ड प्रदान की गई।

कार्यक्रम में सम्मानित की गई आदर्श शिक्षिका। ● अमृत विचार

पक्ष में प्रथम पुरस्कार कृतिका त्रिपाठी (स्टेला मॉरिस), द्वितीय श्रेया (राधा रानी कुंवर कृष्ण इंटर कॉलेज), तृतीय संख्या पांडेय (के.एन.आई.सी.ई. करौंदिया) को मिला। विपक्ष में प्रथम पुरस्कार मानवी श्रीवास्तव (स्टेला मॉरिस), द्वितीय खुशी (राधा रानी कुंवर कृष्ण इंटर कॉलेज) तथा तृतीय शुचि मिश्रा (महर्षि विद्या मंदिर) को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर आदर्श शिक्षक के रूप में डॉ. दीपा द्विवेदी, रणंजय सिंह, केशव प्रसाद सिंह, सुषमा एवं विमल कुमार शुक्ला को अंगवस्त्र एवं नेशन बिल्डर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपमंडलाध्यक्ष रोटेरियन नीरव पांडेय ने किया।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन अखिल अग्रवाल, सचिव डॉ. अभिषेक पांडेय, रोटेरियन वेद प्रकाश जायसवाल, पूर्व सचिव निमेन्द्र गोयल, रोटेरियन आर.पी. सिंह, रोटेरियन अलंकार टंडन, रोटेरियन तपन टंडन सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में सचिव डॉ. अभिषेक पांडेय ने आभार ज्ञापित किया।

पति-जेठ पर मारपीट और धमकी का केस

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद सरैया गांव में पत्नी से मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता सुंदरी ने आरोप लगाया कि शुक्रवार रात लगभग आठ बजे उसके पति जितेंद्र निषाद ने गाली-गलौज कर लात-घूंसों और डंडे से उसकी पिटाई की।

इस दौरान जेठ वीरेंद्र निषाद भी मौके पर पहुंचा और जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से हमला किया। घटना में महिला को गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति और जेठ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

न्यूज ब्रीफ

8 हजार की नकदी व जेवर ले गए चोर

नवाबगंज : नवाबगंज थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत ग्रामसभा दौलतपुर मजरा चांदपुर में बीती रात चोरों ने एक घर में घुसकर 8 हजार रुपये की नकदी व जेवर पार कर दिया। पीड़िता गुडिया ने बताया कि उसका पति राजेश कुमार विश्वकर्मा दुबई में रहता है। वह बच्चों के साथ अपने टीनशेड के घर में रहती है। शनिवार की रात वह बच्चों के साथ घर को बाहर सो रही थी। रात में अज्ञात चोर घर में घुस आए और घर में रखी संदूक का ताला तोड़कर 8 हजार रुपये नकद व जेवर चुरा ले गए। भोर में जब वह सोकर उठी और घर को भीतर गयी तो उसे घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर पीआरवी 112 व कोल्हमपुर चौकी प्रभारी शिवकुमार यादव ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और बताया कि मामले की जांच पूरी सतर्कता के साथ की जा रही है। पुलिस क्षेत्र में नियमित निगरानी रख रही है और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

चोरी से काट ले गए पेड़

इटियाथोक : पिता पुत्रों ने पेड़ काटकर चोरी कर लिया। घटना की तहरीर थाने पर दी गई है ।ग्राम गनवरिया के रामसूरत वर्मा ने बताया कि उसके गाटे की भूमि में दर्जनों पेड़ लगे हैं। गांव के ही श्याम मनोहर व उनके पुत्र गंगेश व आदर्श ने सिरसा के सात पेड़ चोरी से काट लिया ।इस बाबत पूंछताछ करने पर आरोपी मारपीट पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना थाने कर दी गई है।

प्रदेश महासचिव का किया स्वागत

गोंडा : कांग्रेस भवन में नव नियुक्त किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव वाजिद अली का शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी के नेतृत्व में स्वागत हुआ। सिविल लाइन के रुस्तम अली उर्फ पुत्तन और मोहित चौहान को शहर अध्यक्ष ने कांग्रेस पार्टी का पट्टिका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर मुख्य शहर उपाध्यक्ष वसीम सिद्दीक़ी, शहर महासचिव शाहिद अंजुम, सैय्यद मुजीब मास्टर, मीडिया प्रभारी शहज़ादे मेवाती, ज़ाकिर अली, निमेश श्रीवास्तव, सुभाष चन्द्र पांडे, विनय प्रकाश त्रिपाठी, निर्मला देवी, मुकेश सोनी आदि मौजूद रहे।

घर से निकली किशोरी लापता, केस दर्ज

नवाबगंज : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी घर से निकलने के बाद लापता हो गयी। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों का आरोप है कि किसी अज्ञात युवक ने उनकी बेटी का अपहरण कर लिया है। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे उनकी बेटी घर से निकली थी। देर शाम तक घर वापस न आने पर तलाश शुरू की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

पूर्व चिकित्साधिकारी के निधन पर शोक

परसपुर : जरौली गांव निवासी डॉ. जंगबहादुर सिंह का शनिवार को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह लंबे समय तक करनैलगंज सीएचसी तैनात रहे। अपने सरल स्वभाव और समाजसेवा के प्रति समर्पण के कारण क्षेत्र में विशेष सम्मान प्राप्त करते रहे। पूर्व गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद जी के सहपाठी और करीबी रहे। रविवार सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया। शवयात्रा में विधायक अजय सिंह, डॉ. अरुण कुमार सिंह, त्रिलोकी सिंह, बासुदेव सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। उनके निधन पर राजनीतिक, सामाजिक और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

बीमारी से ग्रस्त 67 पीड़ितों को मिली आर्थिक सहायता

उमरी बेगमगंज, अमृत विचार: तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने अपने विधानसभा क्षेत्र में गंभीर बीमारियों से ग्रस्त 67 पीड़ितों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 1.07 करोड़ रुपये की सहायता दिलाई है। विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने बताया कि जून से अगस्त महीने तक जो भी पीड़ित उनके पास आए थे उन सभी को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता दिलाई गयी है। इसमें ग्राम सभा टकटोना के सहजाद, देवरदा के दीपक तिवारी, नारायणपुर के विजय कुमार वर्मा, वजीरगंज के सुरेश चंद्र भारती व रानीपुर की सुनीता देवी को 50-50 हजार रुपये, काशीपुर के

- तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दिलाई सहायता

अनूप कुमार एक लाख, जबरनगर के रामकुमार सिंह को 2.50 लाख, अहिरनपुरवा के राघव राम यादव को 3 लाख, बेलसर के गुरुप्रसाद को 2.50 लाख, हरिहरपुर के बलराम को 2 लाख, उमरी की साधुरी सिंह को 1.15 लाख, रसूलपुर के प्रशांत कुमार को 3 लाख, बादलपुर के मथुरा प्रसाद मिश्रा को 1.50 लाख, असरथा के शीतला प्रसाद को एक लाख, जमथा की आशा पांडे को 1.50 लाख, तुलसीपुर की निधि सिंह को 2 लाख की सहायता मिली है।

महिला पर हमला कर मंगलसूत्र व गहने लूटे

नवाबगंज : वजीरगंज के कोठा ग्राम पंचायत के मजरा मुरावन पुरवा में शनिवार की शाम शौच को गई महिला पर तीन अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया और इसकी पिटाई करने के बाद उसके गले से मंगल सूत्र व कान की बाली लूटकर फरार हो गए। पीड़िता रीमा मौर्या पत्नी देव प्रकाश मौर्या ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते शनिवार शाम करीब सात बजे जब वह घर के पीछे बने शौचालय में गयी थी। जब वह शौचालय से बाहर निकल रही थी तभी अचानक तीन युवक आ धमके और उसके गले से मंगलसूत्र व कानों की बाली खींच ली। उपनिरीक्षक रामकेश भारती ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिली है। लिखापढ़ी की जा रही है।

32 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र, खिले चेहरे

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के परिसर में रविवार को 32 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व सीडीओ अंकिता जैन ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र प्रदान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुदेशकों की नियुक्ति से प्रशिक्षण की गुणवत्ता में और आएगा। नियुक्त पत्र पाकर अनुदेशकों के चेहरे खिल उठे।

जिलाधिकारी ने नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए नवनियुक्त अनुदेशकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह नियुक्ति न

चयनित अनुदेशक को नियुक्ति पत्र प्रदान करतीं डीएम प्रियंका निरंजन व सीडीओ अंकिता जैन।

- राजकीय आईटीआई के परिसर में वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

केवल उनके व्यक्तिगत जीवन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि इससे युवाओं के तकनीकी कौशल विकास में भी उनकी अहम भूमिका सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कौशल विकास एवं युवा सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और आईटीआई संस्थान इस दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रशिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी अनुदेशकों से संस्थान के छात्रों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया।

संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि अनुदेशकों की नियुक्ति से प्रशिक्षण की गुणवत्ता में और सुधार आएगा और छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध हो सकेगा।कार्यक्रम के दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए अजय प्रताप सिंह, आईटीआई संस्थान मनकापुर, तरबगंज व करनैलगंज के प्रधानाचार्य तथा आईटीआई स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

दो पालियों में 12,551 ने दी प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा

दूसरे दिन 2041 परीक्षार्थी रहे गैरगाजिर, परीक्षा केंद्रों पर लगातार भ्रमण कर निगरानी करते रहे अधिकारी

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को जिले के 18 केंद्रों परीक्षा आयोजित की गयी। पहली पाली में 1050 व दूसरी पाली में 991 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरे दिन कुल 12551 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। आयुक्त, डीएम व एसपी समेत अन्य अधिकारी लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की निगरानी करते रहे।

परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

परीक्षा केंद्र के भीतर जाने से पहले परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गयी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कराई गयी जबकि दूसरी पाली की परीक्षा एक बजे से तीन बजे तक हुई। परीक्षा के लिए जिले के 18 स्कूलों को केंद्र बनाया गया था। परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को पहली पाली में कुल 7296 परीक्षार्थियों को शामिल होना था लेकिन इसमें से सिर्फ 6246 परीक्षार्थी ही केंद्र पर परीक्षा देने पहुंचे जबकि 1050 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में भी 7296 के सापेक्ष 6305 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 991 अनुपस्थित रहे।

देवीपाटन मंडल आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एसपी विनीत जायसवाल व अपर जिलाधिकारी तथा परीक्षा के नोडल अधिकारी आलोक कुमार लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। परीक्षा की सुचिता व पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए भी केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया था। परीक्षा की विडियो रिकॉर्डिंग भी करायी गयी। कंट्रोल रूम से भी परीक्षा की निगरानी होती रही। इसके अलावा केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती रही।

विधि और विज्ञान के संबंध को समझना होगा

गोंडा, अमृत विचार : विधि और विज्ञान के बेहतर समन्वय ने कानूनी मामलों के विचारण में क्रान्तिकारी परिवर्तन किया है। इस समन्वय ने विचारण की प्रक्रिया को पारदर्शी और अधिक त्रुटिरहित बनाने का काम किया है। न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े सभी व्यक्तियों को न्याय और विज्ञान के इस आपसी संबंध की समझ विकसित करनी चाहिए। उक्त विचार उच्च न्यायालय इलाहाबाद के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंगनाथ पांडेय ने अधिवक्ता परिषद के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

कार्यक्रम को संबोधित करते सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंगनाथ पांडेय।

बार एसोसिएशन के सभागार में जिला अध्यक्ष धन लाल तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। अधिवक्ता परिषद की प्रांतीय महामंत्री मीनाक्षी सिंह परिहार ने कहा कि अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का उद्देश्य समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय की पहुंच को आसान बनाना है। प्रांतीय उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध वर्ग होने के नाते ये हमारा कर्तव्य है कि हम समाज को स्वस्थ वैचारिक नेतृत्व प्रदान करें। कार्यक्रम को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारत द्विवेदी, महामंत्री संजय सिंह व केके श्रीवास्तव सहित अन्य ने संबोधित किया।

ई-रिक्शा पलटा, चालक की मौत

गोंडा, अमृत विचार : खरगूपुर थाना क्षेत्र के गोकरननाथ शिवाला मार्ग प तेंदुआ चौघड़िया गांव के पास शनिवार की रात एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

खरगूपुर के महलिया गांव का रहने वाला रामकुमार कनौजिया फल बेचने का काम करता था। वह प्रतिदिन ई रिक्शा पर फल लेकर गांव गांव जाता था। शनिवार को भी वह ई रिक्शा लेकर बेचने गया था। देर शाम करीब 8 बजे वह अपने घर लौट रहा था। रास्ते में खरगूपुर गोकर्णनाथ शिवाला मार्ग पर तेंदुआ चौघड़िया गांव के पास उलका ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया और चालक रामकुमार कनौजिया रिक्शे के नीचे दब गया। आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाला और गंभीर अवस्था में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर उसके धर पहुंची तो कोहराम मच गया। पत्नी कमलेश बड़ी पुत्री कोमल (14) मानवी (10) तथा पुत्र गौरव (7) सहित अन्य परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर अचानक पलट गया जिसमें रामकुमार की दबकर मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

राम कुमार (फाइल फोटो)।

पिकअप की ठोकर से बाइक सवार घायल

खरगूपुर : बाइक चालक को पिकअप ने टक्कर मार दी। ठोकर लगने से बाइक पिकअप की बोनट में फंस गयी और करीब 10 मीटर तक घसीटती रही। आसपास के लोगों ने दौड़कर पिकअप को रुकवाया, तब जाकर बाइक चालक की जान बची। महाराजगंज फरेंदा कानूनगो गांव निवासी राम बनारस (60) बाइक से दुधरवा गांव से खरगूपुर की ओर जा रहे थे। वह भंगहा गांव के पास पहुंचे थे कि खरगूपुर की ओर से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। रिश्तेदारों ने उन्हें खरगूपुर सीएचसी में भर्ती कराया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

श्री रामलीला महोत्सव की तैयारी तेज

गोंडा : रानीबाजार मे श्री रामलीला कमेटी की तरफ से आयोजित होने वाले ऐतिहासिक श्री रामलीला महोत्सव की तैयारियां तेज हो गयी हैं। शनिवार शाम को भूमि पूजन के साथ तैयारी का शुभारंभ किया गया।

श्री रामलीला कमेटी रानीबाजार का यह आयोजन वर्ष 1971 से निरंतर होता आ रहा है। इस वर्ष रामलीला महोत्सव भव्य और सांस्कृतिक झलकियों से परिपूर्ण होगा। स्थानीय कलाकारों की सहभागिता के साथ विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भूमि पूजन के अवसर पर कमेटी अध्यक्ष वैभव नारायण, लालजी तिवारी, गौरीशंकर कसौधन उर्फ मंटू भाई, पूरनचंद गुप्ता राजनारायण मोदनवाल, अनिल कसौधन, ध्रुव कमलापुरी आदि मौजूद रहे।

मौलाना की टोपी उतारकर की बदसलूकी, आरोपी गिरफ्तार

मनकापुर, अमृत विचार : खोड़ारे के ग्राम नरहरपुर निवासी मौलाना इश्क़े अहमद ने बताया कि बीते 20 अगस्त को वह गोंडा कचहरी गए थे। लौटते समय झिलाही बाजार में रुककर एक होटल पर चाय पीने लगे। इसी दौरान एक अज्ञात युवक वहां पहुंच गया और उन्हें अपशब्द कहने लगा। मना करने पर उनकी टोपी उतार ली और दाढ़ी पकड़कर मारपीट की। मामले की जानकारी केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह तक पहुंची। उन्होंने तत्काल पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। आरोपी युवक सर्वजीत सिंह निवासी जफरापुर थाना सदुल्लानगर की पहचान हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सिटी डायरी

बैठक को सम्बोधित करते समिति के जोगिंदर सिंह जानी।

दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने शिवा भट्ट, राजीव मोदनवाल महामंत्री

करनैलगंज : नगर की प्रसिद्ध दुर्गा पूजा जागरण समिति कैलाश बाग की वार्षिक बैठक शनिवार देर शाम श्रीबाला जी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समिति के नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। वरिष्ठ पत्रकार अशोक शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक का शुभारंभ महंत गिरजाशंकर गिरी द्वारा मंगलाचरण से हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से शिव शंकर भट्ट उर्फ शिवा भट्ट को समिति का अध्यक्ष और राजीव मोदनवाल को महामंत्री चुना गया। वहीं, समिति के संरक्षक मंडल में अरुण वैश्य, अशोक सिंघानिया, विश्वनाथ शाह को शामिल किया गया। व्यवस्थापक के रूप में जोगिंदर सिंह जानी, गणेश प्रसाद वैश्य और राघवेंद्र शुक्ला को जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला मंडल की अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी जूली सोनी को दी गई।

नाली विवाद का पटाक्षेप

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : पिछले एक साल से ब्लॉक की ग्राम पंचायत पुरैनिया में नाली निर्माण को लेकर चल रहे विवाद का उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से पटाक्षेप हो गया है। पंचायत सचिव नेहा कुशवाहा ने बताया कि ग्राम पंचायत में कश्मिरवा गांव में जल निकासी को लेकर गांव निवासी पंकज कुमार पांडेय द्वारा ब्लॉक स्तर से लेकर मंडल स्तर के अधिकारियों से गुहार लगाई गई थी। इसके पश्चात नाली का निर्माण न शुरू होने पर उन्होंने न्याय के लिए उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ शाखा में याचिका भी दायर की। जहां पर नाली निर्माण का आदेश पारित किया गया। उन्होंने बताया कि विपक्षियों द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश पर स्थगन आदेश न आने के कारण पुलिस की मौजूदगी में नाली का निर्माण शुरू कर दिया गया है। ब्लॉक के एडीओ आईएसबी विष्णु कुमार प्रजापति, एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल व ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे।

हाईवोल्टेज से वाशिंग मशीन में लगी आग, काले धुएं का गुबार देख मचा हड़कंप

करनैलगंज : रविवार की सुबह करनैलगंज बस स्टॉप के बगल उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक मकान से अचानक काले धुएं का गुबार निकलता देखा गया। मकान में किराए पर रह रही एक प्रधानाध्यापक और उनके परिवार को स्थानीय लोगों ने समय रहते बाहर निकाला, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब सात बजे लोग टहलने निकले थे तभी बस स्टॉप के पास स्थित मकान से धुआं निकलता दिखा। शोर मचाकर दरवाजा खुलवाया गया और घर के अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकाला गया। इसी दौरान आग पर भी काबू पा लिया गया ।बताया जा रहा है कि अचानक हाई वोल्टेज आने से मकान में रखी वाशिंग मशीन में आग लग गई। हैरानी की बात ये रही कि वाशिंग मशीन का स्विच बंद था। इसके अलावा इलाके के कई घरों में पंखे व अन्य बिजली उपकरण भी जल गए। सीएचसी में कार्यरत नेत्र परीक्षक अवधेश गोस्वामी ने बताया कि मकान में प्रतिभा नाम की महिला, जो स्थानीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं, अपने परिवार के साथ किराए पर रहती हैं। गनीमत रही कि समय पर लोगों की नजर पड़ गई, वरना बड़ी अनहोनी हो सकती थी। उपखंड अधिकारी आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि इलाके में अचानक हाई वोल्टेज कैसे आया, इसकी जांच की जा रही है। संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए उचित कदम उठाए जाएं।

प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र पर आधारित पुस्तक का किया गया लोकार्पण

गोंडा : एलबीएस कॉलेज के सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष और शोध केंद्र के निदेशक प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र के व्यक्तित्व पर आधारित एक संस्मरणात्मक पुस्तक का विमोचन रविवार को हुआ। यह पुस्तक डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के कुलपति प्रोफेसर बिजेन्द्र सिंह और प्रदेश शिक्षक संगठन के अध्यक्ष प्रो वीरेंद्र सिंह चौहान, महामंत्री प्रो प्रदीप सिंह, ऑक्टा-अध्यक्ष डॉ. जनमेजय तिवारी, महामंत्री प्रो अमूल्य सिंह द्वारा विश्वविद्यालय से संबद्ध अनेक महाविद्यालयों के सैकड़ों प्राध्यापकों के बीच लोकार्पित की गई। आयोजन डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के अनुदानित महाविद्यालय शिक्षक संघ द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में किया गया।

पुस्तक लोकार्पण के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

राजनीतिक भागीदारी को लेकर गरजा गोस्वामी समाज

गोस्वामी कल्याण संगठन की बैठक में अतिथि का स्वागत कपते लोग। अमृत विचार

करनैलगंज, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद सभागार में रविवार को गोस्वामी कल्याण संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज ने अपनी राजनीतिक उपेक्षा को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया और संख्या के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बटुक भैरवनाथ मंदिर के महंत रामशंकर गिरी ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शंकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यदि अब भी सरकार ने उनकी आवाज नहीं सुनी, तो वे आने वाले पंचायत और विधानसभा चुनावों में सभी राजनीतिक दलों का बहिष्कार करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करते हुए आशीष गिरी को प्रदेश अध्यक्ष और वीरेंद्र गिरी को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, राजवीर गोस्वामी को प्रदेश संगठन मंत्री, अनिल शास्त्री व विनोद गिरी को प्रदेश सचिव, राजेश गोस्वामी को प्रदेश उपाध्यक्ष, आनंद गोस्वामी को प्रदेश कोषाध्यक्षनियुक्त किया गया।

मुश्किल हालात — कटान से दहशत में ग्रामीण, जलभराव और बीमारियों से बढ़ीं परेशानियां

नवाबगंज व कर्नलगंज में बाढ़ के पानी से परेशान ग्रामीण

करनैलगंज/ नवाबगंज, अमृत विचार : कर्नलगंज व नवाबगंज में बाढ़ का पानी लगातार ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। घाघरा नदी का जलस्तर भले ही अब धीरे-धीरे घट रहा है, लेकिन खतरा पूरी तरह टला नहीं है।

रविवार को नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 12 सेमी ऊपर 106.190 मीटर रिकॉर्ड किया गया। नकहरा से लेकर नैपुरा और परसावल तक घाघरा नदी किनारे कटान तेज हो गई है। मच्छरों और गंदगी से संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया है। एसडीएम करनैलगंज ने बताया कि अधिकांश गांवों में बिजली बहाल कर दी गई है।

करनैलगंज के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण करते तहसीलदार सुभद्र प्रसाद।

नवाबगंज के दत्तनगर गांव में बाढ़ के पानी से घिरा घर। अमृत विचार

तहसील प्रशासन की टीम लगातार निगरानी कर रही है। तहसीलदार सुभद्र प्रसाद सहित राजस्वकर्मी मौके पर मौजूद हैं और राहत कार्य जारी है। बाढ़खंड के एई पंकज आर्या ने बताया कि विभाग की रणनीति अब तक सफल रही है। दत्तनगर गांव में मिलन, रामजग और मनोज के कच्चे मकान ढह गए हैं। बीते 24 घंटे में जलस्तर में 9 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई। रविवार शाम अयोध्या में सरयू 33 सेंटीमीटर लाल निशान से ऊपर बह रही थी। सबसे अधिक प्रभावित ब्यौदा माझा, दत्तनगर, साकीपुर और माझाराठ गांव हैं। लेखपाल ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रभावित गांवों में राहत कार्य के लिए 30 नावें लगाई गई हैं। सोमवार से भूसे का वितरण भी कराया जाएगा।

अमृत विचार अयोध्या, सोमवार,8 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

अनुरुद्ध को मिली पीएचडी की उपाधि

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : शम्भू टिकरी सिपहिया निवासी अनुरुद्ध कुमार सिंह ने शिक्षा शास्त्र विषय में डॉक्टर आफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त की है। मालवांचल यूनिवर्सिटी इंदौर (मप्र) ने पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा का परिणाम घोषित किया। पयागपुर के शम्भू टिकरी के मजरा सिपहिया निवासी भीम सिंह के पुत्र अनुरुद्ध ने क्षेत्र का नाम रोशन किया। बेटे की सफलता पर गदगद विमला सिंह ने बताया कि अनुरुद्ध ने बहराइच में सरकारी एवं गैर- सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की सेवा और कार्य परिस्थितियों के तुलनात्मक अध्ययन पर शोध कार्य पूर्ण किया है।

पालतू गाय के हमले में दंपति घायल

बहराइच, अमृत विचार : फखरपुर क्षेत्र में पालतू गाय के हमले में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवारवालों द्वारा दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। सेमरी टेडवा महंत गांव निवासी दुखीराम (45) अपनी गाय को चराने जा रहे थे। तभी उनकी पत्नी लल्ली ने उन पर अचानक हमला कर दिया। बताया जाता है कि वह मानसिक रूप से बीमार रहती है। उसका उपचार चल रहा है। इसी बीच भड़की गाय ने पति और पत्नी पर हमला कर दिया जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल दंपति को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में दोनों का इलाज चल रहा है।

हादसे में होमगार्ड की मौत

बेकाबू स्कार्पियो ने बाइक में मारी टक्कर, साथी की हालत गंभीर

संवाददाता, बहराइच

- स्कार्पियो में फंसकर घिसटती चली गयी बाइक

अमृत विचार : लखनऊ-बहराइच हाईवे पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार दो होमगार्ड जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन दोनों को एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद एक होमगार्ड को मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी की मौत हो गई।

घटना कोतवाली देहात इलाके के कीर्तनपुर स्थित नवोदय विद्यालय के पास की है। फखरपुर थाना क्षेत्र के दोगही बटुरहा निवासी रमाशंकर यादव (40) पुत्र उदयराज व शिव नाथपुर बुबकापुर निवासी हरि प्रसाद (50) पुत्र रतन की ड्यूटी शहर के दरगाह थाना क्षेत्र में गणेश पूजा विसर्जन में लगी थी। दोनों रात में ड्यूटी से वापस घर लौट रहे थे। तभी अचानक नवोदय विद्यालय के पास स्कार्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो में फंस गई और चालक गाड़ी भगाता चला गया। इस दौरान दोनों होमगार्डों ने मदद की गुहार लगाई, लेकिन स्कार्पियो चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। कुछ दूर घिसटने के बाद दोनों होमगार्ड छिटककर सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में दोनों होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों जवानों के सिर, हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों को एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

बहराइच मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में तैनात डॉ. रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि दोनों जवानों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में लाया गया था। हरि प्रसाद के सिर में गंभीर चोटें हैं और पैर की हड्डी भी टूट गई थी। उसे इलाज के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रमाशंकर का इलाज किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक फखरपुर ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल एक होमगार्ड जवान की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हुई है। टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो की तलाश हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है।

हिंदू जन जागरण यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार : हिंदू जन जागरण यात्रा रविवार को नवाबगंज और रुपईडीहा मंडलों में पहुंची। यात्रा में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। अगुवाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सर्वेश कर रहे हैं। महामंत्री योगेश चंद्र पांडेय ने कहा कि इस यात्रा से संगठन, भाईचारा और संस्कृति के प्रति गर्व की भावना प्रबल होगी। उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा ने कहा कि नानपारा में दो दिनों तक चलने वाली यह यात्रा नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी। पहले दिन नवाबगंज और रुपईडीहा मंडलों में भव्य स्वागत के बाद सोमवार को यह यात्रा जिले के अन्य मंडलों में पहुंचेगी। मंडल अध्यक्ष महाराज दिन वर्मा ने कहा कि हिंदू जन जागरण यात्रा समाज को संगठित कर युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाने का कार्य करेगी।

विघटनकारी तत्वों से सतर्क रहें

संवाददाता, जरवलरोड, बहराइच

अमृत विचार : विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल प्रखंड जरवल की समन्वय बैठक मनकामेश्वर महादेव मंदिर जरवलरोड परिसर में सम्पन्न हुई।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष तरुण सिंह व संचालन जिला उपाध्यक्ष अंशुमान यज्ञसेनी ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार एवं पुनर्गठन पर विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से लव जिहाद, जमीन जिहाद, धर्मांतरण तथा अन्य सामाजिक एवं धार्मिक मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि समाज को विभाजित करने वाली प्रवृत्तियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाना और संगठन को मजबूत बनाना आज की आवश्यकता है।

गौरक्षा विषय पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर संकल्प लिया कि गौहत्या रोकने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी समय में गांव-गांव जाकर संगठन को सशक्त बनाने के लिए कार्यक्रम चलाए जाएंगे। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष को रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में अवध प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख सन्तोष सोनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, बजरंग दल के पूर्व जिला सहसंयोजक ऋषि जैन, प्रखंड अध्यक्ष राम निवाज वर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव एवं शरद पोरवाल, गौरक्षा प्रमुख अजय वर्मा सहित विनोद सुधीर सिंह, शैलेंद्र पोरवाल, प्यारेलाल शर्मा, आर.के. सोनी समेत कार्यकर्ता व सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में शामिल होने आए विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

जीएसटी में कमी से व्यापारियों को राहत

- आतिश केडिया प्रदेश महामंत्री और पंकज बनाए गए जिलाध्यक्ष

संवादाता, बहराइच

अमृत विचार : केन्द्र की मोदी सरकार ने जीएसटी काउंसिल की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेकर देश में आर्थिक क्रांति की नई इबारत लिख दी है। रविवार को नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं देवीपाटन मंडल प्रभारी आनन्द अग्रवाल ने कहा कि ये फैसले न सिर्फ व्यापारियों के लिए संजीवनी साबित होंगे बल्कि आम जनता के लिए भी बड़ी राहत का तोहफ़ा हैं।

बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

अग्रवाल ने बताया कि मोदी सरकार ने टैक्स ढांचे को सरल बनाते हुए 28 प्रतिशत के स्लैब को घटाकर 18 प्रतिशत और 12 प्रतिशत के स्लैब को घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दिया है। । श्री अग्रवाल ने कहा कि अब 40 लाख रुपये तक के कारोबार पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन की बाध्यता समाप्त कर दी है। साथ ही व्यापारियों के लिए 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर देने का निर्णय भी सरकार ने लिया है। उद्योग लगाने पर उद्योगपतियों को भूमि की रजिस्ट्री पर स्टाम्प शुल्क से पूरी तरह छूट देने की घोषणा की गई है। डबल इंजन सरकार ने यह साबित कर दिया है कि उनकी प्राथमिकता व्यापारियों और जनता की सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि है। उन्होंने बताया कि बहराइच के जिलाध्यक्ष अतीश केडिया का प्रदेश मंत्री बनाया गया है जबकि पंकज सोनी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री अग्रवाल ने विश्वास जताया कि 22 सितम्बर से लागू होने वाले ये बदलाव एक राष्ट्र-एक टैक्स की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे और भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

53 वाहनों का किया गया चालान

बहराइच, अमृत विचार : शनिवार को पूरे जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 53 वाहनों का चालान किया गया और 100000 से अधिक अर्थदंड वसूल किया गया। लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान गया। अभियान के दौरान स्पीड राडार यंत्र द्वारा वाहनों की गति की जांच की गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाते पाए गए कुल 53 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गई तथा वाहन चालकों से कुल एक लाख छह हज़ार रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

सिलेटनगंज पंचायत भवन पर लटकता मिला ताला

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार : विकासखंड बलहा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलेटनगंज में पंचायत भवन की अमृत विचार की टीम ने 6 सितंबर की दोपहर 11:40 बजे पड़ताल की तो सभी कमरों में ताले लगे थे। न तो सचिव मौजूद थे और न ही कोई सहायक कर्मचारी।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन में ताला लगे रहना आम बात हो गई है। यहां विकास कार्यों पर चर्चा तो दूर, खानापूर्ति तक ढंग से नहीं होती। आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत भवन के लिए लगाया गया नल भी बेकार साबित हो रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बताया कि नल से निकलने वाला पानी न तो साफ है और न ही पीने योग्य। जब बीडीओ अपर्णा सैनी से उनके सीयूजी नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गयी तो रिंग जाने के बाद भी फोन रिसीव नहीं हुआ।

पंचायत भवन पर लगा ताला।

पुराने शिक्षकों पर टेट लागू करना अन्याय

संवाददाता, पुरैना, बहराइच।

अमृत विचार : उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले में यह कहा गया है कि जो भी पुराने शिक्षक टीईटी उत्तीर्ण नहीं हैं, उन्हें दो वर्षों के भीतर यह परीक्षा पास करनी होगी। इस व्यवस्था को लेकर सेवानिवृत्त शिक्षकों ने आपत्ति जताई है।

सेवानिवृत्त शिक्षक रणजीत बहादुर मिश्र का कहना है कि एक दौर में प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता केवल 12वीं थी। बाद में इसे स्नातक और फिर विशिष्ट बीटीसे से जोड़ा गया। 2011 में पहली बार टीईटी अनिवार्य किया गया। ऐसे में 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी को पीछे से लागू करना न्यायसंगत नहीं है। इसी क्रम में तिलक राम मिश्र ने कहा कि भर्ती के समय जो न्यूनतम अर्हता निर्धारित थी, उसी आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति हुई। सेवाकाल के बीच में अर्हता बदलना शिक्षकों से अन्याय है। जगरूप सिंह का कहना है कि सेवानिवृत्त हो चुके अथवा 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर नई शर्तें थोपना तर्कसंगत नहीं है। सरकार को चाहिए कि भर्ती वर्ष की शैक्षिक अर्हता को अंतिम माना जाए। कैलाश नाथ गिरी ने कहा कि भर्ती के समय की योग्यता को सेवाकाल में लागू मानकर निर्णय होना चाहिए। नई व्यवस्था को पुराने शिक्षकों पर लागू करना उचित नहीं है। शिक्षकों ने मांग की है कि सरकार फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

रणजीत बहादुर मिश्र।

तिलकराम मिश्र।

जगरूप सिंह।

कैलाश नाथ गिरि।

पं. जगदीश प्रसाद मिश्रा द्वार का लोकार्पण

जरवल रोड, बहराइच, अमृत विचार : ठाकुर भगौती सिंह किसान इंटर कॉलेज के क्रीड़ा स्थल पर सेनानी एवं विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक स्व. पं. जगदीश प्रसाद मिश्रा के नाम पर द्वार का लोकार्पण किया गया। वर्तमान प्रबंधक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने द्वार का उद्घाटन किया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शिव प्रसाद, वरिष्ठ शिक्षक जगदीश सिंह, चक्रधर वर्मा, विनोद कुमार सिंह तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी कल्लू और गंगाराम को सम्मानित किया गया। भाजपा नेता ओम प्रकाश अवस्थी, प्रधानाचार्य मेजर विनोद कुमार मिश्र कृष्ण पाल मिश्र आदि मौजूद थे।

हसन इलेवन ने 9 विकेट से जीता उद्घाटन मैच

प्रतियोगिता

संवाददाता, नवाबगंज, बहराइच

अमृत विचार : नवाबगंज के अराफात मैदान पर तीन दिवसीय केपीएल देवीपाटन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शहाबुद्दीन खान ने फीता काट कर किया।

उद्घाटन मैच समन इलेवन जमुनही व हसन इलेवन शंकरपुर के बीच खेला गया। हसन इलेवन शंकरपुर ने समन इलेवन जमुनही को नौ विकेट से हराकर उद्घाटन मैच जीता। पहले टास जीतकर समन इलेवन जमुनही ने दो विकेट पर 87 रन बनाए। उमाकांत सिंह ने 17 बाल पर 27, आसिफ 2 बाल पर 1 रन व अभिषेक ने 8 बाल पर 13 रन बनाये। आठ ओवर में 87 रन का लक्ष्य रखा।

जवाब में हसन इलेवन शंकरपुर ने रोशन कुमार 18 बाल पर 34 व रंजीत सिंह ने 7 बाल पर 12 रन का स्कोर करते हुए एक विकेट पर 88 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया। प्रतियोगिता के आयोजक समीर अहमद, आनंद जायसवाल, फरीद अहमद आदि मौजूद रहे । प्रतियोगिता के आयोजक समीर ने बताया कि प्रतियोगिता में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह प्रतियोगिता 3 दिन तक चलेगी।

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

नदी में कूदे दंपति, पत्नी बची, पति हुआ लापता

संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर

अमृत विचार : गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शनिवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब राप्ती नदी के पिपरा घाट पुल से एक दंपति ने अचानक नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद एनडीआरएफ टीम और उतरौला पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पत्नी को सुरक्षित निकाल लिया, लेकिन पति नदी के तेज बहाव में डूब गया।

दंपति की पहचान तुलसीपुर क्षेत्र के सड़वा निवासी कालीप्रसाद चौहान और उनकी पत्नी संध्या के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों पुल पर बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। अचानक कालीप्रसाद ने नदी में छलांग लगा दी। यह देख संध्या भी नदी में कूद गई। संध्या मूर्तियों के बीच फंस गई। एनडीआरएफ के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पत्नी की जान बच गई, लेकिन पति गहरे पानी में समा गया। अपराध निरीक्षक मृत्युंजय सिंह ने बताया कि कालीप्रसाद की तलाश एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से लगातार की जा रही है। वहीं संध्या की मानसिक और शारीरिक स्थिति सामान्य नहीं है, जिसके चलते उससे विस्तृत पूछताछ नहीं की जा सकी है।

वृद्ध लापता, तलाश में जुटी पुलिस

बलरामपुर, अमृत विचार : थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के ग्राम मस्जिदिया निवासी देवराज सिंह कई दिनों से लापता हैं। परिजनों ने बताया कि वे 27 अगस्त को शाम लगभग 5 बजे घर से निकले थे लेकिन उसके बाद वापस घर नहीं लौटे। परिवारजन और रिश्तेदारों ने उनकी काफी खोजबीन की मगर कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद परिजनों ने थाना गौरा चौराहा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

देवराज सिंह।

भाकियू ने समस्याओं पर जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, गैसड़ी बलरामपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को ब्लॉक गैसड़ी में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ नंदकुमार पांडे को सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बी-पैक्स सहकारी समिति गैसड़ी में उर्वरक वितरण के दौरान कई गांवों की अनदेखी की गई। किसानों से खतौनी व आधार कार्ड की प्रति ली गई, लेकिन वापस नहीं की गई।

किसानों ने कहा कि मुख्य राप्ती नहर से उन्हें कोई लाभ नहीं मिल रहा। मांग की गई कि कम से कम एक किलोमीटर पुरानी नहर से जोड़ा जाए ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके। साथ ही पचपेड़वा को तहसील बनाने की भी मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि प्राइवेट दुकानदारों को केवल 20 प्रतिशत यूरिया खाद दी जा रही है, जिससे किसान परेशान हैं। किसानों ने मांग की कि प्राइवेट दुकानदारों को पैसा लेकर पूरा यूरिया उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान जिला अध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा, रामसनेही, रसूल अहमद, गौतम प्रसाद ओझा, अरविंद कुमार तिवारी, पृथ्वी यादव, रामदास, राम तीरथ, बुधराम, गुड़िया समेत किसान यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

23 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : प्रदेश सरकार की निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत व्यावसायिक शिक्षा, कौशल एवं उद्यमशीलता विभाग में नवचयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जिले में भी विकास भवन सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह हुआ।

कार्यक्रम में तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी और जिलाधिकारी पवन अग्रवाल मौजूद रहे। इस दौरान जनपद के 23 नवचयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। सभी चयनितों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वर्चुअल संबोधन भी सुना। विधायक कैलाशनाथ शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं की मेहनत और योग्यता का सम्मान कर रही है। डीएम जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने चयनित अनुदेशकों से निष्ठा से दायित्व निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सीडीओ हिमांशु गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, डीडीओ, डीसी मनरेगा आदि मौजूद थे।

अनुदेशक को नियुक्ति पत्र वितरित करते विधायक, डीएम और अन्य।

प्रतियोगिता

रोमांचक रहा टीचर्स प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला

बलरामपुर वारियर्स ने शिवपुरा को हराकर जीता खिताब

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : बेसिक शिक्षकों के बीच खेले जा रहे टीचर्स प्रीमियर लीग (टीपीएल) का फाइनल मुकाबला रविवार को बलरामपुर वारियर्स और शिवपुरा वारियर्स के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बलरामपुर वारियर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए शिवपुरा को मात देकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

फाइनल में बलरामपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 12 ओवर में सात विकेट खोकर 140 रन बनाए। ओपनर ओम तेवतिया ने 25 गेंदों पर बेहतरीन 48 रन बनाए, जबकि रवि कर्दम ने मात्र 9 गेंदों पर लगातार चार छक्के जड़ते हुए 27 रन का योगदान दिया।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवपुरा वारियर्स की टीम बलरामपुर वॉरियर्स के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी और 10.3 ओवर में मात्र 69 रनों पर सिमट गई।

शिवपुरा की ओर से अंकुर यादव ने 15 गेंदों पर 20 रन बनाए। बलरामपुर के गेंदबाज राकेश ठाकुर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2.3 ओवर में 14 रन देकर चार विकेट झटके।

फाइनल में शानदार बल्लेबाजी और चार कैच पकड़ने वाले ओम तेवतिया को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं, पूरे टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद से उम्दा प्रदर्शन करने वाले तरुण वर्मा को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि आरएसएस के जिला प्रचारक जितेंद्र कुमार और सदर विधायक पल्टूराम ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर बीएसए शुभम शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया।

फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते विधायक पल्टूराम और अन्य।

चोरी की घटनाओं का खुलासा, एक गिरफ्तार

बलरामपुर, अमृत विचार : कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान सूरज कनौजिया निवासी गैजहवा थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है। एसपी विकास कुमार के निर्देशन और एएसपी विशाल पांडे व सीओ नगर ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण में गठित टीम ने शनिवार को अभियुक्त को रानी तलाब क्षेत्र से दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी झाड़ियों में फंसकर घायल हो गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 07 सिक्के सफेद धातु, 02 जोड़ी पायल, 01 जोड़ी कान की टप्स, एक पर्स, आधार कार्ड और 180 रुपये नगद बरामद हुए हैं।

लोगों से मिलकर हर्ष जताते पूर्व सपा प्रत्याशी हसीब खान और अन्य लोग।

गांव-गांव पहुंचे हसीब खान, लोगों का लिया हालचाल

उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार : उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हसीब ख़ान ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का व्यापक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाक़ात कर न सिर्फ़ उनका हालचाल लिया बल्कि दु:ख-सुख भी साझा किया। दौरे की शुरुआत उन्होंने सलाम चौधरी के घर से की, जहां हाल ही में उनकी पत्नी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। इसके बाद वह स्व. राम सूरज यादव के आवास पहुंचे और परिजनों को सहयोग का भरोसा दिया। हुसैनाबाद में उन्होंने क़यूम मलिक से मुलाक़ात कर क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। लालगंज चौराहे पर लोगों से भेंटकर उन्होंने समस्याएँ सुनीं। शहियापुर, कुंडऊ बौडिहार और सेखुईया में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और समस्याएं रखीं। हसीब ख़ान ने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की हर समस्या को प्राथमिकता से अधिकारियों और शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

8 थानाध्यक्षों को मिली नई जिम्मेदारी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन ने शनिवार को प्रशासनिक फेरबदल किया। कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 8 थानाध्यक्षों और प्रभारी निरीक्षकों के तबादले किये गये हैं। बांसी के प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी को शोहरतगढ़ भेजा गया और गौरव सिंह को ढेबरुआ से बांसी का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। चुनाव सेल से राजेश कुमार को चिल्हियां का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। अपराध शाखा से रविन्द्र सिंह को चुनाव सेल की जिम्मेदारी दी गई है। मिश्रौलिया थाने से नारायण लाल श्रीवास्तव को ढेबरुआ का थानाध्यक्ष बनाया गया है तो चिल्हियां के थानाध्यक्ष रामदेव को त्रिलोकपुर भेजा गया है। कपिलवस्तु से बृजेश सिंह को मिश्रौलिया और त्रिलोकपुर के थानाध्यक्ष विपिन प्रकाश सिंह को कपिलवस्तु का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी अधिकारियों को नई जगह पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा 1 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर मीरा चौहान के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा वाद संख्या 3224/18 धारा 323/506 भादवि से संबंधित वारंटी राज बब्बर को ग्राम हरैया से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

पुलिस की सूझबूझ से छात्र को मिला खोया बैग

गोरखपुर,अमृत विचार : देवरिया निवासी अनस जो नखास में रहकर नीट की तैयारी कर रहा है, कैंट स्टेशन से ई-रिक्शा द्वारा महाराणा प्रताप तिराहा पहुंचा। वहां वह अपना बैग रिक्शे में भूल गया। बैग न मिलने पर अनस ने ट्रैफिक पुलिस को सूचना दी। हेड कांस्टेबल यशपाल ने सूझबूझ दिखाते हुए उल्टा बताया गया रिक्शा नंबर सही कर ट्रेस किया। यूपी53केटी7806 नंबर के रिक्शा चालक विकास कुमार से संपर्क कर बैग वापस मंगवाया। बैग पाकर अनस ने राहत की सांस ली और ट्रैफिक पुलिस का आभार जताया। पुलिस की तत्परता व समझदारी से छात्र का जरूरी सामान सुरक्षित लौट सका। मौके पर मौजूद लोगों ने भी पुलिस की सराहना की।

महिला थाना पुलिस ने बचाए 7 बिखरते परिवार

सिद्धार्थनगर , अमृत विचार : महिला थाना में संचालित नई किरण टूटते परिवारों को जोड़ने की पहल कार्यक्रम के अंतर्गत 7 परिवारों को टूटने से बचाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित इस काउंसलिंग में 9 विवादित मामलों की पत्रावली प्रस्तुत हुई, जिनमें से 7 मामलों का आपसी सुलह के माध्यम से निस्तारण किया गया। 2 मामलों में वार्ता जारी है। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय व उनकी टीम में महिला कांस्टेबल आशा गौड़, नेहा सिंह, प्रियंबदा सिंह, शिवानी सिंह, रीना, शिखा खरवार का सराहनीय योगदान रहा। सुलह कराने वालों में रमजान अली, अकबर अली, रफीउल्लाह, पंचम, बालमुकुंद, शिवकुमार और जीत बहादुर के परिवार शामिल हैं।

राष्ट्रीय लोक दल ने चलाया सदस्यता अभियान

कुशीनगर, अमृत विचार : रविवार को हाटा विधानसभा क्षेत्र के पं मदन मोहन मालवीय विद्यालय सिकटा पट्टन में राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान भगवान दयाल विश्वकर्मा की देखरेख में चलाया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय एवं जिलाध्यक्ष विनोद कुमार के अध्यक्षता में सदस्यता अभियान संपन्न किया गया। इस दौरान 12 लोगों को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। साथ ही अन्य लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया।

एनएच 28 पर चल रहा अवैध वसूली का कारोबार

कुशीनगर, अमृत विचार : मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी कुशीनगर जनपद में एनएच 28 सड़क के बीचों बीच मे बाहनो को खड़ा कर सवारियों से भरा गाड़ी रोका जाता है और छोटे वाहनों से 100 से 250 रूपए जबरिया वसूला जाता हैं। वही जिम्मेदार मुक दर्शक बने रहते है। बता दें की कुशीनगर जनपद में एन एच 28 पर अवैध स्टैंड वना कर बीचों बीच सड़क पर छोटे-बड़े प्राइवेट लग्जरी बसों, टेम्पो ई-रिक्शा रोक कर जबरिया अवैध वसूली का काम दबंग लोगों द्वारा किया जाता है। गोरखपुर से तमकुही राज तक लगभग दर्जनों जगह जिसका प्रमुख केन्द्र फाजिलनगर, कसया, हाटा, सुकरौली आदि स्थानों पर नगर पालिका का स्टैन्ड दिखाकर एनएच 28 के बीचों बीच रोड पर वाहनों को रोक कर पैसा वसूला जाता है।स्थानिय लोगों के मुताबिक इस अवैध वसूली के चलते इन विभिन्न स्थानों पर कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

तय समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से करायें निमार्ण कार्य : डीएम

जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण व सत्यापन किया

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार : जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा निर्माणाधीन जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय भवन एवं विश्राम गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्टीमेट एवं नक्शा देखकर कार्यदायी संस्था सिडको के एई को थर्ड पार्टी सत्यापन कराने का निर्देश दिया। इसके साथ समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

निर्माणाधीन जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय भवन एवं विश्राम गृह का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति।

इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा मड़वा नहरी सम्पर्क मार्ग से टोला गजहड़ा सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क को देखा गया। सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया तथा टोला गजहड़ा से सेंगवारे सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टोला गजहड़ा से सेंगवारे सम्पर्क मार्ग को देखा गया।

सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। स्टीमेट एवं एमबी देखा गया। सड़क की लम्बाई 800 मीटर है। जिलाधिकारी द्वारा सड़क को खुदवाकर देखा गया। सही पाया गया। जिलाधिकारी ने समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष व डीएम ने जिले के 25 अनुदेशकों को बांटे नियुक्ति पत्र

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार: यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास विभाग द्वारा 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ से किया गया।

जिसका लाइव प्रसारण अम्बेडकर सभागार में जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. व लाभार्थियों की उपस्थिति में देखा गया। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत यूपी के 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बहुत बहुत बधाई दी।

अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान जानकारी देते जिलाधिकारी।

- **भाजपा जिलाध्यक्ष व डीएम मुख्यमंत्री लाइव प्रसारण कार्यक्रम में हुए शामिल**

जिलाधिकारी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी लोग शासन के निर्देशानुसार कार्य करें। आज प्रदेश के 1510 अनुदेशको को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। जनपद सिद्धार्थनगर के 25 अनुदेशको को नियुक्ति पत्र दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग अपने दायित्वों को निर्वहन करे तथा लोगो को प्रशिक्षण देकर दे जिससे उन्हें भी रोजगार मिले, जिससे हमारा जनपद पिछड़े जनपद की श्रेणी से निकलकर अग्रणी जनपद बने। चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दिया। जनपद के 25 नवनियुक्त अनुदेशकों को जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई डुमरियागंज द्वारा जिलाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी अन्य सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया गया।

पूर्व मंत्री कमाल यूसुफ मलिक की मनायी गयी तीसरी पुण्यतिथि

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : विधानसभा डुमरियागंज के पूर्व मंत्री और पांच बार के विधायक रहे स्वर्गीय कमाल यूसुफ मलिक की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि कमाल यूसुफ मलिक एक जुझारू राजनीतिज्ञ थे। वे जनता के हक और हिफाजत के लिए निरन्तर संघर्ष करते रहे। उन्होंने इलाके के विकास की नींव रखी। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी विशेष रुचि थी। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य इरफान मलिक ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि वे हर साल 15 आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को निःशुल्क बीएड की पढ़ाई करवायेंगे।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय।

शिकायतों के समाधान के बाद फीडबैक जरूर : एसपी

संवाददाता, कुशीनगर

अमृत विचार: रविवार को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस कार्यालय के सभागार में समस्त थानों क्षेत्राधिकारी व कार्यालयों पर नियुक्त आईजीआरएस जनसुनवाई के निस्तारण का कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की।

एसपी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत के निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से फीडबैक लिया जाए, ताकि निस्तारण की गुणवत्ता का आकलन किया जा सके। सभी शिकायतों का निस्तारण शत-प्रतिशत मौके पर जाकर किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान हो और पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिये गये कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना प्रभारियों और संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से अपने क्षेत्र में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करने और उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अगस्त माह में आईजीआरएस रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले थाना खड्डा,हनुमानगंज, जटहांबाजार, कुबेरस्थान, तुर्कपट्टी व महिला थाना के नोडल अधिकारीयों तथा आईजीआरएस का कार्य देखने वाले पुलिसकर्मियों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस गोष्ठी में विभिन्न थानों के संबंधित विवेचकों ने भाग लिया। समीक्षा के दौरान महिला एवं बाल अपराध से संबंधित लंबित विवेचनाओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्देश दिये गये। साथ ही, जिन अभियोगों में पीड़िताओं की बरामदगी अभी तक नहीं हुई है, उनकी शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने हेतु विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी विवेचकों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्य को पूरी निष्ठा और तत्परता से करें, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गोतस्करी से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। ईरान पुलिस विभाग के सभी अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा। अमृत विचार

महाप्रबंधक ने किया गोरखपुर जं. का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से जानकारी लेते पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर। अमृत विचार

संवाददाता,गोरखपुर

अमृत विचार: पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने देर रात गोरखपुर जं. स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने गोरखपुर जं. स्टेशन पर बने अस्थाई यात्री होल्डिंग एरिया, पार्किंग स्थल तथा प्लेटफॉर्मों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने एस्केलेटर, साइनेजेस एवं स्टेशन पर प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। श्री बोरवणकर ने संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये यात्री सुविधाओं को बेहतर करने हेतु आवश्यक सुझाव दिये। महाप्रबन्धक ने गोरखपुर जं. स्टेशन पर चल रही निर्माण परियोजनाओं का भी अवलोकन किया और सुधार हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

विधायक ने हाईमास्ट लाइट के लिए सीडीओ को पत्र भेजा

शोहरतगढ़. सिद्धार्थनगर, अमृत विचार: विधायक शोहरतगढ़.विनय वर्मा ने सीडीओ को एक पत्र बढ़नी, शोहरतगढ़, जोगिया, नौगढ़ व इटवा ब्लाक के विभिन्न गांवों में कुल 46 हाईमास्ट लाइट अपनी विधायक निधि से लगवाने के संबंध में दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के इन पांच ब्लाकों के विभिन्न गांवों में ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के दौरान उनकी मांग पर हाईमास्ट लाइट लगवाने का आश्वासन उन्होंने दिया था। उसी संबंध में यह 46 हाईमास्ट लाइटें लगनी हैं। इसके अलावा जनमानस के निर्देश पर सम्पर्क मार्ग भी बनने हैं, उसकी लिस्ट भी शीघ्र ही सीडीओ को भेजी जायेगी। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि उनका विधानसभा क्षेत्र प्रकाश, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा व पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित रहे। विधायक विनय वर्मा के इस कार्य का क्षेत्र में काफी चर्चा है और लोग उसकी प्रशंसा भी कर रहे हैं।

बूथ की मजबूती ही हमारी सफलता का आधार है : श्याम जायसवाल

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : विधानसभा शोहरतगढ़ अन्तर्गत पं. बाबू राम शुक्ल विद्या मंदिर इन्टर कालेज तुलसियापुर में भारतीय जनता पार्टी मण्डल बढ़नी बूथ अध्यक्ष/वरिष्ठ कार्यकर्ता मण्डल में निवास करने वाले जिला अथवा क्षेत्रीय पदाधिकारी समस्त शक्ति केन्द्र संयोजक/प्रभारी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, प्रबुद्ध जनों का सम्मान समारोह योगेन्द्र तिवारी (मण्डल अध्यक्ष बढ़नी) द्वारा रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने वहां उपस्थित सभी से परिचय प्राप्त किया। वहीं श्याम जायसवाल ने बूथ अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं, सम्मानित जनों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। वहीं श्याम जायसवाल ने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारे बूथ अध्यक्षों के प्रति सम्मान है, बल्कि उनकी मेहनत और समर्पण का उत्सव भी है। बूथ की मजबूती ही हमारी सफलता का आधार है। हम सब मिलकर शोहरतगढ़ विधानसभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचायेंगे और जनता की सेवा के संकल्प को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी को हृदय से आभार व धन्यवाद देता हूँ। आप लोगों ने इस कार्यक्रम मुझे इतना मान सम्मान दिया। इस अवसर पर चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरि, श्यामू गुप्ता (मण्डल अध्यक्ष कठेला) सहित अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

चुनाव बाद सत्ता से हट जाएगी बीजेपी सरकार : माता प्रसाद

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

सपा के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक को संबोधित करते माता प्रसाद पाण्डेय।

अमृत विचार: समाजवादी का पीडीए जागरूकता कार्यक्रम 2027 के चुनाव में प्रदेश की बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। इसके लिए सपा कार्यकर्ताओं पार्टी के विचारों एवं कार्यक्रमों को आमजन को बताने के लिए अभी से गांवों एवं चौराहों पर बखान करें। उक्त बातें नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय ने कहीं। वह रविवार को सपा के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि जनता की वाजिब समस्याओं के निदान के लिए आवाज उठाएं और उनके दुख एवं सुख में तत्काल शामिल हो। जिससे वह पार्टी से जुट सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार में पीडीए समाज का उत्पीड़न चर्म पर है। पुलिस प्रशासन के लोग सरकार के इसारे पर एक वर्ष विशेष के लोगों में भय का माहौल बनाने के लिए फर्जी केस दर्ज कर फंसा रहे है। विधानसभा अध्यक्ष अपने सेक्टर एवं बूथ कमेटियों को सक्रिय कर दें।

प्रेस क्लब में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

गोरखपुर,अमृत विचार: गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सभागार में रविवार को जिला अस्पताल के वरिष्ठ और विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में पत्रकारों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर जरूरी परामर्श दिए। इस अवसर पर रोग के अनुसार मीडियाकर्मियों को मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं।मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर के शुभारंभ अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने चिकित्सकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हेल्थ चेकअप कैम्प प्रेस क्लब कार्यकारिणी की पत्रकार हितों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यकारिणी ने पूर्व में भी ऐसा आयोजन किया था और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सीनियर फिजिशियन डॉ. बी. के. सुमन, डॉ. प्रशांत सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राजन शाही, डॉ. रहमत अली, सर्जन डॉ. बी. पी. मल्ल, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. देव मौर्या, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रविंद्र ओझा ने मीडियाकर्मियों और उनके परिजनों की जरूरी जांच की और परामर्श के साथ दवाएं वितरित कीं। इस निशुल्क शिविर के आयोजन में वसीम इकबाल और पत्रकार साथी धनेश निषाद का विशेष सहयोग रहा। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, महामंत्री पंकज कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री अंगद कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रिन्स कुमार पांडेय, पुस्तकालय मंत्री विनय सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजीव कुमार पांडेय, परमात्मा राम त्रिपाठी की सक्रिय सहभागिता रही।

पूर्वोत्तर रेलवे को माल लदान से कुल 211.414 करोड़ की आय

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन द्वारा व्यापारियों तथा औद्यौगिक प्रतिष्ठानों को दी जा रही उन्नत सुविधाओं तथा मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों के सुनियोजित प्रयासों से पूर्वोत्तर रेलवे पर माल लदान में वृद्धि का क्रम जारी है। वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में माह अगस्त, 2025 तक कुल 1.938 मिलियन टन माल लदान हुआ, जिससे रू. 211.414 करोड़ की आय हुई तथा माह अगस्त, 2025 में कुल 0.452 मिलियन टन माल का लदान हुआ, जिससे रू. 48.926 करोड़ की आय हुई।रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समेकित प्रयासों के फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे पर वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में माह अगस्त, 2025 तक कुल 1.938 मिलियन टन माल लदान लदान हुआ, जो गत वित्त वर्ष 2024-25 में माह अगस्त, 2024 तक कुल 1.827 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 6.076 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, माह अगस्त, 2025 में कुल 0.452 मिलियन टन माल का लदान हुआ, जो गत वित्त वर्ष 2024-25 में माह अगस्त, 2024 में कुल 0.387 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 16.796 प्रतिशत अधिक है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

29 से चलेगी नई दिल्ली से दरभंगा के लिए पूजा ट्रेन

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीवाली एवं छठ त्यौहारों पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये 04450/04449 नई दिल्ली-दरभंगा-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन नई दिल्ली से 29 सितम्बर से 30 नवम्बर तक प्रतिदिन तथा दरभंगा से 30 सितम्बर से 01 दिसम्बर, 2025 तक प्रतिदिन 63 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 04450 नई दिल्ली-दरभंगा पूजा विशेष गाड़ी 29 सितम्बर से 30 नवम्बर, 2025 तक प्रतिदिन नई दिल्ली से 15.10 बजे प्रस्थान कर गाज़ियाबाद से 15.52 बजे, अलीगढ़ से 17.20 बजे, कानपुर सेंट्रल से 22.10 बजे, उन्नाव से 22.45 बजे, दूसरे दिन ऐशबाग से 00.08 बजे, बादशाहनगर से 00.45 बजे, गोंडा से 03.05 बजे, गोरखपुर से 06.10 बजे, देवरिया सदर से 07.10 बजे, सीवान से 08.20 बजे, छपरा से 09.35 बजे, सोनपुर से 11.30 बजे, हाजीपुर से 11.45 बजे, मुजफ्फरपुर से 13.15 बजे तथा समस्तीपुर से 14.40 बजे छूटकर दरभंगा 16.30 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में, 04449 दरभंगा-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी 30 सितम्बर से 01 दिसम्बर, 2025 तक प्रतिदिन दरभंगा से 18.15 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 20.05 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.20 बजे, हाजीपुर से 23.55 बजे, दूसरे दिन सोनपुर से 00.07 बजे, छपरा से 02.00 बजे, सीवान से 03.10 बजे, देवरिया सदर से 04.15 बजे, गोरखपुर से 05.45 बजे, गोंडा से 08.30 बजे, बादशाहनगर से 11.00 बजे, ऐशबाग से 12.00 बजे, उन्नाव से 13.20 बजे, कानपुर सेंट्रल से 14.45 बजे, अलीगढ़ से 20.05 बजे तथा गाज़ियाबाद से 22.10 बजे छूटकर नई दिल्ली 23.00 बजे पहुँचेगी।इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 06 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

नई दिल्ली-मानसी विशेष ट्रेन भी 29 से

गोरखपुर, अमृत विचार : 04454/04453 नई दिल्ली-मानसी-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन नई दिल्ली से 29 सितम्बर से 30 नवम्बर तक प्रतिदिन तथा मानसी से 1 अक्टूबर से 2 दिसम्बर तक प्रतिदिन 63 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 04454 नई दिल्ली-मानसी पूजा विशेष गाड़ी 29 सितम्बर से 30 नवम्बर तक प्रतिदिन नई दिल्ली से 20.00 बजे प्रस्थान कर गाज़ियाबाद से 20.50 बजे, अलीगढ़ से 22.20 बजे, टूण्डला से 23.25 बजे, दूसरे दिन इटावा से 00.30 बजे, कानपुर सेंट्रल से 03.30 बजे, उन्नाव से 04.05 बजे, ऐशबाग से 05.17 बजे, बादशाहनगर से 05.50 बजे, बाराबंकी से 06.45 बजे, गोंडा से 08.10 बजे, बस्ती से 09.25 बजे, खलीलाबाद से 10.00 बजे, गोरखपुर से 11.05 बजे, देवरिया सदर से 12.02 बजे, सीवान से 13.05 बजे, छपरा से 14.35 बजे, सोनपुर से 17.02 बजे, हाजीपुर से 17.17 बजे, शाहपुर पटोरी से 18.05 बजे, बरौनी से 21.20 बजे, बेगूसराय से 21.42 बजे तथा खगड़िया से 22.32 बजे छूटकर मानसी 23.30 बजे पहुंचेगी।

सम्मान वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
सामान्य वाद संख्या 454 सन् 2025
न्यायालय श्रीमान् सिविल जज जू0ड़ि0 कक्ष सं0 06 गोण्डा
ता0 पेशी– 22/09/25
शिवकान्त आदि प्राति जानकी देवी आदि बनाम
श्याम पुत्र राम अचल, निवासी मो0 बालूगंज कैलाशबाग पर0 ग्वारिच तह0 कर्नलगंज, जिला–गोण्डा
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत... .....के दायर की है लिहाज आपको हुक्म होता है कि .. आप दिनांक. ..माह..... सन. ई0 वक्त.. .. .बजे दिन के असालतन मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात के करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतअल्लिक मुकदमा का जबाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जाबा ऐसे संवालात को दे सके हाजर हो और जबाब देही दावा को करे और आपाके लाजिम हो कि उस रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप वताईद अपनी जबाब देही के इस्त दलाल करना चाहते हों।
आपको इत्तिला दी वाती हैयकि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमुआ और फैसला होगे।
बशब्द मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 29 माह 08 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया।
आज्ञा से
न्यायालय

आवश्यकता है
बैजनाथ शिवकला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंगलपुर, बाराबंकी में स्ववित्त पोषित योजनातर्गत आवश्यकता है –
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (बी0एस0सी0) पाठ्यक्रम हेतु (02 अतिरिक्त यूनिट) गणित, भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान प्रत्येक में 02–02 पद प्रवक्ताओं की।
योग्यता एवं वेतनमान : यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।
प्रबंधक
बैजनाथ शिवकला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंगलपुर, बाराबंकी

श्रीराम आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुबारकपुर, मरैला–अम्बेडकरनगर
(डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से सम्बद्ध)
आवश्यकता है
स्ववित्त पोषित योजना अन्तर्गत मान्यता प्राप्त श्रीराम आदर्श पी0जी0 कालेज मुबारकपुर मरैला अम्बेडकरनगर में स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, भूगोल, शिक्षा शास्त्र एवं स्नातक विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित विषय में दो, दो प्रवक्ता तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, संस्कृत गृह विज्ञान, समाज शास्त्र में चार, चार प्रवक्ता तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान जन्तु विज्ञान, एवं गणित विषय में चार–चार प्रवक्ताओं की आवश्यकता है तथा बी0एड0 विभाग में 10 पदों पर विभिन्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। पदों की संख्या घट बढ़ सकती है वेतन नियमानुसार देय होगा शैक्षिक योग्यता डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की नियमावली के अनुसार होना चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विज्ञापन से 21 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक से अथवा सीधे कार्यालय में प्रेषित कर सकते है। साक्षात्कार के समय बुलाया जायेगा तथा किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।
श्रीराम वर्मा
(प्रबन्धक)

अमृत विचार

सोमवार, 8 सितंबर 2025



हम शांति और शांतिपूर्ण विकास में विश्वास करते हैं, न केवल अपने लिए बल्कि पूरे विश्व के लोगों के लिए।

–लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री

ट्रंप के यू-टर्न का मतलब

भारत को दरकिनार करके आज कोई भी महाशक्ति अपनी राह आसान नहीं बना सकती। दंड देने के लिए दंड ले कर दौड़ते ट्रंप का समीप आते ही देश के चरणों में दंडवत हो जाना यही कहता है। डोनाल्ड ट्रंप का भारत को लेकर अचानक बदला हुआ रुख कोई रहस्य नहीं, बल्कि एक मजबूरी भरी सख्त हकीकत का इजहार है। ट्रंप भले ही खुद को अडिग नेता मानने का अहंकार पालते हों, लेकिन भारत के मामले में उनका यू-टर्न बताता है कि वैश्विक राजनीति के मंच पर अब हालात बदल चुके हैं। ट्रंप को आखिरकार समझ आ गया है कि भारत की अनदेखी करना अत्यंत आत्मघाती कदम है। बीते कुछ वर्षों में उन्होंने टैरिफ और व्यापारिक टकराव की राह चुनी, मगर नतीजा यह हुआ कि अमेरिकी कंपनियों और निवेशकों ने ही विरोध का बिगुल बजा दिया। भारत दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार और उभरती डिजिटल ताकत है, इसे खोना अमेरिका के लिए आर्थिक आत्महत्या से कम नहीं। यही वजह है कि ट्रंप को पलटी मारनी पड़ी, लेकिन असली डर कहीं और है। ब्रिक्स का विस्तार, रूस-चीन के साथ भारत की बढ़ती भूमिका और वैश्विक दक्षिण की एकजुटता, ये सब अमेरिका के लिए गहरी बेचैनी का सबब बन चुके हैं। ट्रंप जानते हैं कि अगर भारत इस धुरी के साथ खुलकर खड़ा हो गया, तो आधी दुनिया का बाजार अमेरिकी पकड़ से निकल जाएगा। भविष्य में छब्बे बनने की चाहत में दुबे भी नहीं रह पाएगा। उनका यू-टर्न दरअसल इसी घबराहट की निशानी है।

अब सवाल भारत का है। क्या भारत ऐसे नेता पर भरोसा करे, जो हर मौसम में अपने रंग बदलता है? सावधानी यहां बेहद जरूरी है। भारत अगर अमेरिका की तरफ बहुत ज्यादा झुकता है, तो रूस और चीन ही नहीं, बाकी दुनिया में भी उसकी साख को धक्का लगेगा, लेकिन अगर भारत दूरी बनाए रखे तो अमेरिका खुद ही साझेदारी के लिए बार-बार दरवाजा खटखटाएगा। ऐसे में वह व्यावसायिक रुचि तथा आग्रह तो दिखाए पर अपनी शर्तों के साथ। यही वह संतुलन है, जिसे भारत को साधना है। जहां तक ट्रेड डील और अतिरिक्त टैरिफ की बात है, उम्मीद जरूर है कि बातचीत का दरवाजा खुलेगा, मगर ट्रंप की राजनीति में कोई गारंटी नहीं होती। कल जो कहते हैं, आज पलट देते हैं।

भारत को अपनी शर्तों पर वार्ता करनी चाहिए और यह साफ संदेश देना चाहिए कि 'लेने से पहले देना सीखो।' अमेरिका का मौजूदा रुख भारत के लिए लाभकारी हो सकता है, निवेश, तकनीक और बाजार की नई संभावनाओं के रूप में, लेकिन भारत को किसी भी कीमत पर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति से समझौता नहीं करना चाहिए। आज की दुनिया बहुध्रुवीय है और भारत अब किसी का अनुयायी नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति है। ट्रंप का यू-टर्न केवल कूटनीतिक घटना नहीं है, यह भारत की बढ़ती ताकत का प्रमाण है। अमेरिका चाहे तो दोस्त बने, न बने तो दुनिया अब उसके बिना भी चल सकती है। असली खेल की चाबी तो अब भारत के ही हाथ में है।

प्रसंगवश

कहानी रायसीना हिल्स के नॉर्थ और साउथ ब्लॉक की

स्वतंत्र भारत की दो सबसे खास सरकारी इमारतों में शामिल साउथ और नॉर्थ ब्लॉक का अब संध्याकाल शुरू हो गया है। राजधानी के रायसीना हिल्स पर बने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का अहम हिस्सा रहे हैं। ये आइकॉनिक सचिवालय इमारतें भारतीय प्रशासन का केंद्र रही हैं, जो औपनिवेशिक और स्वतंत्र भारत के दौर में सत्ता और निरंतरता का प्रतीक बनीं। अब, जल्द ही ये दोनों इमारतें खाली होने वाली हैं। यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) साउथ ब्लॉक से कुछ सौ मीटर दूर बने नए एग्जीक्यूटिव एनक्लेव-1 में सितंबर 2025 तक शिफ्ट हो सकता है। वहीं, गृह मंत्रालय और कार्मिक मंत्रालय लगभग पूरी तरह करतव्य भवन-3 में स्थानांतरित हो चुके हैं, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में किया था।

बीते दौर के पन्नों को खंगालते हैं। अगस्त 1947। जैसे-जैसे 15 अगस्त यानी देश की आजादी का दिन, नजदीक आ रहा था,

विवेक शुक्ला

लेखक

राजधानी के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक के कुछ कमरों की बत्तियां लगभग पूरी रात जलती रहती थीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि प्रधानमंत्री पंडित नेहरू अपने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में स्टाफ के साथ दिन-रात काम कर रहे होते थे, ताकि आजादी और देश के बंटवारे की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे सकें। वहीं, नॉर्थ ब्लॉक में गृहमंत्री सरदार पटेल देर रात तक काम करते थे, ताकि 562 रियासतों को भारतीय संघ में सुचारू रूप से शामिल किया जा सके। लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपिएर ने अपनी शानदार किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में उन दिनों के साउथ और नॉर्थ ब्लॉक का बेहतरीन तरीके से वर्णन किया है।

नॉर्थ और साउथ ब्लॉक भारत के शासन का केंद्र इसलिए रहे हैं, क्योंकि ये देश के प्रशासनिक दिल की तरह काम करते हैं। साउथ ब्लॉक में प्रधानमंत्री कार्यालय, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय हैं, जबकि नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय और वित्त मंत्रालय हैं। ये मंत्रालय आंतरिक सुरक्षा से लेकर आर्थिक नियोजन तक, राष्ट्रीय नीतियों के अहम पहलुओं को देखते हैं, जिससे ये इमारतें सरकार के कामकाज के लिए अहम रही हैं।

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान साउथ ब्लॉक भारत का नर्व सेंटर बन गया था। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय थे। एक कमरे में 'वॉर रूम' बनाया गया था, जहां पूरे युद्ध की रणनीति और निगरानी होती थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की अहम बैठकें यहीं होती थीं। कहा जाता है कि इंदिरा गांधी का दृढ़ नेतृत्व और मानेकशॉ की बेबाक सैन्य सलाह इन कमरों में गूंजती थी। 13 दिन के युद्ध का हर पल, हर आदेश और हर जीत की खबर सबसे पहले इस वॉर रूम तक पहुंचती थी। हाल ही के ऑपरेशन सिंदूर में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साउथ ब्लॉक के ऑफिस में भारत की रक्षा सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी। अब इन दोनों में संग्रहालय बनेंगे।

इन शानदार इमारतों का निर्माण 1929 में 1.75 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ था। इन्हें खड़ा करने के लिए कई बिल्डरों को ठेका दिया गया, जिनमें सर शोभा सिंह भी शामिल थे। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक, प्रत्येक चार मंजिल ऊंचे और लगभग 1,000 कमरों वाले, क्रीम और लाल धौलपुर बलुआ पत्थर से बने हैं, जिसमें लाल रंग आधार बनाता है और क्रीम रंग दीवारों और गुंबदों को सजाता है। वास्तुकला में यूरोपीय शास्त्रीय शैली के साथ भारतीय तत्व, जैसे मुगल-प्रेरित द्वार, जाली, छज्जे, और छतरियां शामिल हैं। हर्बर्ट बेकर ने इनको डिजाइन किया था। वे चोटी के आर्किटेक्ट थे और नई दिल्ली के चीफ आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस के सहयोगी थे।

विध्वंसक होती प्रकृति को बनाना ही होगा मित्र

अनिल त्रिगुणायत

लखनऊ

'क्षिति जल पावक गगन समीरा' अर्थ यह कि हमारा शरीर क्षिति (पृथ्वी), जल, पावक (अग्नि), गगन (आकाश) व समीरा (वायु) से निर्मित है। वनस्पति, पेड़-पौधे व सूर्य भी हमारे जीवन का अवलंब हैं। पहाड़-पर्वत, जीव-जंतु, झील-झरने, नदी-सरोवर भी मानव जीवन के पर्याय। सूर्य, चंद्र, धरा, नदियां, वृक्ष तो हमारे यहां सर्वथा पूजनीय हैं। तुलसी, पीपल, बरगद, नीम, केला, नारियल, शमी, अशोक आदि तो हमारे यहां पूजन विधि के प्रमुख प्रेरक।

एक प्राचीन ग्रंथ में लिखा है कि 'अश्वत्थम् प्राहुख्ययम्' यानी अश्वत्थ (पीपल) को काटना शरीर को काटने सरीखा है। जिस देश में नदी, पेड़-पौधे व पर्वत आदि हजारों वर्ष से पूजनीय हों, उनके साथ हम शत्रु-व्यवहार क्यों करने लगे हैं? जिस प्रकृति की कृपा पर ही हमारा जीवन आश्रित है, उसके नाश को हम क्यों तुले हैं? विकसित होने के हमारे आडंबर का ही नतीजा है कि करीब 4.6 अरब वर्ष पुरानी पृथ्वी पर लगभग 460 करोड़ वर्ष पूर्व हुआ मानव विकास अब घोर संकट में घिरा दिखने लगा है।

हमने तथाकथित विकासात्मक गतिविधियों को तीव्र किया तो प्रकृति ने बाढ़, सूखा, झुलसा देने वाली गर्मी, जंगल की आग व क्षेत्रीय चक्रवातों, सुनामी की आवृत्ति बढ़ा दी। आंकड़े मौजू हैं- पिछले 30 वर्षों में भारत ने 6,68,400 हेक्टेयर जंगल गंवा दिए हैं। वर्ष 1990 से 2020 के बीच वनों की कटाई की दर में भारत दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश के रूप में उभरा है। जंगल काटने, नदियों को प्रदूषित करने, अवैध खनन से पहाड़ों का सीना छलनी करने तथा अंधाधुंध पानी के दोहन से वातावरण को प्रदूषित कर हम प्रकृति के जानी दुश्मन बन गए हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण विश्व के तमाम ग्लेशियर पिघल रहे हैं। पर्वत-पठार अपना स्थान परिवर्तित कर रहे हैं। प्रकृति की नाराजगी से भारत भी अछूता नहीं।

वर्तमान मानसून ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में बाढ़ व भूस्खलन ने तबाही मचाई है। यहां बड़े पैमाने पर फसलें नष्ट हुईं। प्रकृति व मानव निर्मित बुनियादी ढांचे नेस्तनाबूद हुए हैं। सैकड़ों लोग काल के गाल में समा चुके हैं। पंजाब, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के अलावा सिक्किम व पूर्वोत्तर के कुछ और राज्यों में भी प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया है। उत्तर प्रदेश और बिहार के कई जिलों में भारी बारिश के बाद बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मंडी व किन्नौर जिलों में लगातार बादल फटने और भूस्खलन से 10 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि बर्बाद हो गई।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी व पुंछ में चिनाब और झेलम नदियों की बाढ़ ने भी तबाही मचा रखी है। पंजाब के रोपड़, लुधियाना, जालंधर व फिरोजपुर में बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। इस वर्ष सितंबर के पहले हफ्ते में भारी बारिश के कारण दिल्ली में यमुना ने भी रौद्र रूप दिखा दिया है। बाढ़ के कारण दिल्ली में करीब 20 हजार लोग बेघर हो गए हैं।

पर्यावरण पर आधारित नेचर पत्रिका के आंकड़े-2025 को देखा जाए तो 1950 के दशक के बाद से भारत में अत्यधिक बारिश की घटनाओं में देश के अधिकांश हिस्सों में 20-50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 'वेटलैंड इंटरनेशनल' के अनुसार भारत की करीब 30 प्रतिशत आर्द्रभूमि (वैटलेंड) पिछले तीन दशकों में विलुप्त हो चुकी है। नेचर पत्रिका 'ग्लोबल फारेस्ट वाच' के अनुसार पहले के मुकाबले 10 गुना ज्यादा तेजी से हिमालय के ग्लेशियर पिघल रहे हैं, जिससे भारत में जल-संकट गहरा रहा है।

ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु-परिवर्तन के कारण भारत में तापमान वृद्धि, बारिश के पैटर्न में बदलाव, सूखे की स्थिति में वृद्धि, भूजल स्तर का गिरना, तीव्र चक्रवात, समुद्र के जलस्तर में वृद्धि, भूस्खलन व बाढ़ की घटनाएं बढ़ गई हैं। इस वर्ष भारत में प्रचंड गर्मी पड़ने की बात करें तो राजस्थान के फलौदी में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। पंजाब के पांच जिलों (जालंधर, फरीदकोट भी शामिल) समेत यूपी के सहारनपुर जिले, दिल्ली व नागपुर में भी तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया था।

मनुष्य व प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। किंतु, आधुनिकता के चलते मनुष्य प्रकृति से दूर होता जा रहा है। हम तमाम संदर्भित समस्याओं से दो-चार भी हो रहे हैं। उत्तराखंड व हिमाचल में बीते सात साल में 130 बार से ज्यादा छोटे भूकंप आए हैं। गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरल धारा बाधित की जा रही है, ऐसे में तो जीवनदायिनी गंगा अपना अस्तित्व ही खो देगी। हिमालय की अन्य नदियां व झीलें भी अपना अस्तित्व बचाती दिख रही हैं।

एक आंकड़े के अनुसार भारत में पिछले सात दशकों में जलवायु परिवर्तन के चलते आई आपदाओं में आठ गुना वृद्धि हुई है। भारत में प्राकृतिक असंतुलन से चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने तो चार सितंबर को केंद्र सरकार, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व अन्य संबंधित प्रशासनिक मशीनरी से जवाब तलब तक कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट का भी स्पष्ट मानना है कि उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश में अभूतपूर्व भूस्खलन व बाढ़ का सबसे बड़ा कारण वनों की अंधाधुंध कटाई ही है।

प्रकृति व मानव एक-दूसरे के पूरक हैं। कह सकते हैं, बिन प्रकृति सब सून। पेड़-पौधे, नदी-सरोवर, जमीन-जंगल, पर्वत-पहाड़, सूर्य-चंद्रमा, दिन-रात, पशु-पक्षी, आग-पानी, जीवन-मृत्यु ही तो प्रकृति हैं। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरणीय व प्राकृतिक आपदाओं से निजात पाने के लिए हमें प्रकृति का मित्र बनना होगा। उसकी शरण में जाना होगा। आने वाली पीढ़ी/संतति के सुनहरे भविष्य के लिए हमें उससे गहरा नाता जोड़ना ही होगा।

प्रकृति व मानव एक-दूसरे के पूरक हैं। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरणीय व प्राकृतिक आपदाओं से निजात पाने के लिए हमें प्रकृति का मित्र बनना होगा।

आमने

सरकार बाढ़ राहत को लेकर गंभीर नहीं है और कैबिनेट की समीक्षा बैठक 'आंतरिक कलह' के कारण रद्द कर दी गई, न कि सीएम की तबीयत खराब होने की वजह से।

–चरणजीत सिंह चन्नी

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री

सामने



लाइक और शेयर के लिए इतना नीचे न गिरो कि खुद से नजरें मिलाना मुश्किल हो जाए। अगर वास्तव में पंजाब की चिंता है, तो बाढ़ में फंसे लोगों की मदद करो, सिर्फ बयानबाजी मत करो।

–बलतेज पन्नू

आम आदमी पार्टी के नेता

अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ एंटी डोज बनी जीएसटी

अजय दयाल

लखनऊ

परिस्थितियां ही किसी को आत्मनिर्भर और सशक्त बनातीं हैं। कुछ ऐसा ही अपने भारत देश के साथ है। स्वतंत्रता के बाद संभवतः यह ऐतिहासिक परिदृष्य है, जबकि भारत ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम तेजी से बढ़ाया है। हालिया टैक्स रिफॉर्म, ट्रंप टैरिफ के खिलाफ ठीक वैसा ही जवाब है, जैसा कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों की ओर से नमक पर थोपे गए अन्यायपूर्ण टैक्स के खिलाफ नमक सत्याग्रह आंदोलन (दांडी मार्च) से छेड़ा था।

मोदी सरकार ने जिस तरह जीएसटी को जनभावनाओं से जोड़ा है, वह वाकई ऐतिहासिक है। इससे निश्चित ही भारतीय अर्थव्यवस्था को नयी ऊंचाईयां मिलेंगी। दिलचस्प तो यह है कि भारत ने नयी गति के साथ नयी दिशा उस वक्त पकड़ी, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इंडिया पर प्रेशर-पॉलिटिक्स के तहत टैरिफ-वार छेड़ने को आमादा हैं। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसकी आशंका पहले से ही थी, इसीलिए जीएसटी रिफॉर्म की एंटी-डोज उन्होंने हम भारतीयों को राहत देने के लिए तैयार करवा रखी थी। बस नवरात्रों की शुरुआत होते ही आम भारतीयों को राहत मिलने लगेगी। स्थिति साफ है। टैरिफ के जरिए ट्रंप ने भारतीयों को तकलीफ देने के लिए आंसू गैस के जो गोले छोड़े उसके मुकाबले पीएम मोदी की जीएसटी एंटी डोज खुशी के आंसू दे रही है।

सच तो यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बरसों से देश के लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील करते आए हैं। कई साल से हम वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया का सूत्र वाक्य उनके मुख से सुनते रहे हैं। लगता है इसी दिशा में चलते हुए, जब भारत आत्मनिर्भर बनने के करीब है तो ट्रंप तिलमिला रहे हैं। अभी तो ट्रंप की तिलमिलाहट को ठंडा करने के लिए भारत के पास ट्रंप कार्ड बचा हुआ है। भारत में विनिर्माण को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां यूं ही लागू नहीं की गई हैं। हाल ही में इसका उदाहरण पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ चले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया देख चुकी है, जबकि भारत ने आतंकवादी ठिकानों के खात्मे के लिए और उसके बाद पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को नष्ट करने के लिए स्वदेशी हथियारों, तकनीक और मिसाइलों की ताकत दुनिया को दिखाई।

अपने ब्रह्मोस मिसाइल की शक्ति देख कर तो दुनिया चकित रह गई। दरअसल, रक्षा निर्माण से लेकर तकनीक के क्षेत्र में मेक इन इंडिया का नारा बुलंद दिख रहा है। आने वाला समय में भारतीय गैजेट्स का दुनिया में छा जाने का है। इंडिया मौजूदा दौर में मोबाइल हैंडसेट बनाने वाला अग्रणी देश है, यहां तक कि आईफोन का जो नया मॉडल इस साल अमेरिका में बिकेगा वह हमारा होगा, हालांकि अभी इतना ही पर्याप्त नहीं है। कोरोना काल में हमने महसूस किया कि ज्यादातर हम जिन वस्तुओं पर पर निर्भर थे, उनका स्वदेशी निर्माण हम इसलिए नहीं सकते थे, क्योंकि उनके असेंबल्ड कलपुर्जे विदेश से आते थे। यह वैसी ही परिस्थितियां थीं, जो मजबूरन किसी को अत्मनिर्भर बना देतीं हैं। भारत की विनिर्माण नीति इन्हीं छोटे-छोटे कलपुर्जों, जिसमें कवर और ढक्कन तक शामिल हैं, को स्वदेश में निर्मित करने की सुविधा देने के रास्ते खोलती है।

वैचारिक ही नहीं आर्थिक रूप से भी विश्व गुरु बनते भारत की धमक अब सर्वशक्तिशाली राष्ट्र कहलाने वाले अमरीका को सुनाई देने लगी है, संभवतः यही कारण है कि वहां के राष्ट्रपति अनर्गल दबाव भारत पर बनाने लगे हैं। ऐसे में वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सम्मान को ललकार रहे हैं। निरंतर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अमेरिका पिछले कुछ समय से भारत का भी बॉस बनने का संदेश दे रहा है। पाकिस्तान के मामले में सीजफायर का श्रेय लेना इसी का उदाहरण है, जिसका भारत ने साफ शब्दों में खंडन किया है। इतना ही नहीं, इसके अलावा अमरीका यह भी चाहता है कि भारत उसकी शर्तों पर व्यापार समझौता करे। अमेरिका की शर्त है कि भारत कृषि और डेयरी उत्पादों पर टैरिफ कम करे और व्यापार की सीमा हटाकर इसे पूरी तरह से अमेरिकी उत्पादों के लिए खोल दे, जबकि भारत किसी भी कीमत पर इसके लिए तैयार नहीं है।

प्रधानमंत्री ने बीते 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से साफ शब्दों में कहा कि मैं किसी भी ऐसी नीति के खिलाफ दीवार की तरह खड़ा हूं, जो भारतीय किसानों, मछुआरों और पशुपालकों को नुकसान पहुंचाती है। वर्तमान में डेयरी उत्पादों पर भी जीएसटी की दरें घटाकर इंडिया ने यकीन दिला दिया है कि अमेरिका को भारत के कृषि और डेयरी बाजार में हस्तक्षेप नहीं करने दिया जाएगा।

वास्तविकता यह है कि अमेरिका ने भारत पर जो कूटनीतिक दबाव बनाया, उसके बाद अपने देश ने ज्यादा मजबूती के साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी के साथ कदम बढ़ा दिए। आने वाले वक्त में भारत की अर्थव्यवस्था को स्वदेशी व आत्मनिर्भर बनाना तय है। अब यह तो स्पष्ट है कि भारत किसी दबाव में आए बगैर अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप ही कूटनीति और अर्थनीति के निर्णय करेगा। भारत का संदेश साफ है कि हमने जीएसटी के जरिए अमरीकी टैरिफ से होने वाले नुकसान की भरपाई का रास्ता बना लिया है।

हालिया टैक्स रिफॉर्म, ट्रंप टैरिफ के खिलाफ ठीक वैसा ही जवाब है, जैसा कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों की ओर से नमक पर थोपे गए अन्यायपूर्ण टैक्स के खिलाफ नमक सत्याग्रह आंदोलन से छेड़ा था।

सोशल फोरम

100 बरस बाद भी समंदर पर तैर रहा है जहाज

SHOAIB GAZI

शुएब गाजी

ब्लॉगर

आपने शायद डूबते जहाजों की कहानियां सुनी होंगी, लेकिन यह कहानी एक ऐसे जहाज की है जो डूबा नहीं, बल्कि आज भी समुद्र में मौजूद है, मगर बिल्कुल अनोखे अंदाज में।

यह है SS Ayrfield, एक पुराना कार्गो जहाज जो दूसरे विश्व युद्ध के दौरान फौजी सामान ढोने के लिए इस्तेमाल होता था। युद्ध के बाद इसे ऑस्ट्रेलिया के तट पर छोड़ दिया गया। वक्त गुजरता गया और ज़ंग ने जहाज को खोखला कर दिया।

लेकिन यहां हुआ एक हैरान कर देने वाला वाकया!

जहाज के अंदर पेड़ उग आए और धीरे-धीरे पूरा जहाज एक तैरता हुआ जंगल (Floating Forest) बन गया। अब यह जहाज आधा डूबा हुआ है, लेकिन उसके ऊपर हरे-भरे पेड़ और झाड़ियां उगकर एक प्राकृतिक जन्नत का नजारा पेश करते हैं।

यह अजूबा आज भी ऑस्ट्रेलिया के शहर सिडनी के करीब होमबुश बे में देखा जा सकता है। सैलानी दूर-दूर से आकर इस तैरते जंगल की तस्वीरें खींचते हैं, क्योंकि यह इंसानी इतिहास और कुदरत की ताकत का एक खूबसूरत संगम है।

दोस्तों! SS Ayrfield हमें यह सिखाता है कि वक्त के साथ कुदरत हर चीज को अपनी गिरफ्त में ले लेती है। जो कभी एक युद्धपोत था, आज एक जिंदा जंगल है। **–फेसबुक वाल से**

सामयिकी

ट्रंप ने एचआईवी पीड़ितों को उनके हाल पर छोड़ा

'दक्षिण अफ्रीका' ऐसा मुल्क है, जहां 'एचआईवी' मरीजों की संख्या सर्वाधिक है। मोटे तौर पर तकरीबन ढाई लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हैं। दक्षिण अफ्रीका के सामने एचआईवी पर नियंत्रण के लिए मात्र जरिया 'मुफ्त अमेरिकी चिकित्सा सुविधा' मानी जाती रही है? जिसे पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बंद करके का एलान कर दिया गया। बंदी के निर्णय के कुछ घंटों बाद ही सुविधाएं भी रोक दी गईं। इससे निश्चित रूप से एचआईवी संक्रमितों के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी होगी? होगी क्या, हो गई है। दक्षिण अफ्रीका में एचआईवी संक्रमितों के लिए अमेरिका की मुफ्त चिकित्सा सुविधा वर्षों से जारी थी। सुविधा बंद करके अमेरिका ने अमानवीय चेहरे से परिचय कराकर दुनिया में थू-थू भी करा ली है। अमेरिकी राष्ट्रपति को कोई ये बात समझाए कि इंसानी जीवन से बढ़कर कोई दौलत, कोई शोहरत नहीं होती? किसी भी राष्ट्राध्यक्ष को मरीजों के जीवन के साथ ऐसा खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। जीवन बचाने के लिए नफे-नुकासान की परवाह तो कतई नहीं करनी चाहिए।

डॉ. रमेश ठाकुर

लेखक

चिकित्सा सहायता रुकने से एक साथ दो लाख 22 हजार एड्स संक्रमितों के जीवन को नर्क में धकेल दिया गया है। दक्षिण अफ्रीकी सरकार भी हैरान है कि आखिर अमेरिका ने ऐसा अमानवीय कदम उठाया क्यों? ट्रंप के फैसले के बाद मरीज एचआईवी सुविधा केंद्रों से बिना दवाईयों के मायूस होकर लौट आए। दक्षिण अफ्रीका में एड्स पीड़ितों का अधिकृत आंकड़ा जितना है, उससे कहीं ज्यादा अनाधिकृत है। मुफ्त सुविधाएं रुकने के बाद गुप्त मरीजों की संख्याओं को देखकर सरकार भी हैरत में है।

मुफ्त सुविधाएं क्यों रोकी गईं? इस गणित को समझना भी जरूरी है। दरअसल, एचआईवी दवाओं की लागत दवा के प्रकार, भौगोलिक स्थिति और दवा कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के आधार पर भिन्न होती हैं। खरीद में एचआईवी की दवाईयां काफी महंगी पड़ती हैं। कीमतें विभिन्न देशों में अलग-अलग रहती हैं। जगहों के आधार पर दवाईयों में बदलाव भी होता है। भारत में, एचआईवी के लिए 'एंटीरेट्वाइल थेरेपी' और 'एपरेटयूड इंजेक्शन' के अलावा 'ग्लाइड' इस्तेमाल की जाती है, जिसके प्रत्येक बॉक्स की कीमत 23 हजार और 15 हजार होती है। बाकी अन्य देश 'टेनोफोविर', 'लेमिवाउडिन', 'डोल्यूटेग्राविर' भी प्रयोग करते हैं। इसके अलावा एचआईवी संक्रमित पर 'न्यूक्लियोसाइड रिवर्स ट्रांसक्रिपटेस इनहिबिटर प्रोटीएस' भी उपयोग होते हैं। ये दवाइयां निजी स्तर पर महंगी होती हैं। बिना सरकारी सहायता के कोई आसानी से नहीं खरीद सकता। ज्यादातर देश अपने मरीजों को सब्सिडी देकर कम दामों में मुहैया करवाते हैं। भारत में भी ये दवाईयां बिल्कुल फ्री नहीं हैं।

दक्षिण अफ्रीका में मुफ्त दवाई वितरण में अमेरिका को सालाना करोड़ों रुपये खर्च करने पड़ते थे। अमेरिका शुरू से कहता आया है कि अफ्रीकी लोग संसार के दूसरे देशों में पहुंचते हैं, तो वहां भी संक्रमण फैलाते हैं। ऐसा न हो, उसके लिए वह अपने स्तर से वहां फैले एचआईवी को नितंत्रण करने के लिए पीड़ितों का इलाज कर रहे हैं, लेकिन विगत सप्ताह अचानक निःशुल्क चिकित्सा सहायता पर विराम लगा दिया, जबकि इस बात का ध्यान रखना चाहिए था कि ऐसा करने से एचआईवी संक्रमितों के जीवन पर बन आई है। एड्स के डर से मर-मर कर अपना जीवन जीने वाले मरीज इस सदमे को कैसे बर्दाश्त कर पाएंगे! अमेरिका की इस हरकत ने मानवीय पहलुओं का भी अनादर किया है। हैरान करने वाली बात ये है कि अमेरिका ने निर्णय अचानक लिया, अफ्रीकी सरकार को सूचित तक नहीं किया। 16 क्लिनिकों में 12 क्लिनिक बंद कर दिए, जिनमें 63,000 से ज्यादा मरीज प्रभावित हुए हैं। शेष बचे चार क्लिनिकों में भी जीवनरक्षक दवाईयां पहुंचनी बंद हो गईं हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***

05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

ई-बसों के बढ़ते चलन से हर सफर क्लीन एंड ग्रीन

पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ई-युग, ग्रीन एनर्जी की ओर देश

देश में सरकारी पहल, सब्सिडी और शहरों में वायु तथा ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने की जरूरत के चलते सार्वजनिक परिवहन के विकल्प के रूप में इलेक्ट्रिक बसों का बाजार तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिलहाल, इलेक्ट्रिक बस बाजार पर टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड, ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक, बीवाईडी, जेबीएम ऑटो और महिंद्रा इलेक्ट्रिक जैसी प्रमुख कंपनियों का दबदबा है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक आठ लाख डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने का है। इसके लिए भारत सरकार प्रधानमंत्री-ई-बस सेवा योजना के तहत निजी बस ऑपरेटरों को शामिल कर रही है, तो राज्य सरकारों ने भी ई-बस सेवाएं देने वाले निजी ऑपरेटरों के साथ भागीदारी बढ़ाई है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश सरकार ने कानपुर और लखनऊ में 10-10 रूटों पर निजी बस ऑपरेटरों के जरिए इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना को मंजूरी दी है। निजी इलेक्ट्रिक बस ऑपरेटर भी तेजी से अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं। ऐसी कंपनियों में न्यूगो, प्रसन्ना पर्पल और ईवेट्रांस सबसे आगे हैं। न्यूगो एक प्रीमियम इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा है जो स्लीपर, सेमी-स्लीपर और सीटर कोच विकल्प प्रदान करती है और 150 से अधिक मार्गों पर उपलब्ध है। ईवेट्रांस को पुरीबस के नाम से जाना जाता है। इसकी पुणे-मुंबई इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा खासी लोकप्रिय है।

शहरों के लिए पॉवरहाउस टाटा स्टार बस अर्बन सिटी

देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी स्टारबस अर्बन सिटी इलेक्ट्रिक को विशेष रूप से शहरी परिवहन के लिए डिजाइन किया है। यह लो फ्लोर बस यात्रियों को आसान चढ़ाई की सुविधा देती है। संचालन के दौरान शून्य टेल पाइप उत्सर्जन वाली यह बस तेज चार्जिंग क्षमताओं के साथ शहरी गतिशीलता में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है।

- टाटा स्टारबस अरबन 9/12मीटर
- बैठने की क्षमता : 40 यात्री तक
- बैटरी : 186 kWh लिथियम-आयन (विस्तार योग्य)
- रेंज : प्रति चार्ज 150 किमी
- चार्जिंग समय : 2-3 घंटे (फास्ट चार्जिंग)

अशोक लीलेंड सर्किट एस में बैटरी बदलो और आगे के सफर पर चलो

- मेक इन इंडिया के रूप से विकसित यह बस एक नवाचार है। इसका सबसे बड़ा फायदा स्वैपेबल स्मार्ट बैटरी है। पूरी तरह चार्ज होने का इंतजार करने के बजाय, ऑपरेटर मिनटों में बैटरी बदल करके फिर से यात्रा शुरू कर सकते हैं। कम रखरखाव लागत और लचीली सीटिंग क्षमता के साथ यह बस शहरी और अंतर-शहरी दोनों मार्गों के लिए बेहतरीन विकल्प है।

- **बैठने की क्षमता :** 35 से 65 यात्री
- **रेंज :** प्रति चार्ज 120 किमी
- **विशेषता :** स्वैपेबल बैटरी तकनीक

2-3
करोड़ है देश में इलेक्ट्रिक बसों की औसत कीमत

2,400
इलेक्ट्रिक बसें देश में पंजीकृत हुईं जनवरी से जुलाई 2025 के बीच

08
लाख डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने का लक्ष्य है 2030 तक

सड़क पर दौड़ता भविष्य है इलेक्ट्रिक बस क्रांति

- भारत तेजी से अपने सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र का विद्युतीकरण कर रहा है, और ऑटो सेक्टर विशेषज्ञों का मानना है कि देश इलेक्ट्रिक बस क्रांति के मुहाने पर खड़ा है। इसके चलते ई-बसें अब ट्रेंड नहीं, वाणिज्यिक परिवहन का वह भविष्य हैं, जिसकी अगुवाई टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड, ओलेक्ट्रा, जेबीएम ऑटो जैसे ब्रांड कर रहे हैं। यह परिवर्तन जल्दी ही शहरी गतिशीलता को पूरी तरह से नया रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ेगी, लंबी दूरी, तेज चार्जिंग समय और अधिक स्मार्ट फीचर्स वाली बसें देखने को मिलेंगी।

बीवाईडी के 9 की ताकत बेमिसाल

- इलेक्ट्रिक वाहनों के वैश्विक ब्रांड बीवाईडी की यह बस कई शहरों में संचालित हो रही है। यह बस विशाल बैटरी क्षमता, विस्तारित रेंज और अल्ट्रा-स्मूथ प्रदर्शन के लिए जानी जाती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत बैटरी तकनीक विशेषज्ञता है। यह शहरी और अंतर-शहरी दोनों यात्राओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प है।
- **ब्रांड :** BYD (बिल्ड योर ड्रीम्स)
- बैठने की क्षमता : 30 यात्री
- बैटरी : 313 kWh लिथियम-आयन
- रेंज : प्रति चार्ज 250 किमी
- चार्जिंग समय : 3-4 घंटे

ओलेक्ट्रा सी 9
लंबी दूरी की यात्रा के लिए दिग्गज विकल्प

12 मीटर लंबी ओलेक्ट्रा सी9 इलेक्ट्रिक बस शून्य उत्सर्जन करती है। लंबी रेंज की घुड़सवार जैसी यह बस अंतर-शहरी मार्गों के लिए आदर्श है। अधिकतम गति 100 किमी प्रतिघंटा से अधिक है। इंटरसिटी इलेक्ट्रिक कोच के रूप में इसका इस्तेमाल हो रहा है। शानदार डिजाइन, आरामदायक सीटिंग और सुरक्षा सुविधाओं से लैस यह बस स्लो चार्जर से भी चार घंटे में चार्ज हो जाती है।

- ब्रांड : ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक
- बैठने की क्षमता : 45-49 यात्री
- बैटरी : उन्नत लिथियम-आयन-फॉस्फेट
- रेंज : प्रति चार्ज 300 किमी
- चार्जिंग समय : 2-3 घंटे (फास्ट चार्जिंग)

जेबीएम ईको-लाइफ इलेक्ट्रिक स्मार्ट, टिकाऊ और शोर मुक्त

जेबीएम ईको-लाइफ सीरीज अत्याधुनिक तकनीक और स्थिरता का सही मिश्रण है। स्मार्ट एआई-आधारित फीचर्स, इंटेलिजेंट एनर्जी मैनेजमेंट और आधुनिक डिजाइन के साथ यह बस उन शहरों के लिए उपयुक्त है जो बिजली से चलने वाली शक्तिशाली लेकिन शोर मुक्त बसों की तलाश में हैं। 9-मीटर संस्करण संकरी सड़कों के लिए और 12-मीटर संस्करण लंबी दूरी के लिए उपयुक्त है।

- **ब्रांड :** जेबीएम ऑटो
- **बैठने की क्षमता :** 35+ यात्री
- **बैटरी :** 261 kWh लिथियम-आयन
- **रेंज :** प्रति चार्ज 150-200 किमी

लेखक
परेश त्रिवेदी
ऑटो इंडस्ट्री एक्सपर्ट



होंडा ने पहली इलेक्ट्रिक बाइक EV FUN की शुरू कर दी टेस्टिंग

होंडा ने यूरोपीय सड़कों पर अपनी पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल, EV FUN कॉन्सेप्ट की टेस्टिंग शुरू कर दी है। पहली बार EICMA 2024 में शोकेस की गई ये EV 500cc बाइक के बराबर पावर जेनरेट करेगी, जिसमें CCS2 क्विक चार्जिंग का भी फीचर है। यह कंपनी की फुल साइज इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल है। भारत में अभी इसे लॉन्च में कुछ समय लग सकता है। होंडा ने इस बाइक की खासियतों का खुलासा एक वीडियो के जरिए किया है। इसमें स्थिरता और टिकाऊपन के लिए एक बिल्ट-इन बैटरी सिस्टम है, और यह CCS2 ऑटोमोबाइल-ग्रेड फास्ट-चार्जिंग तकनीक से लैस है। इसका इलेक्ट्रिक ड्राइवट्रेन तुरंत टॉर्क देता है और शांत ऑपरेशन प्रदान करता है, जिससे राइडर को बाइक के साथ जुड़ाव महसूस होता है। उम्मीद है कि इसे मिड-साइज इंटरनल कम्बशन मॉडल्स के साथ रखा जाएगा।

टीवीएस ने लॉन्च किया स्कूटर एनटॉर्क 150

टीवीएस मोटर कंपनी ने नए एनटॉर्क को लॉन्च कर दिया है। एनटॉर्क 150 अपने सेग्मेंट में सबसे अच्छा स्पोर्टी स्कूटर है। यह यामाहा ऐरॉक्स 155 के साथ हीरो जूम 160 मैक्सी-एड्वेंचर स्कूटर से मुकाबला करेगा। इन स्कूटर्स के बीच स्टाइलिंग एक अहम अंतर होगा। इस स्कूटर में एलईडी लाइटिंग, टीएफ़टी डिस्प्ले और ब्लुटूथ कनेक्टिविटी जैसे दूसरे फीचर्स हैं। टीवीएस एनटॉर्क 150 की कीमत 1.48 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के आसपास है। यामाहा ऐरॉक्स 155 और हीरो ज़ूम 160 की कीमतें क्रमश: 1.51 लाख और 1.49 लाख रुपये हैं।

कार को भीतर से इस तरह करें साफ

कार को बाहर से चमकाना जितना जरूरी है, उतना ही भीतर से क्लीन रखना जरूरी है। हालांकि अधिकतर लोगों को लगता है कि कार को अंदर से साफ करना थोड़ा कठिन काम है। इसकी वजह, कार के अंदर सीट, डैशबोर्ड, डिग्गी और मैट आदि होना होता है। लेकिन अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखें, तो आपकी कार हमेशा नई जैसी चमकती रहेगी। कार की भीतर से सफाई के लिए सबसे पहले ड्राइवर सीट, आगे की सीट और पीछे की सीट से फ्लोर मैट हटाएं। गंदगी हटाने के लिए हर मैट को कार से दूर लेकर जोर हिलाएं। सामान्य कार्पेट वाले मैट की गंदगी को वैक्यूम क्लीनर से सोख लें। सभी मौसमों में इस्तेमाल होने वाले रबर मैट से गंदगी हटाने के लिए साबुन के पानी और माइक्रोफाइबर या ब्रश का इस्तेमाल करें। अक्सर लोग सफर के दौरान बिस्किट, नमकीन, कोल्ड ड्रिंक्स आदि खरीदते हैं और खाने के बाद उनके रैपर कार में ही छोड़ देते हैं, या इधर उधर खोंस देते हैं। इसलिए इन्हें बाहर निकालें। इसके लिए मैट, सीटों के बीच और दरवाजे की पॉकेट्स को ठीक से चेक करें कि वहां कोई कागज, पुरानी रसीद या कचरा तो नहीं पड़ा है। जूतों के धूल-मिट्टी से फर्श की मैट पर बहुत ज़्यादा दाग लग जाते हैं, जिससे दाग लगने की संभावना बढ़ जाती है, खासकर कालीन वाली सतहों पर। हल्के गर्म, साबुन वाले पानी के घोल से हल्की रगड़ने से ज़्यादातर दाग निकल जाने चाहिए। सफाई के बाद मैट को किसी दूर स्थान पर सूखने के लिए छोड़ दें।

केबिन से बड़ी वस्तुएं हटाएं। पत्ते, राख, चूरे और मिट्टी जैसे छोटे-छोटे मलबे अक्सर ड्राइवर के केबिन में घुसकर उसे अपना घर बना लेते हैं। वैक्यूम क्लीनर आपके इंटीरियर को गंदा करने वाले लगभग हर छोटे मलबे को साफ कर सकता है।

कुछ कारों में रिमूवेबल कप होल्डर होते हैं। अगर आपके पास हैं, तो उन्हें निकालकर गर्म पानी और साबुन में भिगोकर माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछ लें। जब एक बार सारा कचरा हट जाए, तो वैक्यूम क्लीनर से कार को साफ करें। इंटीरियर को वैक्यूम करें, डैशबोर्ड पर धूल साफ करें। इससे कार के अंदर समाई डस्ट हट जाएगी। कार के फर्श, सीटों के नीचे और बीच में वैक्यूम करें। वैक्यूम क्लीनर के छोटे अटैचमेंट का इस्तेमाल करके उन जगहों तक पहुंचें जहां आपका हाथ नहीं पहुंच सकता है, जैसे एयर वेंट या सीटों के किनारे। इससे धूल, मिट्टी और छोटे-छोटे कण पूरी तरह से हट जाएंगे।

गाड़ी की सीटें अक्सर सबसे ज्यादा गंदी होती हैं। इसलिए इनको ठीक से साफ करना सबसे जरूरी होता है। सीटों को साफ करने के लिए सीट क्लीनर का इस्तेमाल करें। क्लीनर को सीटों पर स्प्रे करके थोड़ी देर रहने दें, फिर एक सूखे और साफ कपड़े से पोंछ दें। इससे सीटों पर जमी गंदगी हट जाएगी। डैशबोर्ड, दरवाजे के पैनल और स्टीयरिंग व्हील को साफ करने के लिए एक माइक्रोफाइबर कपड़े और कार इंटीरियर क्लीनर का इस्तेमाल करें। इससे धूल और गंदगी आसानी से हट जाती है। ध्यान रखें कि स्क्रीन और बटनों को साफ करते समय कोई भी लिक्विड उन पर सीधे स्प्रे न करें।

सफाई के लिए सहायक उपकरण और सामग्री

- वैक्यूम क्लीनर और उसके अटैचमेंट
- क्लीनर सीट के लिए, मैट या कालीन के लिए
- माइक्रोफाइबर तौलिए
- ट्रिम क्लीनर
- ग्लास क्लीनर
- डस्टर
- मध्यम-ब्रिसल वाले ब्रश

मारुति सुज़ुकी ने अपनी नई मिड-साइज विक्टोरिस एसयूवी बाजार में पेश कर दी है। यह एरीना डीलरशिप की फ्लैगशिप कार है। 2023 में लॉन्च हुई ग्रैंड विटारा के बाद मारुति की यह दूसरी मिड-साइज एसयूवी है। कंपनी इस मॉडल को 100 से ज्यादा देशों में एक्सपोर्ट करेगी।

मारुति की मिड-साइज एसयूवी विक्टोरिस

फीचर्स और टेक्नोलॉजी

- विक्टोरिस में कंपनी ने जेन-3 टेलीमैटिक्स, अलेक्सा ऑटो, डॉल्बी एटमॉस, 64-कलर एम्बिएंट लाइटिंग और 35+ ऐप सपोर्ट वाला इंफोटेन्मेंट सिस्टम दिया है। ड्राइवर के लिए इसमें 10.2-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और जेस्चर कंट्रोल के साथ पावर्ड टेलगेट जैसे प्रीमियम फीचर्स शामिल हैं। साथ ही 8 स्पीकर्स वाला म्यूजिक सिस्टम है। विक्टोरिस में एलईडी टर्न इंडीकेटर्स, एलईडी डीआरएल्स और 10 रंग के विकल्प दिए गए हैं। इनमें इटरनल ब्लू और मिस्टिक ग्रीन दो नए रंग शामिल किए गए हैं। इसमें पीएम 2.5 ऑटो एयर प्यूरीफ़ायर, स्मार्ट सनरूफ़, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, 8 तरीके से अडजस्टेबल ड्राइवर सीट, 60W फास्ट चार्जिंग, 60+ सुजुकी कनेक्ट फीचर्स हैं।

सेफ्टी फीचर्स

- सेफ्टी के मामले में विक्टोरिस एक कदम आगे है। इस एसयूवी को भारत एनकैप में 5-स्टार रेटिंग मिली है और इसमें लेवल-2 एडास है। सभी वेरीएंट्स में ईएससी, कर्टन एयरबैग्स, पेडेस्ट्रियन प्रोटेक्शन सिस्टम और सीट बेल्ट रिमाइंडर्स जैसे फीचर्स स्टैंडर्ड दिए गए हैं।
- इस एसयूवी को कुल आठ वेरीएंट्स में पेश किया गया है, जिसमें LXi, VXi, ZXi, ZXi(O), ZXi+, ZXi+(0), ZXi+ 4WD और ZXi+(0) 4WD शामिल है। हाइब्रिड और 4WD ऑप्शन्स हाई-स्पेक वेरीएंट्स में मिलते हैं। कंपनी के अनुसार कीमत 12 से 20 लाख तक है।

इंजन और वेरीएंट्स

- मारुति विक्टोरिस तीन अलग-अलग इंजन के साथ मिलेगी।
- 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन : 5-स्पीड मैनुअल (5एमटी) और 6-स्पीड ऑटोमैटिक (6एटी)
- 1.5-लीटर स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड : ईसीवीटी गियरबॉक्स
- सीएनजी वर्जन : अंडरबॉडी टैंक के साथ बेहतर बूट स्पेस

कमजोर मांग से जुलाई में कोयला आयात घटा

नई दिल्ली। मानसून के दौरान सुस्त मांग और स्टॉक की बेहतर उपलब्धता के कारण जुलाई में भारत का कोयला आयात 16.4% घटकर 2.10 करोड़ टन रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में देश का कोयला आयात 2.52 करोड़ टन था। बी2बी ई-कॉमर्स मंच और टाटा स्टील व सेल के बीच संयुक्त उद्यम एमजंक्शन सर्विसेज के अनुसार, अप्रैल-जुलाई के दौरान भारत का कोयला आयात भी घटकर 9.74 करोड़ टन रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 10.04 करोड़ टन था।

अमृत विचार

अयोध्या, सोमवार, 8 सितंबर 2025

www.amritvichar.com

कारोबार

बिजनेस ब्रीफ

भारत बनेगा लिंक्डइन का सबसे बड़ा बाजार

नई दिल्ली। लिंक्डइन के भारत में कंट्री प्रबंधक कुमारेश पट्टाभिरामन ने कहा कि भारत मौजूदा वृद्धि दर के साथ 2-3 साल में इस पेशेवर नेटवर्किंग मंच के लिए सबसे बड़ा बाजार बन सकता है। भारत इस समय लिंक्डइन के लिए दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ता बाजार, जहां इसके 16 करोड़ से ज्यादा उपयोगकर्ता हैं। पट्टाभिरामन ने भारत को वैश्विक कार्य भविष्य के लिए एक दिशा-निर्देशक बताया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए समाधान तैयार करके, हम वैश्विक स्तर पर अपने 1.2 अरब सदस्यों के लिए भी समाधान तैयार करते हैं। उन्होंने भारतीय बाजार की गति का श्रेय इसके डिजिटल रूप से दक्ष युवा, महत्वाकांक्षी कार्यबल को दिया। पट्टाभिरामन ने कहा कि यहां कौशल विकास की बहुत अधिक इच्छा है, और समुदाय, सलाहकारों तथा सहकर्मियों के नेटवर्क से मिलने वाले ज्ञान में भरोसा है।

गांवों में 50% बिक्री बढ़ने की ब्रिटानिया को उम्मीद

बेंगलुरु। ब्रिटानिया को उम्मीद है कि अगले तीन से चार साल में उसकी घरेलू बिक्री का आधा हिस्सा ग्रामीण बाजारों से आएगा। कंपनी ऐसे क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए वितरण नेटवर्क का विस्तार कर रही है। कंपनी के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने यह जानकारी दी। बेरी ने कहा कि ग्रामीण बाजार ब्रिटानिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। गुड डे, मैरी गोल्ड, और टाइगर बिस्किट बनाने वाली इस कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में इन बाजारों में दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की। अब कंपनी सीधे वितरण के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ा रही है ताकि दूरदराज के बाजारों में उत्पादों की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

जेएआईएल के लिए वेदांता ने लगाई बोली

नई दिल्ली। खनन क्षेत्र की कंपनी वेदांता लि. ने कर्ज में डूबी हुई जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएआईएल) को खरीदने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई है। वेदांता ने सफल बोली लगाने के बाद कहा कि वह एनसीएलटी की मंजूरी मिलते ही 4,000 करोड़ का भुगतान करेगी और बाकी की रकम अगले पांच से छह सालों में चुकाएगी। वेदांता ने 12,505 करोड़ की बोली लगाकर अडाणी समूह को पीछे छोड़ दिया है। यह बोली बैंकों द्वारा आयोजित नीलामी में लगाई गई थी।

जीएसटी सुधारों से महंगाई बढ़ने का जोखिम नहीं

सीतारमण ने कहा- लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए करेंगे प्रेरित, इससे अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी दरों में कटौती समेत अन्य सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेंगे और इससे आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई काबू में है और इसके बढ़ने का जोखिम नहीं है। जीएसटी परिषद ने चार की जगह दो स्लैब पांच और 18% किया है। विलासिता एवं सिगरेट जैसी वस्तुओं पर 40% की विशेष दर लागू होगी। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। दरों को युक्तिसंगत बनाने के तहत टेलीविजन एवं एसी जैसी वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामान समेत 400 वस्तुओं पर दरें कम की गई हैं।

उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के साथ सुधारों की दिशा में जो कदम उठाये गये हैं वास्तव में यह लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है। सीतारमण ने कहा कि यह सुधार 2017 में एक राष्ट्र, एक कर व्यवस्था लागू होने के बाद से अबतक का सबसे बड़ा सुधार है और इसे आम आदमी को ध्यान में रखकर किया गया है। रोजमर्रा की जरूरत की हर वस्तु पर लगने वाले कर की कड़ी समीक्षा की गई है और ज्यादातर मामलों में दरों में भारी कमी आई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आज लोग 100 रुपये में जो चीजें खरीद रहे हैं, उतने ही पैसे में वे वस्तु का ज्यादा हिस्सा खरीद सकते हैं। सीतारमण ने कहा कि इसलिए दरों में इस कमी से मासिक घरेलू राशन और चिकित्सा बिलों में कमी आएगी। साथ ही यह पुरानी कार की जगह नई कार लेने, रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन जैसी पुरानी वस्तुओं की जगह नई चीजें खरीदने जैसी आकांक्षाओं को भी पूरा करने में मददगार होगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले, 2025-26 के बजट में उन्होंने 12 लाख रुपये तक की सालाना आय (नौकरीपेशा के लिए मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये) को कर मुक्त किये जाने की घोषणा की थी। इससे लोगों के जेब में अधिक पैसा आने और खपत बढ़ने की उम्मीद है। मुद्रास्फीति के पर उन्होंने कहा कि महंगाई पहले से ही काफी हद तक नियंत्रण में है तथा यह कुछ समय से नियंत्रण में बनी हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर 1.55 प्रतिशत रही जो जून, 2017 के बाद सबसे कम है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर दो प्रतिशत से छह प्रतिशत के दायरे से भी नीचे है।

● बोलीं- खानपान व रोजमर्रा की चीजों समेत 400 वस्तुओं पर दरें हुईं हैं कम

प्रधानमंत्री ने सीतारमण को फोन कर जीएसटी को सुविधाजनक और दरों को युक्तिसंगत बनाने को कहा था

जीएसटी में व्यापक सुधार रातों-रात नहीं हुआ बल्कि इसकी शुरुआत जीएसटी परिषद की पिछले साल दिसंबर में जैसलमेर में हुई बैठक से पहले हो गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को फोन कर जीएसटी को व्यवसायों के लिए सुविधाजनक बनाने और दरों को युक्तिसंगत बनाने को कहा था, जिसके बाद इस पर काम तेजी से आगे बढ़ा। यह बात स्वयं सीतारमण ने बतायी है। इसके परिणामस्वरूप बेहद सरल जीएसटी प्रणाली का रास्ता साफ हुआ जिसमें कर की दरें कम हैं। इससे एक तरफ जहां कंपनियों के लिए अनुपालन का बोझ कम हुआ है वहीं रोजमर्रा के इस्तेमाल के समेत 400 वस्तुओं पर कर दरें कम हुई हैं। सीतारमण ने कहा कि वास्तव में जीएसटी में व्यापक सुधारों का काम पहले ही शुरू हो चुका था। राजस्थान के जैसलमेर में हुई पिछली जीएसटी परिषद की बैठक से पहले ही, प्रधानमंत्री ने मुझे फोन करके कहा था, 'एक बार आप जीएसटी को देख लो, व्यवसायों के लिए सुविधाजनक बनाओ और दरों पर इतने सारे भ्रम की स्थिति क्यों है? मुझे लगता है कि नौ महीने पहले हुई जैसलमेर बैठक से पहले की बात है। उन्होंने कहा कि फिर, बजट के दौरान, जब हम आयकर उपायों पर चर्चा कर रहे थे, तो उन्होंने मुझे प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि आप जीएसटी के ऊपर काम कर रही हैं न। यह एक चीज थी। सीतारमण ने कहा कि दूसरा, मंत्री समूह (जीओएम) डेढ़ साल से काम कर रहे थे और मैं उनमें से प्रत्येक की सराहना करती हूं कि उन्होंने रिपोर्ट तैयार करने के लिए बहुत मेहनत की और उनके सुझाव सामने आए। लेकिन प्रधानमंत्री की बात सुनने के बाद मैंने यह निर्णय लिया कि अब समय आ गया है कि हम जीएसटी के सभी पहलुओं की गहन समीक्षा करें, न केवल दरों की, न केवल स्लैब की संख्या की, बल्कि इस दृष्टिकोण से भी देखें कि एक व्यवसाय, लघु या मझोले व्यवसाय के लिए यह कितना और बेहतर होगा।

सोने में हो सकती है मुनाफावसूली

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद सोने की कीमतों में कुछ समय के लिए मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि इस कीमती धातु की भविष्य की दिशा आगामी वैश्विक आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगी, जिनमें अमेरिका और घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और यूरोपीय केंद्रीय बैंक की नीतिगत बैठक शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सर्राफा कारोबारी अमेरिकी उत्पादक मूल्य सूचकांक और यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड के भाषण सहित व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी कड़ी नज़र रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा कि इस सप्ताह चीन, अमेरिका, जर्मनी और भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ ही अमेरिकी उपभोक्ता भावना पर भी नजर रहेगी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुक्रवार को सोने का अक्टूबर अनुबंध 1,131 रुपये या 1.06 प्रतिशत बढ़कर 1,07,807 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

● निवेशकों को मुद्रास्फीति के आंकड़ों और ईसीबी की बैठक का इंतजार

तकनीकी चार्ट दे रहे खरीदारी के संकेत

कारोबार के अंत में यह 1,07,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ। पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में लगभग 4,000 रुपये प्रति 10 ग्राम या 3.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि तकनीकी चार्ट अत्यधिक खरीदारी के संकेत दे रहे हैं और कुछ मुनाफावसूली हो सकती है। फिर भी रुझान सकारात्मक बना हुआ है और एमसीएक्स पर इसके 1,10,000-1,12,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक बढ़ने की संभावना है।

महंगाई के नरम पड़ने से बाजार मूल्य पर जीडीपी की वृद्धि में कमी संभव : सीईए

नई दिल्ली, एजेंसी

महंगाई के नरम पड़ने से चालू वित्त वर्ष में बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बजट अनुमान (10.1%) से कम रह सकती है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने यह अनुमान जताया है।

मौजूदा बाजार कीमतों पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महंगाई के प्रभाव को समायोजित नहीं किया जाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका के भारतीय निर्यात पर 50% का भारी शुल्क लगाने के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3-6.8% के वास्तविक जीडीपी वृद्धि के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। वास्तविक जीडीपी में महंगाई के प्रभाव को समायोजित किया जाता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने हाल में ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों को मंजूरी दी है। इसके अलावा खरीफ की अच्छी फसल से भी मुद्रास्फीति कम रहने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि बाजार मूल्य पर जीडीपी वृद्धि में कुछ कमी हो सकती है। हालांकि, पहली तिमाही के लिए 8.8% की जीडीपी वृद्धि दर कई लोगों के अनुमान से बेहतर रही। जीएसटी और फरवरी के बजट में दी प्रत्यक्ष कर राहत से महंगाई कम होगी और खर्च करने योग्य आय बढ़ेगी। जीडीपी पर जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर नागेश्वरन ने कहा कि इस समय इसका आकलन करना मुश्किल होगा, लेकिन बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि उपभोक्ता कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।

अडाणी समूह ऊर्जा क्षेत्र में 60 अरब डॉलर का करेगा निवेश

नई दिल्ली। उद्योगपति गौतम अडाणी के नेतृत्व वाला अडाणी समूह 2031-32 तक बिजली क्षेत्र में, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, उत्पादन और पारेषण/वितरण में 60 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है।

एक निवेशक प्रस्तुति में अडाणी पावर ने कहा कि समूह 2029-30 तक 21 अरब डॉलर के निवेश की योजना बना रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 2024-25 के 14.2 गीगावाट से बढ़ाकर 50 गीगावाट तक पहुंचाया जा सके।

भारत-इजराइल कर सकते हैं द्विपक्षीय संधि

जेरुशलम, एजेंसी

भारत और इजराइल एक द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इजराइल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच की इस सप्ताह होने वाली भारत यात्रा के दौरान यह समझौता हो सकता है।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की नींव रखी जाएगी। स्मोट्रिच इस सप्ताह 8-10 सितंबर के बीच तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे। इस दौरान वह भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात करेंगे। वहीं, इजराइली वित्त मंत्री मुंबई और गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी का भी दौरा करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय बैठकों के माध्यम से भारत के साथ इजराइल के आर्थिक और वित्तीय संबंधों को मजबूत करना और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) सहित कुछ प्रमुख समझौतों के लिए साझा आधार तैयार करना है। उन्होंने कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के मसौदे पर बातचीत पूरी कर चुके हैं। उम्मीद है कि वित्त मंत्री इस यात्रा के दौरान बीआईटी पर हस्ताक्षर करेंगे। बीआईटी से दोनों देशों के निवेशकों को उचित सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। यह मध्यस्थता के जरिये विवाद निपटान के लिए एक स्वतंत्र मंच देगा। इजराइल ने 2000 से अब तक 15 से अधिक देशों के साथ बीआईटी पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें संयुक्त अरब अमीरात, जापान, फिलीपींस, थाईलैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

● इजराइल के वित्त मंत्री की भारत यात्रा के दौरान होगा समझौता

राष्ट्रीय

बारिश का दौर थमा तो देश में बाढ़ के हालात सुधरे

राज्यों को भारी बारिश की चेतावनी, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, मप्र, राजस्थान व उप्र में स्थिति नियंत्रण में

चंडीगढ़, एजेंसी

देश में बारिश के कम होते ही कई राज्यों में बाढ़ का पानी नीचे उतरने लगा है। वहीं मौसम विभाग ने कई राज्यों में भारी बारिश की भी चेतावनी जारी की है, जिससे बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में हालात और भी भयावह होने की स्थिति बन सकती है।

पंजाब, हरियाण, हिमाचाल प्रदेश, मध्य प्रदेश राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हालत बारिश के कम होने से नियंत्रण में है, लेकिन परेशानियां ज्यों की त्यों बनी हुई है। पंजाब की गई नदियों में बारिश का पानी जमा होने से वह उफान पर है, जिससे पंजाब प्रांत में खेतों में पानी घुस गया है और बाढ़ से अब तक 46 लोगों की जान जा चुकी है और तीन लोग लापता है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के बांधों में जलस्तर में कमी आने से कम पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण पंजाब में बाढ़ के हालात सुधर रहे हैं। पंजाब में बाढ़ से 3.87 लाख आबादी प्रभावित है। वहीं राजस्थान में हुई मूसलाधार बारिश से भी बाढ़ जैसे हालात बने हुए है। हरियाण में भी यमुना का जलस्तर घटने से कुछ राहत मिली है, लेकिन कुछ स्थानों पर अब भी पानी भरा हुआ है।

हरियाणा के झज्जर जिले में मारुति स्टॉकयार्ड में पास बाढ़ के पानी में डूबी कारें।

बहादुरगढ़ में बाढ़ से पलायन करने को मजबूर लोग

बहादुरगढ़। छोटूराम नगर और विवेकानन्द नगर से सटकर मुंगेशपुर ड्रेन दिल्ली जाती है। मुंगेशपुर ड्रेन में भारी मात्रा में बारिश का पानी आने से ड्रेन ओवरफ्लो होकर कई जगहों से टूट गया है। आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र के एक बड़े हिस्से को तो सेना के जवान जोड़कर चले गए, लेकिन अब भी ड्रेन के कई हिस्से ओवरफ्लो हैं, जिससे पांच से 6 फीट तक पानी भर गया है। बाढ़ के कारण लोग अपने घरों से पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। सिर पर सामान और गोद में छोटे बच्चों को लेकर लोग अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। जरूरत का सामान लेकर अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के घरों में भी बहुत लोग शिफ्ट हुए हैं। वहीं प्रशासन ने भी लोगों को राहत देने के लिए धर्मशालाओं में अस्थाई आश्रय स्थल बनाए हैं।

बाढ़ पीड़ितों के लिए ड्रोन अभियान

अमृतसर/ चंडीगढ़। पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने दूर-दराज, संपर्क-रहित इलाकों में बाढ़ के पानी में फंसे परिवारों तक भोजन, दवाइयां और ज़रूरी सामान पहुंचाने के लिए उच्च तकनीक वाले ड्रोन अभियान शुरू किया हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को कहा कि विपरीत परिस्थितियों में, नवाचार हमारी जीवन रेखा बन जाता है। वहीं, बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को पंजाब के फिरोजपुर जिले में बाढ़ प्रभावित सीमावर्ती गांवों और चौकियों का दौरा किया और हालात का जायजा लिया।

रेखा गुप्ता ने पंजाब भेजी राहत सामग्री

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भाजपा ने रविवार को पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री साम्रगी रवाना की। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने राहत सामग्री ले जा रहे 52 ट्रकों को रवाना किया। दिल्ली सरकार के सभी मंत्री और पार्टी के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। पंजाब के जालंधर के लिए रवाना हुए ट्रकों पर बाढ़ पीड़ितों के दैनिक इस्तेमाल में आने वाली सामग्री, जैसे चारपाइयां, रसोई घर में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, कंबल, मच्छर दानी और दवाइयां थीं।

जमीन धोखाधड़ी में भू माफिया के परिसरों पर ईडी का छापा

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीनों के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में कथित भू-माफिया ज्ञान चंद अग्रवाल और उसके सहयोगियों के जयपुर स्थित कई परिसरों पर छापा मारकर तलाशी ली। अग्रवाल के खिलाफ यहां 300 से ज्यादा मामले (प्राथमिकी) दर्ज हैं।

ईडी ने कहा कि ये अभियान तीन और चार सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत चलाया गया। ईडी ने जयपुर निवासी अग्रवाल के खिलाफ राजस्थान पुलिस द्वारा दर्ज कई प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की। अग्रवाल कथित तौर पर करोड़ों की जमीन हड़पने और धोखाधड़ी के अनेक मामलों में संलिप्त हैं। अकेले जयपुर में ही उनके खिलाफ 300 से ज्यादा मामले हैं। पुलिस के अनुसार अग्रवाल ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर जाली दस्तावेज तैयार कर और झूठे आश्वासन देकर निवेशकों को ठगा।

मणिपुर में जल्द ही शांति स्थापित होने की उम्मीद

जोधपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने मणिपुर में गृह मंत्रालय व कुकी संगठनों के बीच हुए हालिया समझौते का स्वागत करते हुए रविवार को उम्मीद जताई कि इस पूर्वोत्तर राज्य में शीघ्र शांति और सौहार्द कायम होगा। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक के बाद यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में अलगाववाद और हिंसा कम हुई है। काफी सारे क्षेत्र में प्रगति व विकास का माहौल बना है। लोग भी उस दृष्टि से आगे बढ़ रहे हैं। अलग-अलग जनजातियों व लोगों में सौहार्द बना रहे इस दृष्टि से जो प्रयास कई वर्षों से चल रहे थे उसके भी कई सारे परिणाम दिख रहे हैं।

आंबेकर ने कहा कि मणिपुर में विशेषकर मेइती और कुकी समुदाय में एक विवाद उत्पन्न हो गया था जिसके परिणामस्वरूप काफी हिंसा हुई। संघ लगातार उसके लिए चिंता कर रहा था। उस दृष्टि से दोनों समुदाय की आपस में बातचीत होकर सौहार्द बने इसके लिए संघ और उसके विविध संगठनों द्वारा लगातार इस दिशा में प्रयास किए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि ये अच्छी बात है कि अभी गृह मंत्रालय द्वारा जो विशेष समझौता वहां के कुकी संस्थाओं के साथ हुआ है।

● आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख ने तीन दिवसीय समन्वय बैठक में यह बात कही

हजरतबल विवाद : पुलिस ने 25 लोगों को हिरासत में लिया

श्रीनगर, एजेंसी

श्रीनगर में हजरतबल दरगाह में अशोक चिह्न को क्षतिग्रस्त करने के संबंध में पूछताछ के लिए दो दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि तोड़फोड़ की घटना के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने 25 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अब तक किसी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन कुछ लोगों से पूछताछ जारी है। शुक्रवार को हजरतबल दरगाह में लगाई गई अशोक चिह्न वाली पट्टिका को कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिससे विवाद पैदा हो गया था। राजनीतिक दलों ने जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड की प्रमुख दरख्शां अंद्राबी पर दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल करके धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया और उनके खिलाफ मामला दर्ज करने तथा उन्हें हटाने की मांग की।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीक सरकारी समारोहों के लिए है, धार्मिक संस्थानों के लिए नहीं, महबूबा मुफ़्ती ने इस चिह्न के इस्तेमाल को ईशनिंदा करार दिया।

● तोड़फोड़ की घटना के वीडियो व सीसीटीवी फुटेज की जांच जारी

गणेशोत्सवः पटाखे फोड़ने पर 300 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज

कासरगोड (केरल)। केरल के कासरगोड जिले में गणेशोत्सव के समापन पर निकाली गई विसर्जन यात्रा के दौरान खतरनाक तरीके से पटाखे फोड़ने और लोगों की आवाजाही बाधित करने के आरोप में 300 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, सभी आरोपी शनिवार को कसबा गांव स्थित मल्लिकार्जुन मंदिर परिसर से शुरू हुई विसर्जन यात्रा का हिस्सा थे। ये लोग यहां राज्य परिवहन निगम की बस डिपो के सामने जमा हो गए और वहां लोगों एवं वाहनों की आवाजाही में बाधा डाली। उन्होंने बिना किसी सुरक्षा एहतियात के पटाखे फोड़े, जिससे लोगों को परेशानी हुई। पुलिस ने रविवार को प्राथमिकी में 300 आरोपियों में से चार को नामजद किया गया है।

घुसपैठियों का मुद्दा उठाने पर धमका रहा विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने रविवार को विपक्षी दलों के नेताओं पर भारत में रह रहे घुसपैठियों को बचाने के लिए अभियान चलाने का आरोप लगाया और कुछ नेताओं की टिप्पणियों का हवाला देते हुए दावा किया कि वे पश्चिम बंगाल और झारखंड जैसे राज्यों में इस मुद्दे को उठाने पर उसे धमकी दे रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि झारखंड के मंत्री और कांग्रेस नेता इरफान अंसारी ने घुसपैठियों के मुद्दे पर भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा है कि वह भाजपा की कब्र खोदेंगे। हालांकि, अंसारी ने इसके बाद कहा था कि वह भाजपा द्वारा उन्हें और स्थानीय निवासियों को बांग्लादेशी घुसपैठियों के रूप में पेश किए जाने पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। पात्रा ने कहा कि भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ है, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का हालिया अभियान मूलतः घुसपैठियों को बचाने की एक कवायद थी। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेता अब्दुर रहीम बॉक्सी ने घुसपैठियों का मुद्दा उठाने वाले व्यक्ति के चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी दी है। कलकत्ता हाईकोर्ट को मालदा जिला अध्यक्ष बॉक्सी की टिप्पणियों का संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू करनी चाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि ये टिप्पणियां चुनाव आयोग के मतदाता सूची समीक्षा अभियान को लेकर विपक्षी खेमे में बढ़ती हताशा को दर्शाती हैं।

● संबित पात्रा बोले- बिहार में राहुल गांधी का अभियान घुसपैठियों को बचाने की कवायद

एक देश, एक चुनाव का भाजपा ने किया समर्थन

बेंगलुरु। भाजपा नेताओं ने रविवार को एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव का पुरजोर बचाव किया और ईवीएम तथा निर्वाचन आयोग के बारे में कांग्रेस के विचारों की आलोचना की। राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि एक देश, एक चुनाव के विचार को देश भर में भारी समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि बी आर आंबेडकर ने हमारे देश को संविधान दिया और अगर कोई नेता यह सुनिश्चित कर रहा है कि संविधान का सही ढंग से पालन हो, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। कांग्रेस द्वारा ईवीएम पर सवाल उठाने पर भाटिया ने कहा कि भाजपा एक अच्छे छात्र की तरह है, जो परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करता है और पास करने के बाद जनता का आभार व्यक्त करता है, जबकि कांग्रेस उस छात्र की तरह है जो पढ़ाई नहीं करता, कक्षाएं नहीं लेता और असफल होने पर ईवीएम को दोष देता है। यह भ्रष्ट पार्टी की ओछी राजनीति और निरंतर निराशावाद को दर्शाता है।

ईसीआई वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बना: खरगे

बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यह (आयोग) वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बन गया है। खरगे ने एक्स पर कहा, कालक्रम को समझें। मई 2023 के कर्नाटक चुनाव से पहले, कांग्रेस ने अलंद क्षेत्र के मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया था। प्रपत्र संख्या-7 में फर्जीवाड़ा कर हजारों मतदाताओं के मताधिकार छीने गए।

उन्होंने कहा कि फरवरी 2023 में एक मामला दर्ज हुआ। जांच में 5,994 जाली आवेदनों का खुलासा हुआ। यह मतदाता धोखाधड़ी के बड़े पैमाने पर प्रयास का एक स्पष्ट प्रमाण है। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जांच का आदेश दिया। लेकिन यहां पेंच यह है कि जहां निर्वाचन आयोग ने पहले जालसाजी का पता लगाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों का कुछ हिस्सा साझा किया था तो वहीं अब उसने महत्वपूर्ण जानकारी को छुपा लिया है और (आयोग) वोट चोरी के पीछे के लोगों को प्रभावी ढंग से बचा रहा है। उन्होंने पूछा कि निर्वाचन आयोग ने अचानक महत्वपूर्ण सबूतों को क्यों रोक दिया है? यह किसे बचा रहा है? भाजपा के वोट चोरी विभाग को? क्या निर्वाचन आयोग भाजपा के दबाव में सीआईडी जांच को पटरी से उतार रहा है।

वर्ल्ड ब्रीफ

अनुतिन थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री बने

बैंकॉक। थाईलैंड में वरिष्ठ नेता अनुतिन चार्नविराकुल रविवार को शाही अनुमोदन प्राप्त करने के बाद देश के प्रधानमंत्री बन गए। अदालत के आदेश पर उनके पूर्ववर्ती को पद से हटाए जाने के बाद दो दिन पहले संसद द्वारा उन्हें इस पद के लिए चुना गया। अनुतिन (58) ने पैतोंगटार्न शिनावात्रा का स्थान लिया है, जिन्हें पिछले सप्ताह अदालत के आदेश पर प्रधानमंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया था, क्योंकि पड़ोसी देश कंबोडिया के सीनेट अध्यक्ष हुन सेन के साथ लीक हुई फोन कॉल के जरिये उन्हें नैतिकता के नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। अनुतिन ने पैतोंगटार्न के मंत्रिमंडल में उप प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया था, लेकिन लीक हुए फोन कॉल की खबर से हंगामा मचने के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और गठबंधन सरकार से अपनी पार्टी का समर्थन वापस ले लिया था।

काठमांडू में नेपाल चीन सैन्य अभ्यास शुरू

काठमांडू। नेपाली सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सागरमाथा फ्रेंडशिप' का पांचवां संस्करण रविवार को काठमांडू में शुरू हुआ। नेपाल की सेना की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 10 दिवसीय संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं के बीच आपदा प्रबंधन, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और आतंकवाद निरोध सहित अन्य विषयों पर ज्ञान का आदान-प्रदान होगा। संयुक्त सैन्य अभ्यास वर्ष 2017 से नेपाल और चीन में बारी-बारी से आयोजित किया जा रहा है। बयान में कहा गया है, नेपाली सेना विभिन्न विषयों में अपनी क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से मित्र देशों के साथ इस प्रकार के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सैन्य अभ्यासों और पेशेवर प्रतियोगिताओं में भाग लेती रही है।

घाना में सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

अकरा। दक्षिणी घाना में शनिवार तड़के एक कार और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। घाना राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा (जीएनएफएस) के क्षेत्रीय जनसंपर्क अधिकारी अब्दुल वसीउ हुडू ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 3:50 बजे केप कोस्ट-अकरा राजमार्ग पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद सड़क को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

ब्रिटेन में फलस्तीन एक्शन रैली के दौरान 425 लोग गिरफ्तार

लंदन, एजेंसी

- प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर किया हमला, लात और घूंसों से मारा

लंदन की महानगर पुलिस ने फलस्तीन एक्शन को आतंकी समूह घोषित करने के खिलाफ किए गए प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा अधिकारियों पर 'लात चलाने और थूकने जैसे असहनीय' दुर्व्यवहार की रविवार को निंदा की। उसने इस मामले में करीब 425 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

ब्रिटिश सरकार द्वारा इस समूह पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में शनिवार को सैकड़ों लोग संसद चौक पर एकत्र हुए, तथा इजराइल-हमास संघर्ष के विरोध में 'मैं नरसंहार का विरोध करता हूं, मैं फलस्तीन कार्रवाई का समर्थन करता हूं' जैसे तख्तियां लिए हुए थे। पुलिस ने अगस्त में इसी संगठन पर प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए इसी तरह के प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया था।

शनिवार को हुई अधिकांश गिरफ्तारियां प्रतिबंधित संगठन का समर्थन करने तथा आतंकवाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों के लिए थीं। कुछ लोगों को पुलिस अधिकारियों पर हमले के लिए भी गिरफ्तार किया गया है। महानगर पुलिस की उप सहायक आयुक्त क्लेयर स्मार्ट ने कहा, कर्तव्यों का निर्वहन करते सहमारे अधिकारियों को प्रदर्शनकारियों द्वारा घूंसे मारे गए, लात मारी गई, उन पर थूका गया।

अद्भुत खगोलीय घटनाएं



ब्रम्हांड खगोलीय घटनाओं का अद्भुत संसार है। इन्हीं घटनाओं में चंद्रग्रहण और सूर्यग्रहण भी शामिल है जो काफी सामान्य रूप से देखे जा सकते हैं। चंद्रग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूरज और चंद्रमा के बीच आ जाती है। इससे सूर्य की रोशनी जो सामान्यत: चंद्रमा पर पड़ती है, वह पृथ्वी की छाया से रुक जाती है। पृथ्वी की छाया के दो हिस्से होते हैं। एक उम्ब्रा यानी ऐसी गहरी छाया जहां सूर्य की रोशनी पूरी तरह रुक जाती है। दूसरी पेनुम्ब्रा यानी हल्की छाया जहां सूर्य की रोशनी आंशिक रूप से पहुंचती है। जब चंद्रमा उम्ब्रा से गुजरता है तो पूर्ण चंद्रग्रहण होता है और वह लाल दिखाई देता है क्योंकि पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य की लाल किरणों को मोड़कर चंद्रमा तक भेज देता है। इसे ही ब्लड मून कहते हैं। सूर्यग्रहण पृथ्वी और सूर्य के बीच चंद्रमा के आ जाने से होता है। सूर्यग्रहण में भी चंद्रमा की छाया दो हिस्सों उम्ब्रा और पेनुम्ब्रा में होती है। सूर्यग्रहण केवल अमावस्या के दिन हो सकता है।

अब तक के प्रमुख ग्रहण

- वर्ष 2018 में 27 जुलाई को पड़ा 1 घंटा 42 मिनट 57 सेकंड का चंद्रग्रहण 21वीं सदी का सबसे लंबा पूर्ण चंद्रग्रहण था। इस दिन ब्लड मून दिखाई दिया था।
- इससे पहले सबसे लंबा पूर्ण चंद्रग्रहण 26 जुलाई 1453 में हुआ था जो इससे भी कुछ सेकंड लंबा था, लेकिन खगोल विज्ञान में 2018 वाला ही सबसे चर्चित है।
- दुनिया का सबसे लंबा सूर्यग्रहण 22 जुलाई 2009 को पड़ा था। छह मिनट 38 सेकंड के इस पूर्ण सूर्यग्रहण को 21वीं सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण कहा गया।
- खगोल विज्ञानियों के मुताबिक 16 जुलाई 2186 को होने वाला पूर्ण सूर्यग्रहण 7 मिनट 29 सेकंड चलेगा जो अगले 10,000 वर्षों में सबसे लंबा सूर्यग्रहण होगा।

कितनी तरह के ग्रहण

- सूर्य और चंद्र दोनों के तीन प्रकार होते हैं- पूर्ण, आंशिक और उपछाया। उप छाया सिर्फ चंद्रग्रहण के लिए होता है।
- वलयाकार सूर्यग्रहण में चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह नहीं ढकता, उसके चारों ओर एक अग्नि वलय दिखाई देता है।
- सूर्यग्रहण या चंद्रग्रहण का एक खास चक्र होता है जिसे सारोस चक्र कहते हैं, जिसमें लगभग 18 वर्ष लगते हैं।

खतरनाक

उपकरणों के लिए ग्रहण खतरनाक हो सकता है। दूरबीनों पर सीधे धूप पड़ने से उनके दर्पणों की कोटिंग क्षतिग्रस्त हो सकती है।

सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण

हमेशा क्यों नहीं होता ग्रहण

हर अमावस्या सूर्यग्रहण और हर पूर्णिमा चंद्रग्रहण होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं होता। कारण है कि चंद्रमा की कक्षा पृथ्वी की कक्षा से पांच डिग्री झुकी हुई है। इसलिए अधिकतर समय चंद्रमा सूर्य या पृथ्वी की छाया से ऊपर या नीचे निकल जाता है। जब सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा तीनों एक सीध में आ जाते हैं, तभी ग्रहण होता है।

अन्य प्रमुख खगोलीय घटनाएं

- उल्का वर्षा : धूमकेतु या क्षुद्रग्रह से निकले छोटे कण पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं और घर्षण से जल उठते हैं।
- धूमकेतु : बर्फ, धूल और गैस से बने छोटे पिंड, जो सूर्य के पास आने पर तेज चमकते हैं और उनकी लंबी पूंछ बनती है।
- ग्रह संयोजन : जब दो या अधिक ग्रह एक दिशा में पास दिखाई देते हैं, कभी-कभी कई ग्रह एक सीध में आ जाते हैं।
- सुपरमून : जब पूर्णिमा के दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब होता है तो चंद्रमा बहुत बड़ा और चमकीला लगता है।

प्रमुख वैज्ञानिक तथ्य

- ग्रहण के दौरान तापमान गिरता है, पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान कई डिग्री गिर सकता है।
- पूर्ण चंद्रग्रहण की अवधि चंद्रमा के पृथ्वी की छाया के केंद्र से गुजरने पर निर्भर करती है।
- चंद्रमा लाल या नारंगी दिख सकता है, क्योंकि सूर्य की रोशनी छनकर उस पर पड़ती है।

एक्स ने सामने रखा सच तो बौखलाए नवारो, भारत को फिर बनाया निशाना

कहा- रूसी तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा भारत, रूस-यूक्रेन में मर रहे हैं लोग

न्यूयॉर्क, एजेंसी

व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने रूसी तेल की खरीद जारी रखने के लिए एक बार फिर भारत की आलोचना की है। नवारो ने कहा है कि रूसी तेल खरीदकर भारत मुनाफा कमा रहा है और रूस तथा यूक्रेन में लोग मारे जा रहे हैं।

पिछले कुछ हफ्तों में नवारो ने रूस के साथ ऊर्जा संबंधों को लेकर भारत पर कई बार निशाना साधा है। इस बीच इस बार सोशल मीडिया मंच एक्स ने उनके दावों को फैक्ट चेक कर भ्रामक बता दिया। इससे बौखलाए नवारो ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, वाह, एलन मस्क लोगों के पोस्ट से दुष्प्रचार को बढ़ावा दे रहे हैं। नीचे दिया गया बकवास नोट भी यही है। भारत रूस से तेल सिर्फ मुनाफा कमाने के लिए खरीदता है। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने से पहले वह तेल नहीं खरीदता था। भारतीय सरकार की प्रचार मशीन तेजी से आगे बढ़ रही है। यूक्रेनियों को मारना बंद करो। अमेरिकियों की नौकरियां छीनना बंद करो।

भारत का कहना है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है। नवारो ने उनकी पिछले पोस्ट पर किए गए एक 'कम्युनिटी पोस्ट' के उत्तर में यह जवाब दिया था। उस पोस्ट में उन्होंने कहा था कि भारत रूस से जो तेल खरीद रहा है उससे रूसी युद्ध तंत्र को पैसा मिल रहा है। उन्होंने कहा था, भारत के अधिक शुल्क से अमेरिकी नौकरियां खत्म हो रही हैं। भारत रूसी तेल को विशुद्ध रूप से लाभ कमाने के लिए खरीदता है। इस राजस्व से रूसी युद्ध मशीन चलती है। यूक्रेनी और रूसी लोग मरते हैं। अमेरिकी करदाताओं को अधिक भुगतान करना पड़ता है।

कम्युनिटी पोस्ट में नवारों के दावों को बताया था पाखंड

कम्युनिटी पोस्ट में नवारो के दावों को 'पाखंड' बताया गया। इसमें कहा गया, ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारत द्वारा रूसी तेल की वैध, संप्रभु ख़रीद अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं है। अमेरिका भारत पर दबाव डाल रहा है जबकि खुद अरबों डॉलर के रूसी सामान जैसे यूरेनियम का आयात जारी रखे हुए है, जो उसके दोहरे मापदंड को साफ तौर पर उजागर करता है। 'एक्स' के अनुसार कम्युनिटी नोट्स का उद्देश्य ऐसी दुनिया बनाना है जहां लोगों को सही जानकारी हो और इसके लिए सोशल मीडिया मंच पर लोगों को यह मौका दिया जाता है कि वे संभावित रूप से भ्रामक पोस्ट्स में संदर्भ जोड़ सकें। इसमें यूजर किसी भी पोस्ट पर टिप्पणी कर सकते हैं और यदि विभिन्न दृष्टिकोणों से पर्याप्त उपयोगकर्ता उस टिप्पणी को उपयोगी मानते हैं तो वह सार्वजनिक रूप से पोस्ट पर दिखाई जाती है।

ट्रंप से मिले लॉबिंग के लिए भारत की ओर से रखी गई फर्म के प्रमुख

वाशिंगटन। शुल्क पर वाशिंगटन की नीति को लेकर भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में आए तनाव की पृष्ठभूमि में राजनीतिक लॉबिस्ट जेसन मिलर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके प्रशासन के कुछ अधिकारियों से मुलाकात की है। मिलर एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के प्रमुख हैं। भारतीय दूतावास ने अप्रैल में एक साल के लिए इसकी सेवा ली है और इसके लिए 18 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जाना तय हुआ था। मिलर ने ट्रंप और अन्य अधिकारियों के साथ अपनी मुलाकात का उद्देश्य तो नहीं बताया, लेकिन सोशल मीडिया पर ट्रंप के साथ वाली एक तस्वीर सहित कई तस्वीरें पोस्ट कीं। उन्होंने पोस्ट किया, वाशिंगटन में बहुत ही शानदार सप्ताह रहा, जहां बहुत सारे दोस्त शहर में थे, और सबसे बढ़िया बात यह रही कि हमें यहां रुकने और अपने राष्ट्रपति को काम करते हुए देखने का अवसर मिला!

नो ट्रंप... नो ट्रूप्स

शिकागो में शनिवार को इलिनोइस आप्रवासी एवं शरणार्थी अधिकार गठबंधन की ओर से आयोजित 'शिकागो सेज... नो ट्रंप नो ट्रूप्स' विरोध प्रदर्शन के दौरान हजारों लोगों ने सड़कों पर मार्च किया।

माल्या और नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया तेज, तिहाड़ जेल देखने पहुंची ब्रिटेन की टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

- माल्या 9000 और मोदी 13800 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी

नीरव मोदी और विजय माल्या जैसे चर्चित आर्थिक अपराधियों को प्रत्यर्पित कराकर वापस भारत लाने के तेज हुए प्रयासों के बीच ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) की एक टीम ने तिहाड़ जेल का दौरा किया है।

एक अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह किए गए इस दौरे का उद्देश्य प्रत्यर्पण याचिकाओं पर निर्णय लेने से पहले ब्रिटेन की अदालतों द्वारा निर्धारित कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जेल की स्थितियों का आकलन करना था। भारत बैंक धोखाधड़ी से लेकर हथियारों की तस्करी तक के मामलों में वांछित कई भगोड़ों की वापसी के लिए दबाव बना रहा है। अधिकारी ब्रिटिश अदालतों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि प्रत्यर्पित लोगों को हिरासत में असुरक्षित या अमानवीय परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

अधिकारी के अनुसार, सीपीएस प्रतिनिधिमंडल ने तिहाड़ के उच्च सुरक्षा वाले वार्ड का दौरा किया और कुछ कैदियों से भी बातचीत की। जेल अधिकारियों ने बताया कि जरूरत पड़ने पर, हाई-प्रोफाइल आरोपियों को रखने के लिए परिसर के भीतर एक अलग एन्क्लेव बनाया जा सकता है, ताकि उनकी सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

भारत ने आश्वासन दिया है कि अभियुक्तों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। माल्या 9,000 करोड़ रुपये के ऋण चूक के आरोपों में घिरा है और ब्रिटेन से भारत प्रत्यर्पित करने का विरोध कर रहा है। पीएनबी में 13,800 करोड़ के घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को 2019 में भगोड़ा घोषित किया गया था, उसी साल उसे ब्रिटेन में गिरफ्तार कर लिया गया था। लंदन की एक अदालत ने उसके प्रत्यर्पण को पहले ही मंजूरी दे दी है, हालांकि अपील लंबित है।

नाइजीरिया में बोकोहराम के आतंकवादियों ने किया हमला, 60 लोगों की हत्या

मैदुगुरी, एजेंसी

- दर्जन भर घर जलाए, सौ से ज्यादा लोग घर छोड़ने को मजबूर

आतंकवादी संगठन बोको हराम के आतंकियों ने उत्तर-पूर्वी नाइजीरिया के एक गांव पर रात में हमला कर कम से कम 60 लोगों की हत्या कर दी। आतंकवादियों ने एक दर्जन से ज्यादा घर जला दिए। सौ से ज्यादा लोगों को घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा।

यह हमला दारुल जमाल गांव में हुआ और वहां के निवासी मोहम्मद बाबागाना ने बताया कि इसमें कम से कम 60 लोग मारे गए। बोर्नो राज्य के गवर्नर बाबागाना जुलुम ने शनिवार देर शाम घटनास्थल का दौरा किया और पत्रकारों से पुष्टि की कि हमले में 60 से अधिक लोग मारे गए। जुलुम ने कहा, हमें लोगों के प्रति सहानुभूति है। उनसे अनुरोध है कि वे अपने घरों को न छोड़ें, क्योंकि हमने सुरक्षा में सुधार करने तथा भोजन और अन्य जीवन रक्षक वस्तुएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

बामा की सरकार के चेयरमैन मोडू गुज्जा ने कहा कि एक दर्जन से अधिक घर जला दिए गए, वहीं 100 से अधिक लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। सुरक्षा अध्ययन संस्थान में बोको हराम पर शोध करने वाले ताइवो अदेबायो ने कहा कि हमले को बोको हराम के एक गुट ने अंजाम दिया जिसे 'जमातु अहलिस सुन्ना लिद्दावती वाल-जिहाद' के नाम से जाना जाता है।

ओली का सोशल मीडिया मंचों से प्रतिबंध हटाने से इन्कार

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने देश में अपंजीकृत सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगाने के अपने सरकार के फैसले का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि राष्ट्र को कमजोर किए जाने के प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

- कहा- राष्ट्र को कमजोर करने के प्रयास नहीं बर्दाश्त किए जाएंगे

ओली की यह टिप्पणी विभिन्न समूहों के उनकी सरकार के इस फैसला का विरोध किए जाने के बीच आई है। नेपाल सरकार ने बृहस्पतिवार को फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसी सोशल मीडिया साइट पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की, क्योंकि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ पंजीकरण कराने में नाकाम रहीं।

हूती विद्रोहियों का इजराइल के हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला

तेल अवीव। यमन से हूती विद्रोहियों के दागे गए एक ड्रोन ने इजराइल के दक्षिणी शहर में हवाई अड्डे को निशाना बनाया, जिसके कारण हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया और उड़ानें रोक दी गईं। इजराइल ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने कई ड्रोन दागे, जिनमें से अधिकतर को इजराइल के बाहर ही नष्ट कर दिया गया। एक ड्रोन इजराइल के दक्षिणी शहर इलैट के पास स्थित रमन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास गिरा। मई में, हूती विद्रोहियों की एक मिसाइल इजराइल के मुख्य हवाई अड्डे के पास गिरी, जिससे चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए।

सबसे बड़ा हमला : रूस ने यूक्रेन को 800 ड्रोन से बनाया निशाना

कीव, एजेंसी

- यूक्रेन के मंत्रिमंडल के मुख्यालय को भी बनाया निशाना, दो लोगों की मौत

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर शनिवार को बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइल दागीं, जिससे कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। इसे फरवरी 2022 में दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन पर रूस का सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है।

रविवार को हुए इस हमले के बाद एक प्रमुख सरकारी इमारत की छत से धुआं उठता दिखाई दिया। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर 805 ड्रोन से हमला किया। यूक्रेन की वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने पुष्टि की कि रविवार का हमला यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा रूसी ड्रोन हमला था। रूस ने विभिन्न प्रकार की 13 मिसाइल भी दागीं।

वायु सेना के एक बयान के अनुसार, यूक्रेन ने 747 रूसी ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया या निष्क्रिय कर दिया। यूक्रेन में 37 जगहों पर नौ मिसाइल हमले और 56 ड्रोन हमले हुए। मार गिराए गए ड्रोन और मिसाइलों का मलबा आठ जगहों पर गिरा। एक सरकारी इमारत की छत से भी धुएं का गुबार उठता देखा गया। माना जा रहा है कि रूस ने हवाई हमले तेज किए हैं। रूस अब तक शहर के केंद्र में सरकारी इमारतों को निशाना बनाने से बचता रहा है। यह इमारत यूक्रेन के मंत्रिमंडल का मुख्यालय है, जहां उसके मंत्रियों के कार्यालय स्थित हैं।

पहली बार सरकारी इमारत बनी निशाना

प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने टेलीग्राम पर कहा, पहली बार किसी सरकारी इमारत और ऊपरी मंजिलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, बचाव दल आग बुझा रहे हैं। राज्य आपातकालीन सेवा ने बताया कि कीव के स्वियातोशिन्स्की ज़िले में एकनौ मंजिला इमारत हमलों में आंशिक रूप से नष्ट हो गई।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 सितंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 21.11 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- पूर्व भाद्रपद 21.02 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष आज विधिक मामलों में आपकी विजय हो सकती है। आपके खर्चों में कमी आयेगी। जॉब में मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। सोशल मीडिया में आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

वृष आज किसी जरूरी काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी मित्रता प्रगाढ़ होगी। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आपको लोगों से अत्यधिक सम्मान प्राप्त होगा।

मिथुन आज अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ाएं। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय अधिक खर्च करेंगे। दोस्तों के साथ राजनीतिक विषयों को लेकर चर्चा हो सकती है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।

कर्क आज आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आयेगी, इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। महिलायें किचन में काम करने के दौरान सावधानी रखें।

सिंह आज कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अनेक आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जायेंगे। जॉब इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता अवश्य मिलेगी। प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

कन्या आज गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध षड्यंत्र कर सकते हैं। एक साथ अनेक कार्य संभालने पड़ेंगे। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा। आज आपका दिन अत्यधिक व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है।

तुला आज प्रेमीजन को आज उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद करेंगे।

वृश्चिक आज आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको आज काफी परेशान करेगा। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

धनु आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे।

मकर आज कार्यक्षेत्र में विरोधी कमजोर हो जायेंगे। आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नये कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेंगे।

कुंभ आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को विवाह का स्वरूप दे सकते हैं।

मीन आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा।

सुडोकू -93

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1		2		9				8
	7				1	5		2
8			7				3	
3		9		6				4
			2			7	9	
2		7		5				
7				3		2		
	2		1		9		5	6
		6				3		

सुडोकू - 92 का हल

4	8	5	2	7	9	6	1	3
9	6	2	4	1	3	5	8	7
1	7	3	8	5	6	4	2	9
5	1	4	3	2	7	8	9	6
2	3	6	9	4	8	1	7	5
7	9	8	5	6	1	3	4	2
3	5	1	7	8	2	9	6	4
6	2	9	1	3	4	7	5	8
8	4	7	6	9	5	2	3	1

अंतिम एकादश में जगह पाने के हकदार खिलाड़ी को अगर टीम में नहीं चुना जाता है तो यह उसके लिए काफी निराशाजनक होता है लेकिन स्थिति चाहे जो भी हो, टीम के हित के लिए नैतिक रूप से काम करते रहना चाहिए।
-श्रेयस अय्यर

स्टेडियम

अयोध्या, सोमवार, 8 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

स्पेन के मोंटमेलो में कैटेलोनिया ग्रैंड प्रिक्स की मोटो2 रेस जीतने के बाद जश्न मनाते स्पेन के राइडर डैनियल होल्गाडो। एजेंसी

आईएसएसएफ विश्व कप कल से

निंगबो (चीन) : ओलंपियन राइफल निशानेबाज रमिता जिंदल और दिव्यांश सिंह पंवार मंगलवार से शुरू हो रहे चौथे और अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल और पिस्टल) में 24 सदस्यीय भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। टीम हाल में कजाखस्तान के शेमकेंट में संपन्न एशियाई चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन से और बेहतर करने की कोशिश करेगी जिसमें उसने 31 पदक जीते। इनमें सीनियर वर्ग में 14 स्वर्ण, आठ रजत और नौ कांस्य पदक शामिल हैं जिससे भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा जिसने 15 स्वर्ण, 12 रजत और तीन कांस्य पदक जीते।

लक्ष्य चाहर प्री-क्वार्टर फाइनल में

लिवरपूल : भारत के लक्ष्य चाहर ने रविवार को लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में जॉर्डन के हुसैन इयाश को हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम 16 में प्रवेश किया। लक्ष्य ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक तरीके से की, लेकिन जॉर्डन के खिलाड़ी ने दूसरे राउंड में अंतर कम कर लिया। हालाँकि, भारतीय खिलाड़ी ने तीसरे राउंड में वापसी करते हुए 5-0 से शानदार जीत हासिल की।

तलवार पोलैंड में 47वें स्थान पर

कोनोपिस्का (पोलैंड) : भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने यहां जीएसी रोसा गोल्फ चैलेंज के तीसरे दिन दो ओवर 72 का स्कोर बनाया जिससे वह एक स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर हैं। तलवार ने तीसरे दौर में एक बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी कर गए जिससे उनका स्कोर दो ओवर रहा। उनका कुल स्कोर ईवन पार है। स्वीडन के ह्यूगो टाउनसेंड ने तीसरे दौर में छह अंडर 64 के स्कोर से कुल 14 अंडर के स्कोर से पांच शॉट की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। टाउनसेंड ने तीसरे दौर में पांच बर्डी, एक ईगल और एक बोगी की।

इंग्लैंड ने दिया 415 रनों का लक्ष्य

साउथैंप्टन : जेकब बेथेल (110), जो रूट (100) की शानदार शतकीय तथा जेमी स्मिथ (62) और जॉस बटलर (नाबाद 62) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर इंग्लैंड ने रविवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 415 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ और बेन डकेट ने पहले विकेट के लिए 59 रन जोड़े।

सबालेंका ने धैर्य बनाकर जीता यूएस ओपन

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता।

सबालेंका जब खिताब से दो अंक दूर थीं, तब उन्होंने एक ऐसा ओवरहेड स्मैश लगाया जो आसान शॉट होना चाहिए था, लेकिन उन्होंने उसे नेट में उलझा दिया। जिससे अनिसिमोवा को ब्रेक का मौका मिल गया। सबालेंका ने हालांकि अपना धैर्य बनाए रखा और आखिर में 6-3, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अपने करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका ने अपनी चौथी ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीती। उन्होंने अपने सभी खिताब हार्ड कोर्ट पर जीते हैं। इस जीत से वह 2006 में जस्टिन हेनिन के बाद एक सत्र में तीन प्रमुख फाइनल हारने वाली पहली महिला बनने से बच गईं। दूसरे सेट में अमेरिकी खिलाड़ी ने वापसी की और 5-4 के स्कोर पर सबालेंका की सर्विस के दौरान लड़खड़ाने का फायदा उठाया, जिससे उनका नियमित ओवरहेड नेट में चला गया। इससे अनिसिमोवा ने सर्विस ब्रेक की और टाईब्रेकर कराया।

● ऑस्ट्रेलियाई ओपन में कीज और फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ से फाइलन में हार गई थीं सबालेंका

जब आप सबसे बड़े टूर्नामेंटों में से एक का फाइनल हार जाते हैं और तुरंत मीडिया के पास जाते हैं, तो आप निराश और भावुक हो जाते हैं। उन पलों ने मुझे और भी अधिक मजबूत बनना सिखाया। यह एक कठिन सबक था, लेकिन इसने मुझे कई मायनों में मदद की।
-एरिना सबालेंका

फाइनल में दो हार की निराशा हावी नहीं होने दी

- **न्यूयॉर्क :** सबालेंका मेलबर्न पार्क में मैडिसन कीज़ से तथा रोलैंड-गैरोस में कोको गॉफ से हार गई थी। शनिवार को उनके दिमाग में इन हार की तस्वीर भी बनी हुई थी। उन्होंने कहा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद, मैंने सोचा कि सही यही होगा कि इसे भूलकर आगे बढ़ जाऊं। लेकिन फिर फ्रेंच ओपन में भी यही हुआ। मैंने उन फाइनल को देखा और मैं हार का यह सिलसिला तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध थी और मुझे खुशी है कि मैं इसमें सफल रही।
- अमांडा अनिसिमोवा ने सबालेंका की तारीफ करते हुए कहा मैं वास्तव में उनकी बहुत प्रशंसा करती हूं। वह कड़ी मेहनत करती है और इसी लिए आज इस मुकाम पर हैं। मुझे भी मौके मिले थे लेकिन मैं उन्हें नहीं भुना सकी।

बेलारूस की आर्यना सबालेंका यूएस ओपन की ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती हुईं। एजेंसी

ग्रैनोलर्स व जेबालोस ने पुरुष युगल का खिताब जीता

- **न्यूयॉर्क :** मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस अमेरिकी ओपन पुरुष युगल चैंपियनशिप के फाइनल में हारने से बस एक अंक दूर थे, लेकिन कुछ ही पल बाद वे चैंपियन बन गए। ग्रैनोलर्स और जेबालोस ने शनिवार को जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 3-6, 7-6 (4), 7-5 से हराकर सत्र का अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। ग्रैनोलर्स ने कहा टेनिस कभी-कभी पागलपन भरा होता है, क्योंकि हम यहां तक बात कर रहे थे कि आप मैच हारने के कितने करीब थे और फिर 20 मिनट में आप ट्रॉफी जीत लेते हैं।

भारत ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

दक्षिण कोरिया को हराकर चौथी बार जीता हॉकी एशिया कप खिताब, दिलप्रीत सिंह ने किए दो गोल

राजगीर (बिहार), एजेंसी

दिलप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को रविवार को फाइनल में 4-1 से हराकर आठ साल बाद एशिया कप खिताब जीत लिया। इसी के साथ अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। भारत ने चौथी बार एशिया कप खिताब जीता है और इसके साथ ही वह पांच बार की चैंपियन कोरिया के बाद टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल टीम बन गई। भारत ने इससे पहले 2003 (कुआलालंपुर), 2007 (चेन्नई) और आखिरी बार 2017 (ढाका) में एशिया कप जीता था। दक्षिण कोरिया ने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में खिताब जीता है। इसके साथ ही भारत ने अगले विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर लिया जो 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है। भारत ने अब तक सिर्फ एक बार 1975 में कुआलालंपुर विश्व कप जीता है।

खचाखच भरे राजगीर खेल परिसर में भारत के लिये सुखजीत सिंह ने पहले ही मिनट में गोल दागा जबकि दिलप्रीत ने 28वें और 45वें मिनट में गोल किये। अमित रोहिदास ने 50वें मिनट में चौथा गोल दागा। वहीं पांच बार की चैम्पियन दक्षिण कोरिया के लिये एकमात्र गोल 51वें मिनट में डेन सोन ने किया। भारत ने टूर्नामेंट में पांच जीत दर्ज की और एक ड्रॉ खेला।

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम ने तीनों पूल मैच जीते। सुपर 4 चरण में मलेशिया को 4-1 और चीन को 7-0 से हराया जबकि कोरिया से मैच 2-2 से ड्रॉ रहा था।

पहले ही सेकंड से भारतीय टीम ने आक्रामक शुरूआत की। डिफेंस, मिडफील्ड और फॉरवर्ड पंक्ति के बीच कमाल का तालमेल था और एक ईकाई के रूप में विरोधी गोल पर कई हमले बोले गए। दूसरी ओर कोरियाई टीम अधिकांश समय रक्षात्मक खेल दिखाती नजर आई जो उस पर भारी पड़ा। पहले दो क्वार्टर में भारतीय डिफेंस को भेदने में उसे कामयाबी नहीं मिली और गोल करने के मौके भी कोरियाई टीम बना नहीं सकी। भारत के लिये पहला गोल 30वें सेकंड में सुखजीत ने दागा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बायें फ्लैंक से शानदार प्रदर्शन करते हुए सुखजीत को गेंद सौंपी जिसने बायें कार्नर पर से रिवर्स हिट लगाकर गेंद को गोल के भीतर डाला। दिलप्रीत आठवें मिनट में गोल करने के करीब पहुंचे लेकिन विवेक सागर प्रसाद के पास पर उनका शॉट कोरियाई गोलकीपर जेहान किम ने बचा लिया। अगले ही मूव पर भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन जुगराज सिंह की कोशिश नाकाम रही।

भारतीय आक्रामक पंक्ति ने कोरियाई डिफेंस को पूरे मैच में दबाव में रखा। हरमनप्रीत ने हवा में गेंद उछालकर बायें कॉर्नर पर संजय को पास दिया जिसने सर्कल के भीतर दिलप्रीत को गेंद सौंपी। उन्होंने गोल करके हाफटाइम तक भारत को 2-0 से बढ़त दिला दी। कोरिया को पहला मौका 40वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला लेकिन भारतीय डिफेंस एक बार फिर अडिग था।

भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर 44वें मिनट में मिला लेकिन हरमनप्रीत की कोशिश पहले रशर ने नाकाम कर दी। तीसरे क्वार्टर के आखिर में दिलप्रीत ने भारत के लिए एक और गोल किया। हरमनप्रीत ने फ्री हिट पर राजकुमार पाल को पास दिया जिन्होंने दिलप्रीत को गेंद सौंपी और उन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की। कोरिया के लिए आखिरी मिनटों में सोन ने एकमात्र गोल किया।

कोरिया के खिलाफ पुरुष हॉकी एशिया कप का फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

अल्काराज और सिनर में रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और नंबर दो खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज रविवार को यहां जब अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में आमने-सामने होंगे तो इन दोनों के बीच चल रही प्रतिद्वंद्विता अपने चरम पर पहुंचने की पूरी संभावना है।

इटली के 24 वर्षीय सिनर और स्पेन के 22 वर्षीय अल्काराज इस सत्र में तीसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगे जो टेनिस इतिहास में नया रिकॉर्ड है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस मैच को देखने की योजना बना रहे हैं जिससे यह मुकाबला और दिलचस्प होने की संभावना है। यह दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे के खेल को अच्छी तरह से जानते हैं और ऐसे में जो भी खिलाड़ी अवसरों का फायदा उठाएगा उसके चैंपियन बनने की संभावना बढ़ जाएगी।

हम एक दूसरे के खेल ही नहीं बल्कि कई अन्य चीजों के बारे में भी जानते हैं और यही वजह है कि हम अलग-अलग तरीके से रणनीति तैयार करते हैं। इस तरह की प्रतिद्वंद्विता का होना बहुत अच्छा है।
-यानिक सिनर

सिनर पिछले 17 वर्षों में अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने वाला पहला खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे। रोजर फेडरर ने 2008 में यह कारनामा किया था। तब वह लगातार पांचवीं बार चैंपियन बने थे। यह मुकाबला इसलिए भी महत्वपूर्ण बन गया है, क्योंकि इसमें जीत हासिल करने वाला खिलाड़ी नंबर एक रैंकिंग भी हासिल करेगा।

फाइनल का परिणाम जो भी हो यह सुनिश्चित है कि यह जोड़ी पिछली आठ ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियों को साझा करेगी और पिछले 13 में से 10 पर कब्जा करेगी। अल्काराज ने अभी तक पांच और सिनर ने चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। अल्काराज ने जून में फ्रेंच ओपन में सिनर को हराया था।

रोनाल्डो ने दिलाई पुर्तगाल को बड़ी जीत

मैनचेस्टर, एजेंसी

रिकॉर्ड छठी बार फुटबॉल विश्व कप में खेलने की कवायद में लगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने आर्मेनिया को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

रोनाल्डो ने इस तरह से अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के अपने रिकार्ड को 140 पर पहुंचा दिया है। विश्व कप अगले साल अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में आयोजित किया जाएगा और अगर रोनाल्डो इसमें भाग लेते हैं तो यह नया रिकॉर्ड होगा। अब तक कई खिलाड़ी पांच विश्व कप में खेल चुके हैं लेकिन छह बार इसमें भाग लेना नया रिकॉर्ड होगा। इस बीच इंग्लैंड ने विला पार्क में अंडोरा के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा।

मुझे वह ट्रेनिंग या कोच नहीं मिलता जो चाहिए

लीवरपूल, एजेंसी

● विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दौर में बाहर होने से लवलीना बोरगोहेन निराश

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दौर से बाहर होने के बाद ट्रेनिंग के कम अवसरों पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा वह ट्रेनिंग नहीं मिलती जो उन्हें वास्तव में चाहिए। एक साल से अधिक समय बाद अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी करने वाली टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना शनिवार को 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में तुर्की की बुसरा इस्लिदार के खिलाफ 0-5 की हार के दौरान लय में नहीं दिखी।

लवलीना ने शनिवार को एक्स पर लिखा एक साल बाद मैंने अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मैं अपने पहले ही मुकाबले में हार गई... इससे पीड़ा पहुंचती है। मुझे खेद है कि मैं इस बार ऐसा नहीं कर पाई। लेकिन सभी जानते हैं - मैं कभी भी किसी और चीज के लिए नहीं लड़ती, सिर्फ अपनी ट्रेनिंग के लिए। मैं कभी विलासिता की चीजें नहीं मांगती। मैं सिर्फ अच्छी ट्रेनिंग मांगती हूं। इस 27 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने पेरिस ओलंपिक और उसके बाद के मुकाबलों के लिए तैयारी के दौरान कम अनुभव मिलने पर अफसोस जताया और टोक्यो खेलों से पहले मिली सहयोग प्रणाली से तुलना की। उन्होंने कहा टोक्यो ओलंपिक से पहले हमारे पास अच्छे अंतर्राष्ट्रीय शिविर थे। मैं ट्रेनिंग के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्पारिंग जोड़ीदार के लिए अनुरोध करती थी लेकिन पेरिस ओलंपिक से पहले मुझे बहुत कम प्रतियोगिताएं और बहुत कम अंतरराष्ट्रीय शिविर का मौका मिला। लवलीना ने कहा अच्छे जोड़ीदार के बिना मैं खुद को कैसे बेहतर बना सकती हूं? पेरिस ओलंपिक में भी मैं अकेली थी। मुझे खुद को बार-बार साबित करना पड़ता है। और सभी जानते हैं कि खेल में मानसिक शक्ति उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी शारीरिक शक्ति। उन्होंने कहा फिर भी अपने देश के लिए सब कुछ देने के बाद भी मुझे हमेशा वह ट्रेनिंग या कोच नहीं मिलता जो मुझे सच में चाहिए। मैं हर लड़ाई में अकेले ही मुश्किलों का सामना करती हूं।

क्या यह सही है कि मैं हमेशा अपना सिर झुकाए रखूं, सब कुछ होने के बावजूद चुपचाप ट्रेनिंग करती रहूं?
-लवलीना बोरगोहेन

जायसवाल के अर्धशतक के बावजूद मध्य क्षेत्र फाइनल में

दलीप ट्रॉफी

बेंगलुरु, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल का शानदार अर्धशतक महज एक व्यक्तिगत उपलब्धि बनकर रह गया क्योंकि मध्य क्षेत्र ने रविवार को पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ ड्रॉ हुए मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर दलीप ट्रॉफी के फाइनल में अपनी जगह पक्की की ली। मध्य क्षेत्र अब 11 सितंबर से होने वाले खिताबी मुकाबले में दक्षिण क्षेत्र से भिड़ेगा।

जायसवाल (64) ने अपनी 70 गेंदों की पारी में कुछ शानदार शॉट खेले जिससे पश्चिम क्षेत्र अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 216 रन बनाने में सफल रहा। पश्चिम क्षेत्र को हालांकि पहली पारी में 162 रन से पिछड़ना महंगा पड़ा और टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो गयी। मध्य क्षेत्र ने सुबह के सत्र में आठ विकेट पर 556 रन से आगे खेलते हुए 600 रन पर अपनी पारी समाप्त की। सारंश जैन ने 63 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए एक शानदार अर्धशतक बनाया। पश्चिम क्षेत्र की दूसरी पारी के दौरान चाय के विश्राम से ठीक पहले कप्तान शारदुल ठाकुर (छह) आउट हो गये जबकि दूसरे छोर से संयम के साथ बल्लेबाजी कर रहे तनुश कोटियान (40) क्रीज पर मौजूद थे। इसी समय, दोनों टीमों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया। जयसवाल को अपनी टीम को फाइनल में नहीं देखकर निराशा हुई होगी।

पश्चिम क्षेत्र के यशस्वी जायसवाल अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते हुए।

लाहौर तीन साल बाद क्रिकेट टेस्ट की मेजबानी करेगा

इस्लामाबाद : गत चैंपियन दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान अगले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अपने नए चक्र की शुरुआत करेंगे और इस दौरान लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम तीन साल से अधिक समय बाद अपने पहले क्रिकेट टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा।

शनिवार को एक बयान में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद ने कहा हम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 अभियान की पहली सीरीज में दक्षिण अफ्रीका का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा मौजूदा टेस्ट चैंपियन के खिलाफ नए चक्र की शुरुआत हमारे खिलाड़ियों और प्रशंसकों को बेहतरीन क्रिकेट देखने का मौका देगी।

विचार | भारतीय तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने कार्यभार प्रबंधन का समर्थन किया

पूरे साल फिटनेस के लिए 'ब्रेक' लेना जरूरी

बेंगलुरु, एजेंसी

भारत के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने रविवार को खिलाड़ियों को खेल से कभी-कभी ब्रेक (खेल से विश्राम) लेने का समर्थन करते हुए कहा कि आधुनिक क्रिकेटरों के लिए पूरे साल अपनी फिटनेस बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले महीने समाप्त हुई पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के केवल तीन टेस्ट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट जगत में कार्यभार प्रबंधन (चोट और थकान से बचने लिए) चर्चा का विषय बन गया है।

शारदुल ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा मैं इन सवालों की सराहना करता हूं। कोई भी वास्तव में आकर हमसे नहीं पूछता कि इतने महीनों तक खेलने के बाद हमारे शरीर को कैसा महसूस होता है। कई बार हमें हल्के में लिया जाता है और इससे जुड़ा प्रबंधन शीर्ष स्तर का नहीं होता है।

दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की अगुवाई करने के बाद ठाकुर ने कहा मैं फिजियो और एसएनसी (स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच) के साथ लगातार काम करके अपने शरीर को प्रबंधित कर रहा हूं, क्योंकि यह क्रिकेट खेलने के बारे में है। ठाकुर ने कहा कि इस युग के खिलाड़ियों का कार्यक्रम काफी व्यस्त होता है। ऐसे में उन्हें कुछ समय के लिए आराम की जरूरत होती है। इस तेज गेंदबाज हरफनमौला ने कहा मैं यह नहीं कह रहा हूं कि आप खुद को खेल से दूर रखें लेकिन मैचों के बीच में ब्रेक जरूरी होता है। आधुनिक क्रिकेट में एक खिलाड़ी के लिए पूरे साल फिटनेस बनाए रखना एक निरंतर चुनौती होगी। यह कठिन है।''

इस 33 साल के खिलाड़ी ने कहा कि एक बार जब खिलाड़ी खेल में प्रवेश कर लेते हैं, तो उन्हें अपना 100 प्रतिशत देने से पीछे नहीं हटना चाहिए। शारदुल ने कहा एक बार जब आप मैच से जुड़ जाते हैं, तो आप कार्यभार प्रबंधन के बारे में बात नहीं कर सकते, क्योंकि खेल की स्थिति भी हावी हो जाती है।

शार्दुल ठाकुर। एजेंसी

घरेलू पिचों पर उठाए सवाल

- शार्दुल ठाकुर दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की पिच से खुश नहीं दिखा। यहां स्पिनरों ने तीन पारियों में कुल 28 में से 20 विकेट चटाये। वह इस पिच पर ज्यादा कुछ नहीं था। देश में घरेलू क्रिकेट खेलते समय हमेशा यह शिकायत रहती है कि हमें ऐसी पिचें नहीं मिलती जहां तेज गेंदबाज एक मैच में 40 ओवर तक गेंदबाजी कर सकें। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में ऐसी पिच तैयार करने पर जोर जहां जहां बल्लेबाज, स्पिनर और तेज गेंदबाज के लिए मदद हो। उन्होंने कहा, बल्लेबाजों और स्पिनरों के लिए बराबर मौका हो।